**भोपाल**

**सोमवार, 29 दिसंबर 2025**

पौष मास शुक्ल पक्ष –10
वर्ष : 12, अंक : 269
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**
अधि. 23
न्यून. 07



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव किसानों के खातों में भावांतर राशि अंतरण करते हुए

**सीहोर में बड़ा हादसा: कुए में ब्लास्टिंग के लिए ले जा रहा था डेटोनेटर, एफएसएल टीम कर रही जांच**

# चलती बाइक में हुआ ब्लास्ट, युवक के चीथड़े उड़े


घटना के बाद क्षतिग्रस्त बाइक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर-इछावर

रामनगर-इछावर के बीच सड़क पर चलती बाइक में अचानक ब्लास्ट हो गया। जिसमें बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। ब्लास्ट इतना जबरदस्त था कि मृतक का शरीर घटना स्थल से करीब सौ फीट दूर जाकर गिरा। इस दौरान शरीर के चीथड़े उड़ गए। साथ ही बाइक जलकर खाक हो गई।

बताया जा रहा है कि मृतक कुए में ब्लास्टिंग का काम करता था और वह इसके लिए डेटोनेटर लेकर जा रहा था। हादसा रविवार सुबह करीब 10 बजे का है। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू ▶▶ शेष पेज 6 पर

### धमाके से शरीर पूरी तरह क्षत-विक्षत हो गया


घटना स्थल पर जांच करती हुई पुलिस

### युवक के शरीर का कमर के नीचे का हिस्सा उड़ गया

एसडीओपी रोशन जैन ने बताया कि विस्फोट के कारण युवक के शरीर का कमर के नीचे का हिस्सा गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। भोपाल की एफएसएल टीम ने घटनास्थल का मुआयना किया है।

**जावरा में हुआ सोयाबीन भावांतर राशि अंतरण का राज्य स्तरीय सम्मेलन**

# 3.77 लाख सोयाबीन उत्पादक किसानों को मिली 810 करोड़ रुपए की भावांतर राशि



**सीएम डॉ. यादव बोले नए वर्ष 2026 को हमने अन्नदाताओं के कल्याण को ही समर्पित किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को 3.77 लाख सोयाबीन उत्पादक किसानों के बैंक खातों में 810 करोड़ रुपए की भावांतर राशि का अंतरण किया। उन्होंने कहा कि नए वर्ष 2026 को हमने अन्नदाताओं के कल्याण को ही समर्पित किया है। अगले वर्ष हम कृषि उत्सव मनाएंगे। किसान भाइयों की समृद्धि का उल्लास मनाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस भावांतर राशि को मिलाकर हमारी सरकार अब तक प्रदेश के 6.25 लाख से अधिक सोयाबीन उत्पादक किसानों को करीब 1300 करोड़ रुपए की भावांतर राशि का भुगतान कर चुकी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को रतलाम जिले के जावरा में सोयाबीन भावांतर भुगतान योजना के तहत किसानों को भावांतर राशि वितरण के लिए आयोजित राज्य स्तरीय सम्मेलन में बोल रहे ▶▶ शेष पेज 6 पर

### जनता से जो वादा किया, वह पूरा करके भी दिखाया

मुख्यमंत्री ने कहा कि आधुनिक तरीके से खेती, कृषि विस्तार सेवाएं और नई-नई तकनीकों को हम गांव-गांव तक पहुंचाएंगे, जिससे किसान भाई अपनी खेती-किसानी को और बेहतर बनाने के लिए सही समय पर सही निर्णय ले सकें। उन्होंने कहा कि हमने प्रदेश की जनता से जो वादा किया, वह पूरा करके भी दिखाया है। प्रदेश के विकास का यह कारवां कभी रुकेगा नहीं। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि जावरा के डॉ. लक्ष्मीनारायण पांडे एक ऐसा व्यक्तित्व है, जिनके कृतित्व से क्षेत्र आलोकित हुआ है। डॉ. पांडे ने अपने परिश्रम से जन सेवा की मिसाल कायम की है। कृषि मंत्री एंदल सिंह कंषाना ने कहा कि मुख्यमंत्री ▶▶ शेष पेज 6 पर

**बवाल और सवाल : राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह की पोस्ट पर कांग्रेस दो-फाड़, पार्टी के ही नेताओं ने उन्हें घेरा**

# खुर्शीद: मजबूत तो डाकू भी क्या उससे सीखें, भाजपा-यह टुथ बम

**खुर्शीद ने कहा कि दिग्विजय से जवाब मांगा जाना चाहिए**

*पूर्व सीएम सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी एक आंदोलन की पार्टी है और रहनी चाहिए, लेकिन उस आंदोलन को वोटों में बदलने में कांग्रेस असफल रहती है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह की पोस्ट पर कांग्रेस दो-फाड़ हो गई है। इस पोस्ट को लेकर वे पार्टी के भीतर फिर घिर गए हैं। संघ और भाजपा की तारीफ वाली पोस्ट पर वरिष्ठ पार्टी नेता सलमान खुर्शीद ने कहा है कि मजबूत तो डाकू भी होता है। क्या अब मजबूती डाकू से सीखनी होगी? खुर्शीद ने कहा कि दिग्विजय से उनकी पोस्ट पर जवाब मांगा जाना चाहिए।

गौर हो कि दिग्विजय सिंह ने नरेंद्र मोदी, अटल बिहारी वाजपेयी और लाल कृष्ण आडवाणी की एक पुरानी तस्वीर पोस्ट करके उसे एक कैप्शन दिया था। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और जयराम रमेश को भी टैग किया था। इस पोस्ट को कांग्रेस नेतृत्व पर अप्रत्यक्ष रूप से किया गया तंज और संघ-भाजपा संगठन की ताकत ▶▶ शेष पेज 6 पर

### दिग्विजय बोले मैं संघ का विरोधी पर उनकी संगठन क्षमता का प्रशंसक



**सिंह को आड़े हाथों लेते हुए पार्टी की ताकत से रूबरू कराया कई नेताओं ने**

**भाजपा ने कहा- कांग्रेस की कलह उजागर, यह तानाशाही नेतृत्व को जवाब देती पोस्ट**

**खेड़ा और खरगे ने कहा**

### कांग्रेस को संघ से सीखने की कोई जरूरत नहीं

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने



कहा कि मैं दिग्विजय सिंह की बात से सहमत नहीं हूं। गोडसे के समर्थक गांधी के समर्थक नहीं हो सकते। कांग्रेस ▶▶ शेष पेज 6 पर

**पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद ने कहा**

### हम संघ के जैसे खुद को मजबूत नहीं करना चाहते



पूर्व विदेश मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद ने कहा कि एक डाकू भी ताकतवर होता है। तो, क्या आप अपने ▶▶ शेष पेज 6 पर

### सिर्फ थरूर का मिला दिग्विजय को साथ

कांग्रेस नेता शशि थरूर ने दिग्विजय सिंह के बयान पर



कहा कि मैं भी चाहता हूं कि हमारा संगठन मजबूत हो। हमारे संगठन में अनुशासन होना चाहिए। दिग्विजय सिंह खुद इसका उदाहरण हैं। हमारी पार्टी का 140 साल का इतिहास है। हम इससे ▶▶ शेष पेज 6 पर


राष्ट्रपति मुर्मू पनडुब्बी में खड़े होकर अभिवादन करते हुए

**नौसेना के इतिहास में एक विशेष क्षण**

# राष्ट्रपति मुर्मू ने नौसैनिक पनडुब्बी आईएनएस वाघशीर पर की यात्रा

**ऐसा करने वाली वे देश की दूसरी राष्ट्रपति**


एजेंसी ▶▶ कारवार (कर्नाटक)

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रविवार को भारतीय नौसेना की स्वदेशी रूप से निर्मित कलवरी श्रेणी की पनडुब्बी आईएनएस वाघशीर पर सवार हुईं। भारत की सशस्त्र सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रविवार को कर्नाटक के कारवार नौसैनिक अड्डे पर पहुंची थीं। राष्ट्रपति की यह यात्रा भारतीय नौसेना की क्षमता और आत्मनिर्भर भारत के रक्षा निर्माण कार्यक्रम का सशक्त प्रतीक मानी जा रही है। राष्ट्रपति ने नौसेना प्रमुख समेत ▶▶ शेष पेज 6 पर

**मुरैना में खेल-खेल में हादसा**

## नाबालिग से चल गई राइफल, एक की मौत

**मुरैना।** पोरसा में 10 साल के बच्चे की गोली लगने से मौत हो गई। ये घटना तब हुई, जब एक दूसरा लड़का राइफल से खेल रहा था। दरअसल, संजय गांधी स्कूल के पास लोकेंद्र तोमर का मकान है। यहां में 10 साल का ऋषभ तोमर माता-पिता के साथ किराए पर रहता था। मकान मालिक लोकेंद्र का 14 वर्षीय बेटा लाइसेंसी राइफल खेल रहा था, तभी गोली चली और हादसा हो गया। घटना शनिवार रात करीब 8 बजे की ▶▶ शेष पेज 6 पर



ऋषभ तोमर (मृतक)

■ लाइसेंसी राइफल घर में लोडेड अवस्था में थी

**रील की सनक ने ली फिर जान**

## 'रील' बनाने के चक्कर में युवक तालाब में डूबा

**गंजबासौदा।** इंस्टाग्राम पर रील बनाने का क्रेज और वीडियो पर व्यूवर्स पाने की होड़ के चलते एक युवक ने अपनी जान गंवा दी। मृतक युवक त्योंदा तहसील के ग्राम बंजरिया का मूल रूप से निवासी है और उसने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अभी तक 70 पोस्ट ही शेयर किए थे, जिसमें उसके व्यूवर्स मिलियन तक पहुंच गए। मृतक युवक का नाम है देव पुत्र कमलेश तिवारी निवासी ग्राम बंजरिया घटेरा। जो अपने मित्र ▶▶ शेष पेज 6 पर



■ लकड़ी की नाव से रील बनाने पहुंचा था

**सजा कम कराने का दिया झांसा**

## निलंबित डिप्टी कलेक्टर से तीन लाख 'ठग' लिए

**ग्वालियर।** यहां एक डिप्टी कलेक्टर के साथ करीब तीन लाख रुपए की ठगी हो गई। ठगों ने ग्वालियर में रहने वाले डिप्टी कलेक्टर को विभागीय जांच में सजा कम कराने का झांसा देकर किस्तों में 2 लाख 95 हजार रुपए ठग लिए। थाटीपुर थाना क्षेत्र की न्यू अशोक कॉलोनी में रहने वाले अरविंद सिंह माहौर मुरैना के सबलगढ़ में पदस्थ थे। उन्होंने पुलिस को बताया कि रात करीब 8:17 बजे उनके मोबाइल पर ▶▶ शेष पेज 6 पर



■ ठगों ने सीएम पोर्टल और सीएम ऑफिस का कर्मचारी बताया

**मैदानी इलाकों में देश के टॉप 10 सबसे सर्द शहरों में 7 मप्र के**

# मंदसौर देश में सबसे ठंडा, पारा 2.5 डिग्री, 6 जिले 4 डिग्री के नीचे पहुंचे

**8 जिलों में कोल्ड वेव, भोपाल में पारा 4.8 डिग्री पर थमा**

**भोपाल, राजगढ़, सीहोर, गिरवर (शाजापुर), रीवा, कल्याणपुर (शहडोल), मंदसौर और पचमढ़ी में शीतलहर चली**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में रविवार को कड़ाके की सर्दी का दौर जारी रहा। मंदसौर देश के मैदानी इलाकों में सबसे ठंडा दर्ज हुआ। यहां रात का पारा 2.5 डिग्री रहा। शहडोल 2.8 डिग्री के साथ दूसरे नंबर का सबसे ठंडा शहर रहा।

साथ ही 6 जिलों में रात का पारा 4 डिग्री से नीचे दर्ज हुआ है। इससे प्रदेश में कड़ाके की सर्दी और शीतलहर का असर बरकरार है। भोपाल में रात का पारा 4.8 डिग्री पर थमा रहा, जबकि भोपाल सहित 8 जिलों में शीतलहर का प्रभाव रहा है। मौसम केंद्र के ▶▶ शेष पेज 6 पर



पचमढ़ी में जमी हुई बर्फ...कार की छत व घास पर

### देश में यह शहर सबसे ठंडे

रविवार को देश में सबसे कम न्यूनतम तापमान में मंदसौर 2.5 के बाद शहडोल 2.8, शाजापुर और रीवा 3.2, राजगढ़ 3.5, पचमढ़ी 3.8, नौगांव 4.2, उमरिया 4.5, ▶▶ शेष पेज 6 पर





मध्यभारत में प्रगतिशील
हिंदुत्व के सशक्त स्तंभ
विश्वास
कैलाश सारंग जी
मंत्री मध्यप्रदेश शासन
को
जन्मदिन
की हार्दिक
शुभकामनाएं
29
दिसंबर
राजेश शर्मा
सुर्यकांत गुप्ता
अशोक वाणी
आनंद अग्रवाल
नीरज पचौरी
बब्लेश राजपूत
वीरेन्द्र पप्पू राय
प्रकांत तिवारी
मनोज जैन
नितिन पाठक
हेमराज कुशवाह
विमलेश ठाकुर
अविनाश जैन
सुशील वाजपेयी
बधाईकर्ता- समस्त कार्यकर्ता नरेला विधानसभा, भोपाल (म.प्र.)

5 सामूहिक विवाह समारोह सामाजिक समरसता...



10 आदिवर्त संग्रहालय स्थापना वर्षगांठ...





# प्रयागराज 10 घंटे, केरल एक्सप्रेस 9 घंटे देरी से भोपाल आई, स्टेशनों पर ठिठुर रहे यात्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इन दिनों उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मंडल रेल लाइन व स्टेशन क्षेत्र में काम चलने व दिल्ली और उत्तर भारत में बढ़ते कोहरे और शीतलहर के कारण रेल यात्रा प्रभावित हुई है। लंबी दूरी की अधिकांश ट्रेनें अपने निर्धारित समय से देरी से गंतव्य तक पहुंच रही हैं, जिससे यात्रियों को असुविधा हो रही है।

तीखी सर्दी व कोहरे का असर रेल सफर पर भी पड़ रहा है। मौसम सर्द बने रहने से आए दिन ट्रेनें लेट हो रही हैं। रविवार को भोपाल आने वाली करीब 70 फीसदी ट्रेनें देरी से पहुंची। दस घंटे तक की देरी से चल रही ट्रेनों के चलते सुबह आने वाली ट्रेनें शाम में पहुंच रही है, तो वहीं रात में आने वाली ट्रेनें अल-सुबह आ रही हैं। ऐसे में रेल यात्री सहित परिजन भी परेशान हो रहे हैं।

## सुबह आने वाली ट्रेनें शाम को, रात की ट्रेनें पहुंच रही अल-सुबह

**आयोजनों में नहीं पहुंच पा रहे यात्री**

**भोपाल आने वाली 70 फीसदी ट्रेनें लेट, सर्दी में रेल सफर बना मुसीबत**

### मालवा एक्सप्रेस 5:38 घंटे व लश्कर सुपरफास्ट एक्सप्रेस 6.25 घंटे लेट पहुंची



- 14116 प्रयागराज - डॉ. अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस 10 घंटे लेट आई
- 12626 केरला एक्सप्रेस 8:52 घंटे लेट आई
- 12162 लश्कर सुपरफास्ट एक्सप्रेस 6.25 घंटे लेट आई
- 12920 मालवा एक्सप्रेस 5:38 घंटे लेट आई
- 11078 झेलम एक्सप्रेस 3:12 घंटे लेट आई
- 20171 वंदेभारत एक्सप्रेस 2:12 घंटे लेट आई
- 12804 हजरत निजामुद्दीन - विशाखपट्टणम स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस 1:15 घंटे लेट आई
- 22222 हजरत निजामुद्दीन - मुम्बई छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस राजधानी एक्सप्रेस 1: 07 घंटे लेट आई
- 22692 बैंगलुरु राजधानी एक्सप्रेस 0:45 मिनट लेट आई
- 11058 अमृतसर एक्सप्रेस 2:39 घंटे लेट आई
- 12618 हजरत निजामुद्दीन-एर्नाकुलम एक्सप्रेस 1:00 घंटे लेट आई
- 12722 दक्षिण एक्सप्रेस 3:53 घंटे लेट आई
- 18238 छतीसगढ़ एक्स. 1.00 घंटे लेट आई
- 12002 शताब्दी एक्सप्रेस 2.06 घंटे लेट आई
- 12186 रीवांचल एक्सप्रेस 0:33 मिनट लेट आई
- 12156 भोपाल एक्सप्रेस 1:20 घंटे लेट आई
- 12628 कर्नाटक एक्सप्रेस 0:51 मिनट लेट आई
- 11072 कमायानी एक्सप्रेस 1:41 घंटे लेट आई
- 22537 कुशीनगर एक्सप्रेस 2:27 घंटे लेट आई
- 12138 पंजाब मेल 2:21 घंटे लेट आई
- 19490 गोरखपुर - अहमदाबाद एक्सप्रेस 1:31 घंटे लेट आई

## *विदिशा, सांची एवं दीवानगंज स्टेशनों पर ट्रेनों का ठहराव की नई सौगात*

केंद्रीय कृषि, कृषक कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रयासों से सांची, विदिशा और दीवानगंज रेलवे स्टेशनों पर चार प्रमुख ट्रेनों के ठहराव को मंजूरी मिलने के बाद रविवार से यात्रियों को रेल मंत्रालय द्वारा नई ट्रेनों के ठहराव प्रारंभ कर दिया। चौहान ने विदिशा स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव सेवा का शुभारंभ किया। अब विदिशा स्टेशन पर हजरत निजामुद्दीन-यशवंतपुर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस, सांची स्टेशन पर श्री माता वैष्णो देवी कटरा-चेन्नई अंडमान



एक्सप्रेस दीवानगंज स्टेशन पर भोपाल- बिलासपुर-एक्सप्रेस का प्रयोगात्मक ठहराव दिया गया। कार्यक्रम में मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सबसे सर्द रात में पूरे शहर में 1200 पुलिसकर्मी और अधिकारी सड़कों पर उतरे

# कॉम्बिंग गश्त में 1 हजार 82 फरार आरोपी दबोचे, ईरानी डेरा में दबिश के दौरान पथराव हुआ तो पुलिस ने खदेड़ा

### *नए वर्ष के आगमन के पूर्व अपराधों की रोकथाम और कानून व्यवस्था बनाए रखने की कॉम्बिंग गश्त*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में नए वर्ष से पूर्व पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए कॉम्बिंग गश्त की। इससे पहले पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्र ने कमिश्नर कार्यालय परिसर में सभी थानों का बल, रक्षित केंद्र का बल, कमिश्नर कार्यालय स्टाफ को बुलाया।

मिश्र ने बदमाशों की धरपकड़ करने के लिए निर्देशित किया। इसके बाद पुलिस टीम अपने क्षेत्रों में पहुंची और छह घंटे में टीम में मौजूद 1200 जवानों ने 830 स्थाई वारंट, 252 गिरफ्तारी वारंट की तामिली करते हुए 1082 फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया। ईरानी डेरा में कार्रवाई के दौरान लोगों ने विरोध कर पथराव किया। पुलिस ने उनको खदेड़ दिया।

**पुलिस आयुक्त मिश्र ने पुलिस बल को दिए कार्रवाई के निर्देश**

**छह घंटे में 830 स्थाई, 252 गिरफ्तारी वारंट की तामील**

**ईरानी डेरे पर दबिश देकर 24 कुख्यात वारंटियों को किया गिरफ्तार**

**पुलिस कमिश्नरेट की 18वीं कांबिंग गश्त 11232 हो चुके गिरफ्तार**

### रात 11 बजे से सुबह 5 बजे तक अधिकारी करते रहे मॉनिटरिंग



कॉम्बिंग गश्त के दौरान गिरफ्तार किए गए आरोपी।

गश्त के दौरान अतरिक्त पुलिस आयुक्त अवधेश गोस्वामी सहित सभी जोन के पुलिस उपायुक्त, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी और उनकी टीम पूरी रात सक्रिय रही। वरिष्ठ अधिकारियों ने रात्रि गश्त की मॉनिटरिंग की और समय-समय पर मार्गदर्शन भी दिया। रात 11 बजे से गश्त शुरू की गई थी, जो सुबह करीब 5 बजे तक चलती रही। कॉम्बिंग गश्त में 121 पेंडिंग मामलों में फरार आरोपी, 27 वाहन चोर, 16 जिला बदर एवं 14 नकबजन समेत 178 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

### *ईरानी डेरा पर दबिश, रहवासियों के विरोध पर पुलिस ने किया काबू*

कमिश्नर हरिनारायण चारी मिश्र ने बताया कि कुछ दिनों से अमन कॉलोनी, ईरानी डेरा में वारंटियों और फरार बदमाशों के छिपे होने की सूचना मिल रही थी। कॉम्बिंग गश्त में योजनाबद्ध ढंग से ईरानी डेरा में रहने वाले बदमाशों की धरपकड़ की कार्रवाई की गई। कार्रवाई जोन-4 मयूर खंडेलवाल, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त जोन-4 और मलकीत सिंह, सहायक पुलिस आयुक्त निशातपुरा के नेतृत्व में की गई।



थाने में गिरफ्तार आरोपियों के साथ पुलिस।



कमिश्नर कार्यालय परिसर में निर्देश देते मिश्र।

### बाहर से आई पुलिस ने भी किया सहयोग

*पुलिस टीम तड़के ईरानी डेरा पहुंची और दबिश देकर वहां से 55 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान पुलिस टीम का विरोध रहवासियों और व्यक्तियों और महिलाओं ने किया। इस दौरान पुलिस पार्टी पर पथराव भी किया गया। हालांकि पुलिस ईरानी डेरा में पूरी तैयारी के सथ पहुंची थी। इस वजह से स्थिति पर काबू पा लिया गया। कार्रवाई में बाधा पहुंचाने वालों पर भी शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का प्रकरण दर्ज किया है। गिरफ्तार आरोपियों में दूसरे राज्य के अपराधी भी शामिल हैं, जिनकी तलाश संबंधित थाना पुलिस कर रही थी। पुलिस की धरपकड़ कार्रवाई में बाहर से आई पुलिस ने भी सहयोग किया। इधर, सुरक्षा के लिहाज से पुलिस ने इरानी डेरा और आसपास पुलिस बल तैनात कर रखा है।*

### यह सामान जब्त किया

- संदिग्ध चोरी की 21 बाइक (बिना नबंर प्लेट )
- 51 मोबाइल, एक टेबलेट
- विदेश मुद्राओं के नोट (9 यूएस डालर, एक ईरानी रियाल, राशि 10 हजार) , नकली पिस्टल
- फर्जी पत्रकार होने सबंधी माइक और आईडी
- वाहनों की नबंर प्लेट, जो मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार राज्य की है (संभवतः) फर्जी है।

### जोनवार वारंट तामील

- जोन- 1 थाना हबीबगंज पुलिस ने 63 फरार वारंटी गिरफ्तार किए।
- जोन- 2 थाना बाग सेवनिया पुलिस ने 65 आरोपियों को गिरफ्तार किया।
- जोन- 3 थाना हनुमानगंज पुलिस ने 73 आरोपियों को गिरफ्तार किया।
- जोन- 4 थाना निशातपुरा पुलिस ने 31 स्थाई एवं 24 गिरफ्तारी वारंटी समेत 55 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

### कानून तोड़ने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

## मॉल, बाजार, होटल, पिकनिक स्पॉट मंदिरों में तैनात रहेगी एडिशनल फोर्स

***नए साल पर मध्यप्रदेश पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था मप्र के डीजीपी मकवाणा ने दिए दिशा निर्देश***

***अशांति फैलाने वाले तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी***

***सुरक्षा और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए पुलिस पूर्ण मुस्तैदी के साथ तैनात रहेगी***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नए साल 2026 के दौरान प्रदेश में कानून-व्यवस्था और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने समस्त जिला पुलिस अधीक्षकों को विशेष निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने पूरे प्रदेश में रविवार शाम से 1 जनवरी की रात तक सघन चेकिंग और गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए है। पुलिस अधिकारियों एवं मैदानी बल की सक्रियता से असामाजिक एवं उपद्रवी तत्वों पर नियंत्रण रहा था। इस वर्ष भी प्रदेश में कानून-व्यवस्था, आमजन की सुरक्षा और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए पुलिस पूर्ण मुस्तैदी के साथ तैनात रहेगी।

डीजीपी कैलाश मकवाणा ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी रैंक के फील्ड अधिकारी स्वयं सड़कों पर उतरकर सुरक्षा व्यवस्था का नेतृत्व करेंगे। प्रमुख चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की अधिक तैनाती रहे। शराब पीकर वाहन चलाने, तेज रफ्तार ड्राइविंग, छेड़खानी और महिलाओं के साथ होने वाली अभद्रता को रोकने के लिए पुलिस द्वारा जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि पहलगाम घटना तथा ऑपरेशन संदूर के मद्देनजर मॉल, बाजार, होटल, रिसॉर्ट, पिकनिक स्पॉट (नदी, बांध, झील) और मंदिरों में भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए अतिरिक्त बल तैनात करे। गुंडा-बदमाशों और अशांति फैलाने वाले तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जाए। किसी भी अप्रिय स्थिति उत्पन्न होने से पहले ही नियंत्रित करने की रणनीति पर काम किया जाए।



### *एसबी को भी किया अलर्ट, वीवीआईपी मूवमेंट पर भी रहेगी नजर*

डीजीपी ने वीवीआईपी/ वीआईपी सुरक्षा सहित सभी मोर्चों पर सुरक्षा व्यवस्था के प्रति पूर्ण सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। मकवाणा ने जिलों में होने वाली किसी भी महत्वपूर्ण घटना की जानकारी तत्काल पुलिस मुख्यालय को साझा करने के निर्देश दिए। साथ ही विशेष शाखा (एसबी) द्वारा जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश भी दिए हैं।

### आवाजाही में बढ़ी दिक्कत

## डीआईजी बंगला चौराहे पर तीन दिन से पाइपलाइन लीकेज, रोड पर जलभराव



डीआईजी बंगला चौराहे के पास मेन रोड पर जलभराव की स्थिति बन गई है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पुराने शहर के डीआईजी बंगला चौराहे पर बीते तीन दिनों से कोलार की पाइप लाइन में लीकेज होने के कारण मेन रोड पर जलभराव की स्थिति बनी हुई है। सड़क पर लगातार बह रहे पानी से आम लोगों की आवाजाही प्रभावित हो रही है।

क्षेत्र में मेट्रो रेल परियोजना का निर्माण कार्य चल रहा है, जिससे सड़क पहले ही संकरी हो चुकी है। ऐसे में जलभराव के कारण दिनभर यातायात बाधित रहता है और वाहन चालकों को जाम का सामना करना पड़ रहा है। रहवासी नसीम कुरैशी ने बताया कि वाहन चालकों के फिसलने का खतरा बना हुआ है, वहीं पैदल चलने वालों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थानीय रहवासियों के अनुसार लीकेज की जानकारी नगर निगम और जलकार्य विभाग को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक सुधार कार्य शुरू नहीं हो पाया है। नगर निगम जोन-4 के जल कार्य विभाग के सहायक यंत्री आदित्य शर्मा का कहना है कि उन्हें डीआईजी बंगला क्षेत्र में पाइप लाइन में लीकेज की जानकारी नहीं है। अगर ऐसा हो रहा है तो वे तत्काल सुपरवाइजर से जानकारी लेकर लीकेज को दुरुस्त करवाएंगे।

### 22 दिसंबर को लगाई थी फांसी, प्रबंधन ने कराया था अस्पताल में भर्ती

## निर्भया फाउंडेशन में आत्महत्या का प्रयास करने वाली मूकबधिर महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्यामला हिल्स थाना क्षेत्र स्थित निर्भया फाउंडेशन में फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास करने वाली मूकबधिर महिला की इलाज के दौरान हमीदिया अस्पताल में मौत हो गई। गत 22 दिसंबर की दोपहर उन्होंने फांसी लगाई थी। इसके बाद से ही वह बेसुध थी और उनका इलाज हमीदिया अस्पताल में चल रहा था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। परिजन उनका शव लेकर कुरवई, जिला विदिशा चले गए।

### *एक वर्ष से संस्था में रह रही थी परिवार में पति के अलावा हैं दो बच्चियां*

पुलिस के अनुसार ममता इंगले पति बलराम इंगले (32) कुरवाई, जिला विदिशा की रहने वाली थी। वह मूकबधिर थी, लेकिन उन्हें सुनाई देता था। करीब एक वर्ष से वह निर्भया फाउंडेशन श्यामला हिल्स में रह रही थी। उनके परिवार में पति के अलावा दो बच्चियां है। परिवार उनसे अक्सर मिलने आता था। गत 22 दिसंबर की दोपहर करीब एक बजे ममता इंगले ने निर्भया फाउंडेशन में फांसी लगा ली। नजर पड़ते ही वहां के कर्मचारियों ने उन्हें फंदे से उतारा और हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे थे। वहां इलाज चल रहा था। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ममता के बयान दर्ज करने चाहे, लेकिन बेसुध होने से बयान देने की स्थिति में नहीं थी। शनिवार देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### मानव भवन के पास झुग्गियों को हटाने की आज हो सकती है कार्रवाई

**भोपाल।** श्यामला हिल्स स्थित मानस भवन के पीछे राजस्व भूमि पर रह रहे आदिवासी परिवारों को हटाने की कार्रवाई प्रशासन सोमवार को शुरू कर सकता है। जिला प्रशासन के अनुसार इन परिवारों को भानपुर से आगे मालीखेड़ी में विस्थापित किया जा रहा है, जहां नगर निगम द्वारा बनाए गए फ्लैट उन्हें आवंटित किए गए हैं। 27 झुग्गी परिवारों को मालीखेड़ी में स्थित प्रधानमंत्री आवास आवंटित किए जा चुके हैं।

### ऊपरी मंजिल पर रहने वाले परिवार हुए परेशान

## कोटरा सुल्तानाबाद में पीएम आवास के 9 मंजिला भवन की दो लिफ्ट 5 घंटे रहीं बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के कोटरा सुल्तानाबाद स्थित गंगा नगर में रविवार को पीएम आवास योजना के तहत बनी बहुमंजिला भवनों की दो लिफ्ट पांच घंटे बंद रही। इससे रहवासी नाराज हो गए और उन्होंने निगम के अधिकारियों को इसकी सूचना दी। करीब 12 बजे यह लिफ्ट बिजली का कनेक्शन काट दिए जाने के कारण बंद हो गईं।

मामला अधिकारियों के संज्ञान में आया, तब पांच घंटे बाद यानि शाम पांच बजे लिफ्ट चालू हुईं। इस दौरान रहवासियों को सीढ़ियों से चढ़ना-उतरना पड़ा।

रहवासियों ने बताया कि रविवार को सी-1 और सी-3 ब्लॉक की दोनों लिफ्टें करीब पांच घंटे तक बंद रहीं। 9 मंजिला मल्टी में रहने वाले बुजुर्ग, महिलाएं और बीमार लोगों को आवाजाही में परेशानी उठानी पड़ी। सी-1 ब्लॉक के फ्लैट नंबर-602 में रहने वाले परशुराम कुम्हारे ने बताया कि दोपहर करीब 12 बजे अचानक लिफ्ट बंद हो गई।

लिफ्ट मैन से जानकारी लेने पर पता चला कि नगर निगम ने बिजली का बिल जमा नहीं किया था, जिसके कारण बिजली कंपनी ने कनेक्शन काट दिया। कुम्हारे ने बताया कि उनकी पत्नी का हाल ही में ऑपरेशन हुआ है और वे स्वयं भी 62 वर्ष के हैं। ऐसे में बार-बार सीढ़ियों से ऊपर-नीचे आवाजाही करना मुश्किल भरा रहा।

इस संबंध में नगर निगम के अपर आयुक्त तन्मय शर्मा का कहना है कि गंगा नगर में लिफ्ट बंद होने का मामला संज्ञान में नहीं आया है। अगर ऐसा है तो समस्या का समाधान करवाया जाएगा। यहां रहने वाले रहवासियों को हर जरूरत की सुविधा मुहैया कराई जाएगी।

### नगरीय क्षेत्रों में अधोसंरचना निर्माण योजना के तहत मिलेंगे 26 करोड 44 लाख

## शहर के वार्डों में बनेगीं सीसी सड़कें, पार्क संवरेंगे, बनेगा सामुदायिक भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के 28 वार्डों में अधोसंरचना निर्माण योजना के तहत जल्द ही कहीं सीसी सड़कें तो कहीं पार्कों का सौंदर्यीकरण और सामुदायिक भवन को सर्वसुविधायुक्त बनाया जाएगा। संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास ने वर्ष 2025-26 के लिए प्रदेशभर के नगरीय निकायों के लिए 26 करोड़ 44 लाख रुपए मंजूर किए हैं।

इसके तहत भोपाल नगर निगम के 28 वार्डों में विकास कार्यों के लिए राशि मंजूर की गई है। हाल में वार्डों में होने वाले कामों की राशि की सूची भी जारी की गई है।



फाइल फोटो।

### वार्डवार कामों के लिए राशि की जारी की सूची

जारी सूची के अनुसार वार्ड-7 से 18 एवं 21 में विभिन्न अधोसंरचना के काम के लिए 2 करोड़, वार्ड-52 के बावड़िया कलां में मांगलिक भवन में कोटा पत्थर का फर्श और मेन गेट का निर्माण, जोन-13 में 6000 वर्गफ़िट में पार्क का सौंदर्यीकरण करीब 3 करोड़ रुपए से होगा। वार्ड-64 सोनागिरी में चिंताहरण मंदिर के पास शेड और प्लेटफार्म 9 लाख रुपए, वार्ड-74 में नाली निर्माण 24 लाख, वार्ड-31 तुलसी नगर के पार्क और खेल मैदान के सौंदर्यीकरण के लिए 5 लाख, वार्ड-26 सेवनियां गौंड में सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए 5 लाख, वार्ड-7 में सीसी रोड 27 लाख, वार्ड-16 आरिफ नगर स्टेडियम के पीछे सीसी रोड 18 लाख, वार्ड-17 काजीकैंप में सीसी रोड 9 लाख, वार्ड-9 चौकी इमामबाड़ा व पुतलीघर क्षेत्र में सीसी रोड 18 लाख, वार्ड-14 में सीसी रोड 18 लाख और वार्ड नंबर-19,20,22 और 23 में सीसी रोड के लिए 20 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं।

### अष्टमी पर नेवरी मंदिर में विशेष अनुष्ठान, बड़ी संख्या में धार्मिक आयोजन में मौजूद रहे श्रद्धालुगण

# काल भैरव को लगाया जलेबी, मीठे पुए का विशेष भोग


काल भैरव मंदिर में चढ़ाया भोग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के नेवरी स्थित काल भैरव मंदिर में पौष माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि पर विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस मौके पर भगवान काल भैरव का विशेष अभिषेक और श्रृंगार किया गया। काल भैरव को मीठी रोटी, जलेबी और मीठा पुए का भोग लगाया गया। मंदिर के पंडित दीपक तिवारी ने बताया कि मध्य रात्रि में मठ के महंत कैलाश दास पंडा भैरव तंत्र की आराधना करते हैं। इस मौके पर मां चामुंडा दरबार भोपाल पुजारी पंडित रामजीवन दुबे विशेष रूप से मौजूद थे। बड़ी संख्या में भक्त सरसों का तेल, काले तिल, फूल और नारियल अर्पित कर काल भैरव बाबा से अपनी मन्नत मांगी।

## स्थापना दिवस पर सांईधाम में पांच क्विंटल खिचड़ी वितरित


सांई मंदिर में मौजूद श्रद्धालु।

**भोपाल।** साईं कृपा सेवा समिति एवं न्यास द्वारा साईं धाम नेहरू नगर का 32वां स्थापना दिवस रविवार धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर भारत माता एवं शहीदों की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित कर 101 दीप जलाए गए। न्यास के सचिव प्रमोद नेमा ने बताया प्रातः 9 बजे अभिषेक, हवन पूर्णाहूति, महाआरती हुई। सायंकाल दाल चावल एवं सब्जियों से बनी पांच क्विंटल खिचड़ी का वितरण हुआ। साथ ही मंदिर में आने वाले समस्त श्रद्धालुओं को खजाना बांटा गया। इसके बाद भजन संध्या एवं महंत कन्हैया दास, पंडित रामजीवन दुबे, महंत अनिलानंद महंत, श्रीनाथ योगी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृंखला आयोजित

# गुरु घासीदास जयंती पखवाड़ाः कोलार से निकली विशाल शोभायात्रा, सर्वधर्म समरसता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इन दिनों राजधानी में संत गुरु घासीदास जयंती पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी के तहत रविवार को कोलार से विशाल शोभायात्रा निकली गई। इसमें सर्वधर्म समरसता का संदेश दिया।

इस अवसर पर विशाल शोभायात्रा के साथ-साथ सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं समाजजन शामिल हुए। समाज के अध्यक्ष पूरन सतनामी ने बताया कि गुरु घासीदास जी के विचार आज भी समाज को सही दिशा दिखाने वाले हैं। उन्होंने मानवता, अहिंसा और सामाजिक समरसता का जो संदेश दिया, वह आज के समय में और अधिक प्रासंगिक हो गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रामेश्वर शर्मा,विशेष अतिथि के रूप में विधायक विष्णु खत्री शामिल हुए।


शोभायात्रा में शामिल हुए श्रद्धालु।

**विशाल भंडारे का हुआ आयोजन**

इस मौके पर भजन-कीर्तन, पूजन-अर्चन, प्रवचन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर अमृत पाटले, हेमनदास, कन्हैया यादव, दर्शन प्रसाद कोसले, प्रेम सतनामी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

### ट्रेनों में दिव्यांग रियायत कार्ड के लिए करें आवेदन

**भोपाल।** रेल मंडल ने रेलवे दिव्यांग रियायत कार्ड के लिए ऑनलाइन आवेदन सुविधा शुरू की है। कई दिव्यांगों अभी भी इसी जानकारी न होने से लाभ नहीं ले पा रहे हैं। मंडल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी के मार्गदर्शन में भोपाल रेल मंडल ने शारीरिक रूप से दिव्यांग यात्रियों की सुविधा और यात्रा को आसान बनाने के लिए भोपाल रेल मंडल लगातार प्रयासरत है। इसी के तहत ऐसे दिव्यांगों के लिए एक विशेष टीम बनाई गई है, जो कि दिव्यांगों को जल्द से जल्द कार्ड बनाकर दे रही है। दिसंबर मा तक एक हजार से अधिक लोगों को रेलवे दिव्यांग रियायत कार्ड जारी किए गए हैं। इन रियायत कार्डों के माध्यम से दिव्यांग यात्रियों को किराए में छूट के साथ-साथ नियमानुसार परिचारक के साथ यात्रा करने की सुविधा प्रदान की जाती है। भोपाल रेल मंडल का यह कदम सरकार द्वारा दी जा रही रियायतों का लाभ अधिक से अधिक योग्य यात्रियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से उठाया गया है। दिव्यांग रियायत कार्ड बनवाने के लिए दिव्यांग यात्रियों को जिला चिकित्सा अधिकारी द्वारा जारी चिकित्सा प्रमाण पत्र, एक पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, और रियायत प्रमाणपत्र, को वेबसाइट पर अपलोड करना होता है। सभी दस्तावेजों के वेरिफिकेशन के बाद कार्ड जारी किया जाता है।




### बिजली के पोल लगाने का काम अधूरा, बन रही है नाली, पानी के इंतजाम नहीं

# जहां आरा मशीनों की होना है शिफ्टिंग वहां अब तक इंफ्रास्ट्रक्चर ही तैयार नहीं

**खास बातें**

- पुल पातरा पर लगातार आग लगने की घटनाओं के बाद भी लापरवाही
- 108 मशीनों की डेढ़ माह में शिफ्टिंग की बात कह रहे हैं जिला प्रशासन के अधिकारी
- गुना की एजेंसी को दिया है काम, आग की घटना के बाद रविवार को मजूदर काम में लगे थे


छोटा रातीबड़ में चल रहा निर्माण कार्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के पुल पातरा स्थित टिंबर मार्केट को शहर से दूर शिफ्टिंग करने की तैयारी 1975 से चल रही है, बावजूद इसके यह काम 45 साल बाद भी नहीं हो सका। कई सरकारें बदल गईं और जनप्रतिनिधि भी, लेकिन हालात जस के तस हैं। 48 दिन में दो बड़ी आग लगने और पांच साल में 12 आग लगने की घटनाएं हो चुकी हैं। वर्तमान में टिंबर मार्केट को शहर से दूर अरवलिया के पास छोटा रातीबड़ में जहां शिफ्ट किया जाना है वहां इंफ्रास्ट्रक्चर ही तैयार नहीं है। रविवार को हरिभूमि की टीम मौके पर पहुंची तो सड़कें तो बनी दिखीं, लेकिन बिजली, पानी का कोई इंतजाम नहीं था। मजदूर नाली बनाने मे लगे थे। पूछने पर बताया कि सब काम हो गया है, केवल नाली बनना है। जबकि वास्तविकता यह है कि मूलभूत सुविधाएं मौजूद नहीं हैं।

आरा मशीनों की शिफ्टिंग छोटा रातीबड़ में 18 एकड़ जमीन पर होना है। यहां बीते दो माह से रोड बनाने का काम चल रहा था जो लगभग तो पूरा हो गया है, लेकिन बिजली के खंभे लगाने का काम अधूरा है। नाली बनाने का काम जरूर रविवार को तेजी से होता नजर आया। पीने के पानी का कोई इंतजाम नहीं है। जबकि परवलिया से छोटा रातीबड़ को जोड़ने वाले संकरे रोड से आवाजाही में भी दिक्कतें आ सकती हैं।

**सहमति पहले ही दे चुके हैं, इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार हो**

भोपाल टिंबर मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष बदर-ए-आलम ने बताया कि हम तो शिफ्टिंग के लिए पहले ही सहमति दे चुके हैं। छोटा रातीबड़ में मूलभूत सुविधाएं तो मुहैया होना ही चाहिए। बिना बिजली, पानी और रोड के वहां शिफ्ट होना तो मुश्किल है।


छोटा रातीबड़ में चल रहा निर्माण कार्य।

**बुनियादी सुविधाओं के लिए मेट्रो से मिले हैं 5.85 करोड़**

छोटा रातीबड़ में मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाने के लिए मेट्रो कंपनी ने 5.85 करोड़ दिए हैं। लघु उद्योग निगम के अधिकारियों का तर्क है कि सड़क व नाली बन चुकी है। जबकि नाली का निर्माण चल रहा है और बिजली के पोल लगाने का काम भी आधा-अधूरा ही है।


छोटा रातीबड़ में चल रहा निर्माण कार्य।

**कलेक्टर और टिंबर व्यवसायियों के बीच हो चुकी है बैठक**

48 दिन पहले टिंबर मार्केट में आग लगने की घटना के बाद टिंबर व्यवसायियों और कलेक्टर के बीच शिफ्टिंग को लेकर चर्चा हो चुकी है। जिसमें व्यवसायियों ने एक साथ सभी दुकानों को छोटा रातीबड़ में शिफ्ट करने की बात कही थी, इस पर सहमति बन गई थी और जनवरी माह तक छोटा रातीबड़ में सभी मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाने को कहा गया था, क्योंकि इन सुविधाओं के बिना टिंबर व्यवसायी वहां जाने को तैयार नहीं हैं।

### पर्यावरण संरक्षण को लेकर दिया संदेश

# मंत्री विश्वास सारंग ने जन्मदिन पर की पौध-रोपण की अपील

प्रत्येक नागरिक को समझना होगी प्रकृति के प्रति अपनी जवाबदेही

आज सारंग वर्चुअली तरीके से मनाएंगे अपना जन्मदिन


फाइल फोटो।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने अपने जन्मदिन के अवसर पर सभी शुभचिंतकों एवं कार्यकर्ताओं से अपना जन्मदिन वर्चुअल और सादगीपूर्ण मनाने की अपील की है। मंत्री श्री सारंग ने सभी से आग्रह किया कि जन्मदिन की शुभकामनाएं देने के लिए पेड़ लगाएं और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को सशक्त करें।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी का सामूहिक दायित्व है और आज के समय में हर नागरिक को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि जन्मदिन पर सोमवार को वर्चुअल तरीके से मनाएंगे। सभी शुभचिंतकों से उन्होंने अनुरोध किया कि वे अपनी शुभकामनाएं सोशल मीडिया ही दे।

**स्वच्छता में तीन पुरस्कारों से सम्मानित समिति के कर्मवीरों का होगा सम्मान**

4 जनवरी की सुबह 10 बजे होगा सम्मान कार्यक्रम, मोहल्ला समिति अध्यक्ष रहेंगे शामिल

अशोका गार्डन स्थित सम्राट कॉलोनी जन कल्याण एवं महासमिति के कर्मवीरों का मंत्री विश्वास सारंग 4 जनवरी को सुबह 10 बजे सम्मान करेंगे। उक्त समिति बीते 15 साल से स्वच्छता के काम में सहयोग कर रही है और स्वच्छता के तीन बड़े अवार्ड भी नगर निगम से मिल चुके हैं। रविवार को समिति के अध्यक्ष अजीज मो खान की अध्यक्षता में हुई बैठक में कर्मवीरों के सम्मान कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। इस बैठक में समिति के एवं मोहल्ला समितियां के अध्यक्ष शामिल हुए।

## ननि एवं पंचायत उप निर्वाचन की सभी तैयारियां लगभग पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

- सचिव राज्य निर्वाचन आयोग ने दी जानकारी

राज्य निर्वाचन आयुक्त मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि नगरीय निकाय एवं पंचायत उप निर्वाचन की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। उप निर्वाचन के लिए मतदान 29 दिसंबर को होगा। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग दीपक सिंह ने जानकारी दी कि नगरीय निकायों में मतदान 29 दिसम्बर को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। मतगणना और निर्वाचन परिणामों की घोषणा 31 दिसम्बर को सुबह 9 बजे से होगी। पंचायतों में मतदान 29 दिसम्बर को सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक होगा। पंच पद के लिए मतगणना मतदान के तुरंत बाद मतदान केन्द्र पर ही होगी।

सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य की विकास खण्ड मुख्यालय पर ईवीएम से की जाने वाली मतगणना 2 जनवरी को सुबह 8 बजे से होगी। इसी दिन सरपंच एवं जनपद पंचायत सदस्य के निर्वाचन परिणामों की घोषणा की जाएगी। जिला पंचायत सदस्यों एवं पंच पद के लिए परिणामों की घोषणा 5 जनवरी 2026 को सुबह 10.30 बजे से की जाएगी।

### वर्ष 2024-25 के लिए स्वीकृत बजट का नहीं कर पाए उपयोग

## निगम के स्पोर्ट्स सेल के पास दो करोड़ का बजट, पूरे साल में खर्च हुए केवल सात लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम के स्पोर्ट्स सेल के लिए खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित करवाने के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए दो करोड रुपए बजट का प्रावधान तो किया, लेकिन साल समाप्त होने के तीन माह बचे, लेकिन अब तक साल लाख रुपए की खर्च हुए। शहर में खेलों को बढ़ावा देने और प्रतिभाओं को खेल में अपना हुनर दिखाने के उद्देश्य से निगम के स्पोर्ट्स सेल में बजट का प्रावधान किया जाता है। चालू वित्तीय वर्ष में जनप्रतिनिधियों ने खेलकूद गतिविधियों का आयोजन करने में रुचि नहीं दिखाई।

पिछली नगर परिषद के कार्यकाल में पूरे साल विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हुई थीं और मैदान खिलाड़ियों से भरे रहते थे। निगम की योजना बच्चों और युवाओं को खेलों से जोड़ने की थी, लेकिन पार्षद अपने-अपने वार्डों में और महापौर शहर के अलग-अलग इलाकों में खेल प्रतियोगिताएं आयोजित नहीं करा सकीं। जनप्रतिनिधियों की निष्क्रियता के चलते यह पहल कागजों तक सिमटकर रह गई।

नगर निगम के अपर आयुक्त हर्षित तिवारी का कहना है कि खेलकूद प्रतियोगिताओं की कार्य योजना तैयार करके महापौर को दी जाती है।

**हर साल पूरा बजट नहीं हो पाता खर्च**

वर्ष 2022-23 में एक करोड़ रुपए के बजट में केवल 2.70 लाख रुपए खर्च हुए। 2023-24 में 2.20 करोड़ के बजट में से 1.33 करोड़ खर्च हुए, लेकिन 2024-25 में स्थिति सबसे खराब रही। अब तक केवल 7 लाख ही खर्च हुए।

### 11 जनवरी को आयोजन, शामिल होंगी तीन टीवी अभिनेत्रियां

# कायस्थम-2026 में सम्मिलित होंगे चक्रपाणि महाराज, ब्रम्हचारी गिरीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कायस्थम मप्र के रविवार 11 जनवरी को राजधानी में होने वाले आयोजन कायस्थम- 2026 में श्री चित्रगुप्त अखाड़ा न्यास मथुरा के प्रमुख स्वामी चक्रपाणि महाराज और महर्षि महेश योगी वैदिक विवि के कुलाधिपति ब्रह्मचारी गिरीश शामिल होंगे।

कार्यक्रम 11 जनवरी की शाम 4 बजे से रवींद्र भवन के अंजनी सभागार में होगा। स्वामी चक्रपाणि महाराज 10 जनवरी की शाम 7 बजे नई दिल्ली से भोपाल आएंगे। मुंबई से आने वाली तीनों टीवी/फिल्म कलाकार भोपाल की निवासी है, जो विगत वर्षों से मुंबई में टेलीविजन, फिल्म और विज्ञापन की दुनिया में सक्रिय है। आयोजन में स्वामी चक्रपाणि महाराज और ब्रह्मचारी गिरीश तथा तीनों टीवी कलाकारों तितिक्षा श्रीवास्तव, सोनिया श्रीवास्तव और शोभिता श्रीवास्तव को कायस्थ गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।


चक्रपाणि महाराज।


ब्रम्हचारी गिरीश।

### प्रदेश के सभी शासकीय महाविद्यालयों को दिए दिशा-निर्देश

# सरकारी कॉलेजों में छात्रों की बनाई जाएगी आभा आईडी, निर्देश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश के सरकारी कॉलेजों में पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों के लिए अब आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत विशेष लाभ मिलने वाला है। इसके तहत प्रदेश के सभी शासकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की (आभा आईडी) बनाई जाएगी। इस संबंध में उच्च शिक्षा विभाग ने सभी शासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों को आवश्यक निर्देश जारी कर किए हैं। हर शासकीय महाविद्यालय में आभा आईडी बनाने के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जा रहा है। साथ ही अंतिम वर्ष में अध्ययनरत दो विद्यार्थियों को एबीडीएम चैंपियन के रूप में भी नामांकित किया जाएगा, जो इस अभियान के सफल क्रियान्वयन में सहयोग करेंगे। नियुक्त नोडल अधिकारी और चैंपियन को आयुष्मान भारत मिशन द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। उच्च शिक्षा विभाग ने सभी सरकारी कॉलेजों से शासन के निर्देशों का गंभीरता से पालन करते हुए विद्यार्थियों के आभा आईडी निर्माण को प्राथमिकता देने को कहा है, जिससे विद्यार्थी डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं से सीधे जुड़ सकें।

**क्या है आभा आईडी?**

यह एक डिजिटल हेल्थ आईडी है। इसके माध्यम से विद्यार्थी अपने स्वास्थ्य से संबंधित सभी जानकारियां जैसे डॉक्टर प्रिस्क्रिप्शन, जांच रिपोर्ट, दवाओं का विवरण आदि को एक ही डिजिटल प्लेटफार्म पर सुरक्षित रख सकते हैं। भविष्य में डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने में यह आईडी अत्यंत उपयोगी साबित होगी।

### भव्य भोजपाल महोत्सव मेले का अब 4 जनवरी को होगा समापन

# भोपाल की संस्कृति का एक अभिन्न हिस्सा बन चुका है भोजपाल महोत्सव मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**बिना किसी सरकारी मदद के स्वदेशी को बढ़ावा देने, सरकार की प्रदर्शनी लगाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनजन तक पहुंचने वाली मेला समिति बधाई के पात्र**

बिना किसी सरकारी मदद के स्वदेशी को बढ़ावा देने और सरकार की प्रदर्शनी लगाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनजन तक पहुंचने वाली मेला समिति बधाई की पात्र है। यह बात प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने राजधानी के भेल दशहरा मैदान पर चल रहे भोजपाल महोत्सव मेले में रविवार शाम बतौर मुख्य अतिथि दीप प्रज्जवलित करते हुए कही। इस मौके पर अध्यक्ष खंडेलवाल ने मेला समिति से बातचीत कर मेला तीन दिन और बढ़ाकर रविवार को समापन करने को कहा। उन्होंने कहा कि इससे शहरवासियों को नए साल में खरीदारी और मनोरंजन के लिए और कहीं जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि मेले में ही धार्मिक आयोजन, खान- पान, मनोरंजन, खरीदारी के साथ ही मंच पर दी जा रही सांस्कृतिक प्रस्तुतियां लोगों को एक पैकेज के रूप में मिल रही है।



भोजपाल मेले का दृश्य।

**भोजपुरी गीतों पर झूम उठे श्रोता, गीतों ने बांधा शमां**

मेला मंच पर रविवार को भोजपुरी नाइट में भोजपुरी गायक करीना पाण्डे ने अपनी प्रस्तुति दी। करीना ने भजनों से गीतों की शुरुआत की, इसके बाद राह चलीला ता टोकेला सोनार राजा जी, कहे नथिया बढ़वा ला उधार राजा जी, प्रेम चीह्नल न आदमी कवन जात के, मिलले राजा रंगबाज़ (केकरा में दम बा), काहे नथिया गढ़वला उधार राजा जी, सवतीन ऐ पीया, मईया बारी सुकवार, डीपी में हमारे फोटो, बहारा में राजा कैसे नींद आवता साहित एक से बढकर एक भोजपुरी गीतों और भजनों की प्रस्तुति दी। वर्तमान में मेले का आलम यह है कि हर रोज यहां पैर रखने तक की जगह नहीं मिल रही है। रोजाना लाखों की संख्या में लोग अपने परिवार और दोस्तों के साथ मेले का आनंद लेने पहुंच रहे हैं। स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल्स हों, विशाल झूले हों या फिर देश के विभिन्न कोनों से आए हस्तशिल्प के सामान- मेले के हर कोने में उत्साह का माहौल है। शाम के समय मेले की लाइटिंग और सजावट सैलानियों को मंत्रमुग्ध कर रही है।

# सामूहिक विवाह समारोह सामाजिक समरसता और मितव्यता का संदेश देने का प्रभावी माध्यम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सामूहिक विवाह समारोह सामाजिक विभेद और फिजूल खर्ची जैसी बुराइयों की जगह सामाजिक समरसता और मितव्यता का संदेश देने का प्रभावी माध्यम हैं। समाज में सभी को ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहित करने में अपना योगदान देना चाहिए। मुख्यमंत्री ने स्वयं का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने भी अपने डॉक्टर बेटे का विवाह सामूहिक विवाह समारोह में ही किया। बिना ऊंच-नीच और जात-पात के भेद के होने वाले सामूहिक विवाह समारोहों का आनंद अद्भुत है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को इंदौर जिले के क्षिप्रा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान गंगा सह 251 जोड़ों के सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति के 16 संस्कारों में पाणिग्रहण संस्कार का विशेष महत्व है। यह संस्कार ही परिवार परंपरा की निरंतरता का आधार बनता है। पाणिग्रहण संस्कार का संतों के सानिध्य और सामूहिक विवाह के आनंद के साथ संपन्न होना विशेष संयोग और सौभाग्य का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हम विवाह और मृत्यु भोज जैसे आयोजनों में फिजूल खर्ची को रोककर अपनी बचत और संसाधनों का उपयोग बच्चों को पढ़ाने-लिखाने और परिवार की बेहतरी में करें। मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की ओर से संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए भी उपस्थित जनसमुदाय को प्रेरित किया।

## सोलह संस्कारों में पाणिग्रहण संस्कार का है विशेष महत्व


सामूहिक विवाह समारोह का दृश्य।

### फिजूल खर्ची रोककर हम अपनी बचत और संसाधनों का उपयोग बच्चों को पढ़ाने लिखाने एवं परिवार की बेहतरी में करें

### मुख्यमंत्री इंदौर के क्षिप्रा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान गंगा सह 251 जोड़ों के सामूहिक विवाह समारोह में हुए शामिल

**यश, कीर्ति, और आनंद प्रदान करने की प्रार्थना की**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुष्प वर्षा कर नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना के साथ ईश्वर से नव विवाहितों को वैभव, यश, कीर्ति, और आनंद प्रदान करने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने नव विवाहित जोड़ों से माता-पिता की सेवा करने और समाज के कल्याण में योगदान देने का आह्वान भी किया। मुख्यमंत्री ने समारोह में नव विवाहित जोड़ों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

### ऐसे आयोजनों से फिजूलखर्ची रूकती है


पुष्पवर्षा करते सीएम।

समारोह में कथा वाचक उत्तम स्वामी जी ने कहा कि मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. यादव भी सामूहिक विवाह कार्यक्रमों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। ऐसे आयोजनों से फिजूलखर्ची रूकती है और समाज में एक अच्छा संदेश भी जाता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने अपने बेटे का विवाह सामूहिक आयोजन में कर पूरे प्रदेश में अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, विधायक एवं हेमंत खंडेलवाल सहित हितानंद शर्मा और बड़ी संख्या में नव विवाहित जोड़ों के परिजन उपस्थित रहे।

## महाराष्ट्र शिक्षण मंडल जबलपुर के शताब्दी समारोह में वर्चुटली शामिल हुए मप्र और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री

# मप्र और महाराष्ट्र का रिश्ता भौगोलिक ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक चेतना और साझी विरासत का

### मुख्यमंत्री ने संस्था के 100 वर्ष पूर्ण होने पर दी बधाइयां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र और महाराष्ट्र के बीच का संबंध केवल भौगोलिक सीमाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संत परंपरा, सांस्कृतिक चेतना और समाज सुधार की साझी विरासत से जुड़ा हुआ है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र में चुनाव की व्यस्तता के बावजूद वे इस कार्यक्रम में शामिल हुए, क्योंकि जहां महाराष्ट्र का नाम और शिक्षण का विषय जुड़ा हो, वहां वे आए बिना नहीं रह सकते। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को जबलपुर में महाराष्ट्र शिक्षण मंडल के शताब्दी वर्ष समारोह को इंदौर से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस, प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह और परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह भी विशेष रूप से मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने संस्था के 100 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई देते हुए कहा कि वर्ष 1926 में स्थापित इस संस्था ने आजादी से पहले और बाद में शिक्षा के क्षेत्र में महती भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज के विचारों के आधार पर बाजीराव पेशवा, शिंदे, होलकर और गायकवाड़ राजवंशों ने मध्यप्रदेश के विकास और संस्कृति के संरक्षण में अहम योगदान दिया है।


शताब्दी समारोह में वर्चुअली शामिल हुए सीएम।

### जबलपुर के विकास की रूपरेखा में फडणवीस का विजनरी योगदान

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि संस्कारधानी जबलपुर के विकास के वर्तमान स्वरूप की नींव रखने में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री फडणवीस की अहम भूमिका रही है। उन्होंने फडणवीस को एक 'विजनरी' नेता बताया। उन्होंने एक पुराना संस्मरण साझा करते हुए बताया कि जब फडणवीस विधायक थे, तब उन्होंने जबलपुर प्रवास के दौरान देर रात 'बड़ा फुहारा' और 'छोटा फुहारा' जैसी घनी बस्तियों का दौरा किया था। उस समय उन्होंने कहा था कि इच्छाशक्ति हो तो जबलपुर तेजी से आगे बढ़ सकता है। परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने अपने संस्मरण साझा किए।

### नई शिक्षा नीति और पीएम एक्सीलेंस कॉलेज

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शिक्षा के क्षेत्र में सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नई शिक्षा नीति को लागू करने में मध्यप्रदेश अग्रणी राज्यों में से एक है। प्रदेश सरकार ने 55 जिलों में 'पीएम एक्सीलेंस कॉलेज' प्रारंभ किए हैं। साथ ही, पाठ्यक्रमों में लोकनायकों और जननायकों की जीवनियों को शामिल किया गया है, जिससे युवा पीढ़ी प्रेरणा ले सके। उन्होंने बताया कि सरकार ने खरगोन में टंट्या मामा विश्वविद्यालय, गुना में तात्या टोपे विश्वविद्यालय और ग्वालियर में रानी अवंतिबाई विश्वविद्यालय शुरू किए हैं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि अब केवल इतिहास पर गर्व करने से काम नहीं चलेगा, बल्कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी तकनीकों के लिए नई पीढ़ी को तैयार करना होगा। फडणवीस ने कहा कि यदि महाराष्ट्र शिक्षण मंडल जबलपुर में मराठी भाषा सिखाने के लिए कोई नया उपक्रम या कोर्स शुरू करता है, तो महाराष्ट्र सरकार उसके लिए आवश्यक निधि और पूरा सहयोग प्रदान करेगी।*

## फडणवीस ने रामायण से संबंधित प्रदर्शनी का किया लोकार्पण


प्रदर्शनी का लोकार्पण करते महाराष्ट्र के सीएम फडणवीस।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महाराष्ट्र के सीएम देवेन्द्र फडणवीस ने जबलपुर के मानस भवन परिसर में रामायण से संबंधित प्रदर्शनी का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने प्रदर्शनी में लगे विभिन्न चित्रों, मूर्तियों व आलेखों को देखा। उन्होंने श्रीराम के आदर्शों के चित्रण, सनातन संस्कृति तथाअध्यात्मिकता की सराहना की।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न स्थानों में सुंदरकांड का पाठ निरंतर किया जा रहा है, ताकि धर्ममय वातावरण में यह कार्यक्रम भव्यता के साथ संपन्न हो। वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस का पहला कार्यक्रम जबलपुर में 2016 में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह, राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीक, सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अजय विश्नोई, डॉ. अभिलाष पांडे सहित आयोजक व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। जबलपुर में चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस का आयोजन जबलपुर में 2 से 4 जनवरी तक मानस भवन में चतुर्थ वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा।



# मूल्यवान धातु में निवेश के लिए गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ बेहतर विकल्प

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

## इस साल सोने में 82 प्रतिशत और चांदी में 175 प्रतिशत की तेजी

कीमतों में रिकॉर्ड तेजी के साथ निवेशकों के सोना, चांदी में निवेश के लिए आकर्षित होने के बीच विशेषज्ञों का कहना है कि उपलब्ध विभिन्न निवेश विकल्पों में गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ (एक्सचेंज ट्रेडेड फंड) एक बेहतर विकल्प है।

इसका कारण कम राशि के साथ सोना, चांदी में निवेश, उसके रखरखाव को लेकर कोई झंझट नहीं और कम लेन-देन शुल्क के साथ उच्च तरलता यानी भुनाने की सुविधा है। उनका यह भी कहना है कि यदि आप भौतिक रूप से मूल्यवान धातु को महत्व देते हैं, निवेश के लिए सोने/चांदी के सिक्के/बिस्कुट बेहतर है। चूंकि आभूषण खरीदने में उसे बनाने के शुल्क का भुगतान करना होता है, वह बेहतर विकल्प नहीं है।उल्लेखनीय है कि इस साल अबतक सोने में 82 प्रतिशत जबकि चांदी में 175 प्रतिशत की तेजी आई है। मल्टीकमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में सोना एक जनवरी को 76,772 रुपए प्रति 10 ग्राम था, जो 26 दिसंबर को 1,39,890 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। वहीं चांदी एक जनवरी को 87,300 रुपए प्रति किलो थी, जो 26 दिसंबर को बढ़कर 2,40,300 रुपए प्रति किलो पहुंच गई है।

### सेबी की ओर से विनियमित उत्पाद नहीं डिजिटल सोना

*डिजिटल सोना सेबी की ओर से विनियमित उत्पाद नहीं है। यह आमतौर पर निजी मंचों की ओर से पेश किया जाता है, जहां सोना तृतीय-पक्ष 'वॉल्ट' (तिजोरी) प्रबंधकों के पास रखा होता है, जिसमें जोखिम जुड़े होते हैं।' विश्लेषकों का कहना है कहा, 'नियामकीय जोखिमों को देखते हुए, हम निवेशकों को सलाह देते हैं कि वे केवल सेबी (भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड) की ओर से विनियमित उत्पादों के जरिए से ही सोना या चांदी में निवेश करें। विश्लेषकों का कहना है कि कुल मिलाकर, इन विकल्पों में विविधतापूर्ण दृष्टिकोण अपनाने से निवेशकों को सुरक्षा, तरलता और वृद्धि क्षमता के बीच संतुलन बनाने में मदद मिल सकती है।*



### ईटीएफ निवेश फंड में शेयरों की तरह कारोबार

आनंद राठी शेयर एंड स्टॉक ब्रोकर्स लि. के निदेशक (जिंस और मुद्रा) नवीन माथुर ने कहा, 'उपलब्ध विभिन्न निवेश विकल्पों में से, गोल्ड/सिल्वर ईटीएफ अब तक का सबसे अच्छा निवेश विकल्प है। इसका कारण निवेश के लिए उपलब्ध कम मूल्यवर्ग की इकाइयों, रखरखाव की कोई लागत न होने, अंतर्निहित ईटीएफ के माध्यम से शुद्धता की गारंटी, उच्च तरलता और कम लेनदेन लागत जैसे लाभ हैं।'' गोल्ड/ सिल्वर ईटीएफ निवेश फंड हैं, जिनका शेयर बाजारों में शेयरों की तरह कारोबार होता है। इसमें भौतिक रूप से सोना या चांदी खरीदे बिना कीमती धातुओं में निवेश किया जा सकता है।

### निवेश करने का आसान तरीका ईटीएफ

निवेश के विकल्पों के बारे में मेहता इक्विटीज लि. के उपाध्यक्ष (जिंस) राहुल कलंत्री ने कहा, 'मूल्यवान धातु में निवेश के लिए उपलब्ध विभिन्न विकल्पों में गोल्ड और सिल्वर ईटीएफ बेहतर विकल्प है। इसका कारण यह सोना या चांदी को रखने की समस्या के बिना निवेश करने का एक आसान तरीका है। साथ ही यह अत्यधिक तरलता प्रदान करता है।'

## खबर संक्षेप

### दवा उद्योग की वृद्धि में बड़ा योगदान देंगी: सन फार्मा

**नई दिल्ली।** सन फार्मा के प्रबंध निदेशक कीर्ति गणोरकर ने कहा कि आने वाले कुछ वर्षों में मोटापा और मधुमेह जैसी बीमारियों की दवाएं घरेलू दवा उद्योग की वृद्धि का एक प्रमुख आधार होगी। ग्लूकागन-लाइक पेप्टाइड-1 (जीएलपी-1) रिसेप्टर एगोनिस्ट ऐसी दवाएं हैं, जो इंसुलिन के उत्पादन को नियंत्रित कर टाइप-2 मधुमेह, उच्च रक्त शर्करा और मोटापे के इलाज में उपयोग की जाती हैं।

### बिजली कारोबार शुल्क घटा सकता है सीईआरसी



नई दिल्ली। केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग बिजली कारोबार एक्सचेंजों पर लगने वाले लेनदेन शुल्क को तर्कसंगत बनाने पर विचार कर रहा है। इस पहल का मकसद बिजली की कीमतों को संभावित रूप से कम करना है। यह सुधार दक्षता बढ़ाने, नकदी की स्थिति को मजबूत करने और विभिन्न एक्सचेंजों में कीमतों को तर्कसंगत बनाने में मददगार होगा। इस कदम से समय के साथ बिजली खरीदारों के लिए कुल लागत में कमी आ सकती है। बाजार समेकन को केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग ने इस साल जुलाई में दो साल से अधिक समय तक चले विचार-विमर्श के बाद मंजूरी दी थी।

### सरसों में गिरावट, पाम-पामोलीन में सुधार



**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में ऊंचे भाव पर लिवाली प्रभावित रहने से सरसों तेल-तिलहन के दाम में गिरावट देखी गई जबकि साधारण मांग के कारण सोयाबीन तेल-तिलहन, सटोरियों द्वारा ऊंचा दाम बोले जाने से कच्चा पामतेल एवं पामोलीन तेल में सुधार आया। नमकीन बनाने वाली कंपनियों की फुल्की फुल्की मांग के कारण बिनौला तेल के दाम में भी मामूली सुधार रहा। सुस्त कामकाज के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के दाम अपरिवर्तित रहे। सरकार की ओर से सरसों की बिकवाली की जा रही है, जो एक उचित कदम है।

### एसएस रिटेल ने आईपीओ के लिए दाखिल किया मसौदा

**नई दिल्ली।** मोबाइल खुदरा कंपनी एसएस रिटेल ने अपनी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए 500 करोड़ रुपए जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास प्रारंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं। कंपनी ने सेबी के पास दाखिल किए गए मसौदा दस्तावेज के अनुसार, कंपनी की पहली सार्वजनिक पेशकश 300 करोड़ रुपए के शेयरों के ताजा निर्गम के साथ-साथ प्रवर्तकों और अन्य शेयरधारकों द्वारा 200 करोड़ रुपए की बिक्री की पेशकश का संयोजन होगी। दस्तावेजों में बताया गया, नए निर्गम से प्राप्त राशि का उपयोग वित्त वर्ष 2026-27 और 2027-28 में नए स्टोर खोलने के लिए आवश्यक निर्माण व सजावट पर होने वाले पूंजीगत खर्च, कार्यशील पूंजी की जरूरतों और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।

## व्यापार पानी की तरह, खुद ढूंढ लेता है अपना रास्ता

# अमेरिकी शुल्क नीति के बावजूद भारत का निर्यात स्थिर, भविष्य में मजबूती की उम्मीद

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

व्यापार मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी के शब्दों में, व्यापार पानी की तरह है, यह अपना मार्ग खुद ढूंढ लेता है। इसी सिद्धांत के साथ भारतीय वस्तु निर्यात ने कोविड-19 महामारी, रूस-यूक्रेन युद्ध,इजराइल-हमास युद्ध, लाल समुद्र शिपिंग संकट, सेमीकंडक्टर आपूर्ति समस्या और अब अमेरिका के उच्च शुल्क जैसी चुनौतियों के बीच भी तेजी से प्रतिक्रिया दी है।

### 2025 में निर्यात का आंकड़ा पहुंचा 407 अरब डॉलर

भारत का निर्यात 2020 में लगभग 276.5 अरब डॉलर था, जो 2021 में बढ़कर 395.5 अरब डॉलर और 2022 में 453.3 अरब डॉलर हो गया था। 2023 में यह गिरकर 389.5 अरब डॉलर रहा, लेकिन फिर 2024 में यह 443 अरब डॉलर तक पहुंच गया। वर्ष 2025 (जनवरी-नवंबर) तक इसका आंकड़ा लगभग 407 अरब डॉलर हो चुका है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का माल और सेवा निर्यात ऐतिहासिक उच्च स्तर 825.25 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जिसमें सालाना आधार पर छह प्रतिशत से अधिक वृद्धि हुई। चालू वित्त वर्ष (अप्रैल-नवंबर 2025) में भी निर्यात 562 अरब डॉलर रहा, जो वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत के लचीलेपन को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान रुझानों के आधार पर 2026 में भी भारत की निर्यात वृद्धि मजबूत रहने की संभावना है। खास तौर पर तीन मुक्त व्यापार समझौते (ब्रिटेन, ओमान और न्यूजीलैंड) अगले साल लागू होने वाले हैं, जो भारतीय वस्तुओं और सेवाओं को बेहतर बाजार पहुंच देंगे।

*2025 में अमेरिका ने भारत के निर्यात पर लगभग 50 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाया, लेकिन भारतीय निर्यातकों ने अपने बाजारों को विविध करके निर्यात वृद्धि को मजबूती से बनाए रखा और यह तेजी 2026 में भी जारी रहने की संभावना है।*



### वैश्विक अनिश्चितताओं को लेकर सतर्क निर्यातक

अमेरिका ने 2025 में भारतीय वस्तुओं पर उच्च शुल्क लागू किए। इसके कारण सितंबर और अक्टूबर में अमेरिका के लिए निर्यात प्रभावित हुआ, लेकिन नवंबर 2025 में अमेरिका के लिए निर्यात 22.61 प्रतिशत बढ़कर 6.98 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो निर्यातकों के अनुकूल संकेत है। हालांकि, निर्यातक अभी भी वैश्विक अनिश्चितताओं को लेकर सतर्क हैं। वे अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौता और यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौते के जल्द पूरा होने की आशा कर रहे हैं ताकि निर्यात को और मजबूती मिले। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) ने चेताया है कि 2025 में वैश्विक व्यापार केवल 2.4 प्रतिशत बढ़ सकता है, जबकि 2026 के लिए यह अनुमान घट कर 0.5 प्रतिशत हो गया है, जो विकसित अर्थव्यवस्थाओं में व्यापार तथा विनिर्माण गतिविधियों में कमी का संकेत देता है।

### निर्यातकों के लिए सरकार ने उठाए कई कदम

*सरकार ने निर्यातकों को सहायता देने के लिए कई कदम उठाए हैं। इनमें 25,060 करोड़ रुपये के निर्यात प्रचार मिशन, योग्य निर्यातकों को 20,000 करोड़ रुपए तक बिना गिरवी क्रेडिट सुविधा, कर्ज भुगतान में लंबी अवधि, और नये व्यापार समझौतों (एफटीए) का उपयोग शामिल है, ताकि निर्यातियों को वैश्विक चुनौतियों से निपटने में मदद मिले। निर्यात विशेषज्ञों के अनुसार, 2026 में भी भारत का निर्यात बढ़ेगा क्योंकि घरेलू वस्तुओं और सेवाओं की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता, उत्पादों तथा बाजारों का विविधीकरण निर्यात को आगे बढ़ाएगा। विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात लगभग 39 फीसदी बढ़ा है, जो विदेशी प्रत्यक्ष निवेश के कारण क्षमता निर्माण और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में गहरी हिस्सेदारी को दर्शाता है। इसके अलावा इंजीनियरिंग वस्तु, दवा और वाहन निर्यात भी निरंतर गति बनाए हुए हैं।*

# भारत को 'गृह बाजार' बनाएगी रॉल्स रॉयस, एयरो इंजन को विकसित करना प्राथमिकता



एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

ब्रिटेन की एयरो-इंजन विनिर्माता कंपनी रॉल्स रॉयस ने कहा कि वह भारत को ब्रिटेन के बाहर अपना तीसरा 'गृह बाजार' बनाने पर विचार कर रही है।


यह योजना जेट इंजन, नौसैनिक प्रणोदन, थल प्रणालियों और उन्नत इंजीनियरिंग सहित कई क्षेत्रों में मौजूद अवसरों का लाभ उठाने के लिए तैयार की गई है। रॉल्स रॉयस इंडिया के कार्यकारी उपाध्यक्ष साशी मुकुंदन ने कहा कि कंपनी भारत में बड़े निवेश की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी के एयरो इंजन को भारत में विकसित करना प्राथमिकता है, ताकि उन्नत मध्यम युद्धक विमान कार्यक्रम के तहत भारत में बनने वाले लड़ाकू विमानों को शक्ति दी जा सके।

ब्रिटेन के अलावा रॉल्स रॉयस अमेरिका और जर्मनी को भी अपना 'गृह बाजार' मानती है, क्योंकि इन दोनों देशों में कंपनी की मजबूत मौजूदगी है, जिसमें विनिर्माण सुविधाएं भी शामिल हैं।

### रॉल्स रॉयस की भारत में निवेश की योजना

मुकुंदन ने यह भी बताया कि रॉल्स रॉयस भारतीय नौसेना की युद्धक क्षमता बढ़ाने के लिए इलेक्ट्रिक प्रणोदन की जरूरतों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने कहा कि एएमसीए के लिए जेट इंजन के विकास में रॉल्स रॉयस की भागीदारी से भारत को नौसैनिक प्रणोदन के लिए भी इंजन बनाने में मदद मिल सकती है। उन्होंने विशिष्ट विवरण साझा किए बिना कहा कि रॉल्स रॉयस भारत में अपनी मौजूदगी बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण निवेश पर नजर रखे हुए है। उन्होंने कहा कि भारत के पास पैमाना, नीति की स्पष्टता और रक्षा तथा औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की स्पष्ट दिशा है।

# सात कंपनियों के बाजार पूंजीकरण में गिरावट, एसबीआई को नुकसान




- एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल और इंफोसिस लाभ में रहे

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

छुट्टियों के कारण पिछले सप्ताह में शीर्ष 10 में शामिल सात सबसे मूल्यवान कंपनियों का संयुक्त बाजार पूंजीकरण 35,439.36 करोड़ रुपए घट गया।

इस दौरान भारतीय स्टेट बैंक को सबसे अधिक नुकसान हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 112.09 अंक या 0.13 प्रतिशत चढ़ा। शीर्ष 10 में शामिल कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो और भारतीय जीवन बीमा निगम के बाजार पूंजीकरण में गिरावट आई। दूसरी ओर एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल और इंफोसिस लाभ में रहे।

### एचडीएफसी बैंक और भारती एयरटेल का मूल्यांकन बढ़ा




भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 12,692.1 करोड़ रुपए घटकर 8,92,046.88 करोड़ रुपए रह गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का मूल्यांकन 8,254.81 करोड़ रुपए घटकर 21,09,712.48 करोड़ रुपए पर आ गया। बजाज फाइनेंस के बाजार पूंजीकरण में 5,102.43 करोड़ रुपए की कमी आई और यह 6,22,124.01 करोड़ रुपए रह गया। दूसरी ओर एचडीएफसी बैंक का मूल्यांकन 10,126.81 करोड़ रुपए बढ़कर 15,26,765.44 करोड़ रुपए हो गया। इस दौरान इंफोसिस और भारती एयरटेल का मूल्यांकन भी बढ़ा। रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे मूल्यवान कंपनी बनी रही।

## रक्षा विनिर्माण में 1.8 लाख करोड़ निवेश करेगा अडानी ग्रुप



**नई दिल्ली।** अदाणी समूह अगले साल रक्षा विनिर्माण में 1.8 लाख करोड़ रुपए का निवेश करने की योजना बना रहा है। सूत्रों ने बताया कि इसके तहत मानवरहित प्रणालियों और उन्नत हथियारों में क्षमताओं को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने 2025 में लंबी योजना प्रक्रियाओं से आगे बढ़ते हुए त्वरित तैनाती की ओर रुख किया और उसके कुछ सैन्य उपकरणों का उपयोग ऑपरेशन सिंदूर में किया गया। हवा, समुद्र और जमीनी क्षेत्रों में स्वायत्त प्रणालियां ऐसे मानवरहित मंच हैं, जो सेंसर, सॉफ्टवेयर और सुरक्षित नेटवर्क के माध्यम से न्यूनतम मानवीय हस्तक्षेप के साथ संचालित होती हैं। अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस भारत की सबसे बड़ी एकीकृत निजी क्षेत्र की रक्षा कंपनी के रूप में उभरी है।

# 'फूड डिलीवरी' को बढ़ावा देंगे स्विगी और मैजिकपिन

- कारोबार की वृद्धि ग्राहक अनुभव गति और मूल्य चेतना से प्रेरित होगी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

ऑनलाइन ऑर्डर लेकर खाने-पीने का सामान पहुंचाने वाली कंपनी मैजिकपिन और स्विगी के अनुसार 2026 में भारत के 'फूड डिलीवरी' कारोबार की वृद्धि ग्राहक अनुभव, गति और मूल्य चेतना से प्रेरित होगी। देश के तीसरे सबसे बड़े खाद्य वितरण मंच मैजिकपिन के मुख्य कार्यपालक (सीईओ) और संस्थापक अंशु शर्मा का मानना है कि वृद्धि मुख्य रूप से व्यापारियों के और किफायती सेवाओं को पसंद करने वाले ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने से आएगी।

### टिकाऊ फूड डिलीवरी व्यवस्था बनाने पर जोर

अंशु शर्मा ने कहा, "हम एक विस्तृत श्रेणी के व्यापारियों को अपनी सेवा में जोड़ रहे हैं, छोटे स्थानीय रेस्तरां से लेकर बड़े ब्रांड और राष्ट्रीय श्रृंखलाओं तक, ताकि वे डिजिटल अर्थव्यवस्था में प्रतिस्पर्धात्मक रूप से भाग ले सकें।" उन्होंने कहा कि प्रवेश की बाधाओं को कम करके और व्यापारियों के लाभ-हानि के संतुलन को बेहतर बनाकर टिकाऊ फूड डिलीवरी व्यवस्था बनाई जा सकती है।

## ओला ने एस1 प्रो प्लस स्कूटर की बढ़ाई डिलीवरी

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन बनाने वाली कंपनी ओला इलेक्ट्रिक ने '4680 भारत सेल' बैटरी से चलने वाले एस1 प्रो प्लस (5.2 किलोवाट) इलेक्ट्रिक स्कूटर की आपूर्ति बढ़ा दी है। ओला इलेक्ट्रिक ने बताया कि कंपनी ने कोयंबटूर, कोच्चि और हैदराबाद में आपूर्ति शुरू कर दी है, साथ ही बेंगलुरु में डिलीवरी जारी है। एस1 प्रो प्लस (5.2 किलोवाट) कंपनी का ऐसा पहला स्कूटर है, जो देश में निर्मित '4680 भारत सेल बैटरी' पैक से चलता है। ओला इलेक्ट्रिक के प्रवक्ता ने बताया, ग्राहक अब हमारे अपने '4680 भारत सेल' से चलने वाले स्कूटर खरीद रहे हैं और इसकी आपूर्ति पूरे जोश के साथ की जा रही है। कई राज्यों में आपूर्ति बढ़ रही है और अब हम '4680 भारत सेल' से चलने वाले वाहनों को देश के हर हिस्से तक पहुंचाने की तैयारी कर रहे हैं।

# ताइफ हवाई अड्डा परियोजना में बोली लगाएगा जीएमआर

एजेंसी ▸▸| हैदराबाद



जीएमआर समूह सऊदी अरब में 80 करोड़ अमेरिकी डॉलर की नई ताइफ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा परियोजना के लिए बोली लगाने की पात्रता चरण को पार कर चुका है। यह जानकारी सऊदी अरब के नेशनल सेंटर फॉर प्राइवेटाइजेशन एंड पीपीपी (एनसीपी) ने दी।

जीएमआर के अलावा बेंगलुरु इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड-टेमासेक का गठजोड़, तुर्की की टीएवी एयरपोर्ट्स-मादा इंटरनेशनल होल्डिंग का गठजोड़, आयरलैंड की डीएए इंटरनेशनल की अगुवाई वाला गठजोड़ तथा काल्योन इंसात गठजोड़ भी इस परियोजना के लिए योग्य घोषित किए गए हैं। यह परियोजना सार्वजनिक निजी साझेदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत बनाओ, चलाओ, सौंपो (बीटीओ) अनुबंध के आधार पर दी जाएगी, जिसकी अवधि निर्माण काल सहित 30 वर्ष होगी। नया ताइफ अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा एक अत्याधुनिक वाणिज्यिक यात्री टर्मिनल भवन से लैस होगा, जिसे हवाई अड्डे की अनुमानित क्षमता और मांग के अनुरूप तैयार किया जाएगा। इसके अलावा इसमें सहायक भवन, उपयोगिता नेटवर्क, कार पार्किंग और संपर्क सड़कें शामिल होंगी, जो हवाई अड्डे के मानक संचालन को सुनिश्चित करेंगी।

## घरेलू और विदेशी, दोनों स्तरों पर व्यापक आर्थिक आंकड़ों से प्रभावित होगी

# विदेशी निवेशकों के रुख से तय होगी बाजार की चाल

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

इस सप्ताह शेयर बाजार में निवेशकों की धारणा व्यापक आर्थिक आंकड़ों, वैश्विक रुझानों और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों से प्रभावित होगी।

विश्लेषकों ने कहा कि साथ ही वाहन बिक्री के आंकड़ों पर भी करीबी नजर रखी जाएगी। इस साल के कुछ कारोबारी सत्र ही बाकी रहने के कारण भारतीय शेयर बाजारों के सीमित दायरे में रहने का अनुमान है, हालांकि रुझान सकारात्मक रह सकता है।

**वैश्विक स्तर पर बाजार अमेरिका से जुड़े व्यापक आर्थिक संकेतों पर नजर रखेंगे**



### वायदा-विकल्प सौदे के कारण रहेगा उतार-चढ़ाव

*रिलायंस ब्रोकिंग लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, 'इस सप्ताह कैलेंडर वर्ष 2026 की शुरुआत होगी, और दिसंबर के वायदा-विकल्प सौदे पूरे होने के कारण अधिक उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है। घरेलू स्तर पर जिन प्रमुख आंकड़ों पर नजर रहेगी, उनमें नवंबर का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक और एचएसबीसी विनिर्माण पीएमआई शामिल हैं।' उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर बाजार अमेरिका से जुड़े व्यापक आर्थिक संकेतों पर करीबी नजर रखेंगे, जिनमें एफओएमसी बैठक का ब्यौरा और फेडरल रिजर्व की बैलेंस शीट से जुड़ी जानकारियां शामिल हैं।*

### इक्विटी बाजारों के सीमित दायरे में रहने का अनुमान

*पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 112.09 अंक या 0.13 प्रतिशत चढ़ा, जबकि निफ्टी 75.9 अंक या 0.29 प्रतिशत बढ़ा। एनरिच मनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पोन्मुडी आर ने कहा, '2025 के कुछ कारोबारी सत्र ही बाकी रहने के कारण भारतीय इक्विटी बाजारों के सीमित दायरे में रहने का अनुमान है, हालांकि रुझान सकारात्मक रह सकता है। इस सप्ताह निवेशकों की धारणा घरेलू और विदेशी, दोनों स्तरों पर व्यापक आर्थिक आंकड़ों से प्रभावित होगी।' उन्होंने कहा कि नवंबर के वाहन बिक्री आंकड़ों पर भी करीबी नजर रखी जाएगी, ताकि क्षेत्रवार रफ्तार की पुष्टि हो सके।*

# शेयर बाजार में सूचीबद्ध होंगी कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनियां

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली




कॉरपोरेट प्रशासन और जवाबदेही में सुधार के लिए प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने कोयला मंत्रालय को निर्देश दिया है कि वह सरकारी कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की सभी अनुषंगी कंपनियों को 2030 तक शेयर बाजार में सूचीबद्ध कराए। इस कदम का मकसद सीआईएल में प्रशासन को सुव्यवस्थित करना, पारदर्शिता बढ़ाना और परिसंपत्ति मौद्रिकरण के जरिए मूल्य सृजन करना है। कोल इंडिया लिमिटेड देश के कुल घरेलू कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से अधिक का योगदान देती है। कोल इंडिया की सभी अनुषंगी कंपनियों को 2030 तक सूचीबद्ध करने की योजना है। कोल इंडिया अपनी आठ अनुषंगी कंपनियों के माध्यम से परिचालन करती है, जिनमें ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड, सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड और सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट लिमिटेड शामिल हैं।

## चिंतन

# ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठाने वालों को जवाब

ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठाने वालों को अब पाकिस्तान की टॉप लीडरशिप से ही कड़ा जवाब मिल रहा है। पाक के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, विदेश मंत्री और उप प्रधानमंत्री इशाक डार, पाक थलसेना प्रमुख जनरल सैयद असीम मुनीर अहमद शाह के बाद अब राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने भी माना कि भारत की मिसाइलों ने पाकिस्तान में भारी तबाही मचाई थी। इसके कारण पूरा पाकिस्तान दहशत में आ गया था। भारत की सधी हुई सटीक कार्रवाई ने पाकिस्तान की नींदें उड़ा दी थीं। बता दें कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने जब पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर छेड़ा, तो उस समय हालात ये हो गए थे कि वहां की टॉप लीडरशिप को बंकर तक में छिपाने का इंतजाम होने लगा था। ये बात खुद पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने स्वीकार की है। ऐसे में कोई भी समझ सकता है कि ऑपरेशन सिंदूर कामयाब था या नहीं। आतंकी हमले के जवाब में मई में भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया था। इसमें पीओके और पाकिस्तान में स्थित कई आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया गया और फिर पाकिस्तानी एयरबेस पर भी जमकर हमले किए गए थे। एक कार्यक्रम के दौरान जरदारी ने स्वीकार किया कि भारत की कार्रवाई के दौरान पाकिस्तान के शीर्ष नेतृत्व में डर का माहौल व्याप्त था। भारतीय हमलों के समय उनके मिलिट्री सेक्रेटरी ने उन्हें सुरक्षा के लिए बंकर में जाने की सलाह दी थी। हालांकि उन्होंने बंकर में जाने से मना कर दिया था और कहा था कि नेता बंकर में नहीं मरते। जरदारी ने कुबूल किया कि सेना से लेकर सरकार तक भारतीय हमलों से डरी हुई थी। आमजन में भी भय का महौल था कि अब क्या होगा। इससे पहले पाकिस्तान के विदेश मंत्री और उप प्रधान मंत्री इशाक डार ने भी ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी की दास्तां सुनाई। उन्होंने कहा कि भारत ने रावलपिंडी के चकला में उनके नूर खान एयर बेस तक को निशाना बनाया था, जिससे उनके मिलिट्री ठिकाने को नुकसान पहुंचा। भारत ने 36 घंटों के भीतर पाकिस्तानी इलाके में कई ड्रोन भेजे थे और एक ड्रोन ने मिलिट्री ठिकाने को नुकसान पहुंचाया था। इससे पहले पाक सेना प्रमुख मुनीर ने भी कहा था कि भारत ने 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू करने के बाद जब हमले किए, तो खुद अल्लाह ने उन्हें मदद भेजी। हमने इसे महसूस किया। आप खुद सोचिए कि भारत को मुंहतोड़ जवाब देने की बातें करने वाले मुनीर को जंग के वक्त मची तबाही से ईश्वर याद आने लगे थे। वहीं, पाक पीएम शहबाज शरीफ ने भी खुद ऑपरेशन सिंदूर के 10 दिन के अंदर ही बताया था कि कैसे भारत की ब्रह्मोस मिसाइलों ने पाकिस्तान को दहला दिया था। उन्होंने स्वीकारा था कि भारतीय हमलों में रावलपिंडी एयरपोर्ट तक को तबाह कर दिया गया था। आपको याद दिला दें कि 7 मई को भारत ने अचानक ऑपरेशन सिंदूर की शुरुआत की, जबकि पाकिस्तान इसके लिए तैयार नहीं था। भारत पहले ये दावे कर चुका था, कि उसने पाकिस्तान में कई आतंकी ठिकाने ध्वस्त किए, सटीक निशाने साधकर पाक को घुटनों के बल पर आने को मजबूर कर दिया था, लेकिन पाकिस्तान इस पर गोलमोल बातें करता था। अब पाकिस्तान का शीर्ष नेतृत्व ही साफ बता रहा है कि भारत के निशाने कितने सटीक थे और ऑपरेशन सिंदूर कितना सफल रहा था। पाक का यह कबूलनामा भारत में ऑपरेशन सिंदूर पर सवाल उठाने वालों के लिए भी करारा जवाब है।

# अराजक बन चुका यूनुस का शासन तंत्र



पड़ोस
अरविंद जयतिलक

बांग्लादेश में उपजी अराजकता के बीच एक बार फिर अल्पसंख्यक हिंदू निशाने पर हैं। बीते सप्ताह दीपू चंद्र दास की निर्दयतापूर्वक पीट–पीटकर हत्या और फिर पेड़ से लटकाकर जलाने की कायराना हरकत के बाद समझा गया था कि यूनुस सरकार कट्टरपंथियों के खिलाफ कार्रवाई करेगी, लेकिन वह हाथ पर हाथ धरे बैठी रही। सच कहें तो हालात अब पहले से भी बदतर हैं। अब भी अराजकतावादियों द्वारा हिंदू घरों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों और मंदिरों को लूटा जा रहा है। बेहतर होगा कि भारत सरकार बांग्लादेशी अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा के लिए बांग्लादेश पर दबाव बनाए। वैश्विक समुदाय को भी अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार को रोकने के लिए कदम उठाना चाहिए।

बांग्लादेश में उपजी अराजकता के बीच एक बार फिर अल्पसंख्यक हिंदू निशाने पर हैं। बीते सप्ताह दीपू चंद्र दास की निर्दयतापूर्वक पीट-पीटकर हत्या और फिर पेड़ से लटकाकर जलाने की कायराना हरकत के बाद समझा गया था कि यूनुस सरकार कट्टरपंथियों के खिलाफ कार्रवाई करेगी, लेकिन वह हाथ पर हाथ धरे बैठी रही। सच कहें तो हालात अब पहले से भी बदतर हैं। अब भी अराजकतावादियों द्वारा हिंदू घरों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों और मंदिरों को लूटा जा रहा है। हिंदू इलाकों में डर और भय का माहौल है। हिंदू महिलाएं बेहद असुरक्षित और असहाय हैं। हिंदुओं को अपनी जान बचाने के लिए भागना-छिपना पड़ रहा है। तख्तापलट के बाद अब तक सैकड़ों हिंदू नेताओं और व्यापारियों की हत्या हो चुकी है। सेना और पुलिस तमाशबीन हैं। सच कहें तो अंतरिम सरकार के अगुवा मोहम्मद यूनुस का तंत्र अल्पसंख्यक हिंदुओं के लिए कसाई बन चुका है।

उनकी सरकार अल्पसंख्यक हिंदुओं को मिटाने पर आमादा है। किसी से छिपा नहीं है कि बांग्लादेश में बहुतेरे आतंकी और कट्टरपंथी संगठन हैं जिन्हें यूनुस सरकार का संरक्षण प्राप्त है। इनका एकमात्र मकसद बांग्लादेश से हिंदू अल्पसंख्यकों को खत्म करना है। इसके लिए वे तीन रास्ते अपना रहे हैं-हत्या, बलात्कार और धर्म परिवर्तन। गत वर्ष ही बांग्लादेश राष्ट्रीय हिंदू महाजोत द्वारा खुलासा किया गया था कि पिछले एक वर्ष में बांग्लादेश में हिंदू समुदायों की 39 महिलाओं के साथ बलात्कार किया गया। इनमें 27 महिलाएं गैंगरेप का शिकार हुई हैं। 55 महिलाओं से बलात्कार की कोशिश हुई। रिपोर्ट के मुताबिक बलात्कार के बाद 14 महिलाओं की हत्या की गई। हिंदू महाजोत संस्था के जिम्मेदार लोगों की मानें तो पिछले एक वर्ष में अल्पसंख्यक समुदाय के 424 लोगों को मारने का प्रयास किया गया। तकरीबन 360 लोगों को बुरी तरह घायल किया गया। 127 लोगों का अपहरण हुआ। 445 अल्पसंख्यक परिवारों को देश छोड़ने पर मजबूर कर उनकी 89,990 एकड़ जमीन पर कब्जा कर लिया गया। 3694 परिवारों को बेदखल कर उनकी जमीन हड़पने का प्रयास किया गया। 15,115 परिवारों पर पलायन का खतरा बरकरार है। 152 लोगों का धर्म परिवर्तन किया गया है। पिछले एक वर्ष में 51 मंदिरों की जमीन पर कब्जा और 128 मंदिरों पर हमले, तोड़फोड़ एवं आगजनी की गई। मंदिरों से मूर्ति चोरी की 72 घटनाएं हुई। अल्पसंख्यकों से 27 करोड़ 46 लाख 33 हजार रुपये की वसूली की गयी। कुल नुकसान 220 करोड़ 89 लाख टका का हुआ। गौर करें तो यह परिदृश्य तख्तापलट से पहले का है। तख्तापलट के बाद अल्पसंख्यक हिंदुओं पर कितना अत्याचार हुआ है, उसकी कल्पना तक नहीं की जा सकती। सच कहें तो बांग्लादेश में हिंदू समुदाय को अब जीने की आजादी नहीं रह गई है। नतीजतन बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों की आबादी तेजी से घट रही है। अभी गत वर्ष ही अमेरिकी मानवाधिकार कार्यकर्ता रिचर्ड बेंकिन ने खुलासा किया था कि पड़ोसी देश बांग्लादेश में हिंदुओं की आबादी तेजी से घट रही है। रिपोर्ट के मुताबिक शेख हसीना और खालिदा जिया के अंतर्गत बांग्लादेशी सरकारों ने उन लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की है, जो हिंदुओं के खिलाफ काम करते रहे हैं। बेंकिन के आंकड़ों पर गौर



करें तो बांग्लादेश की कुल आबादी 15 करोड़ है जिसमें से 90 प्रतिशत मुसलमान हैं। हिंदू आबादी घटकर 9.5 प्रतिशत रह गई है। सवाल उठना लाजिमी है कि अगर बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू सुरक्षित हैं तो मुसलमानों की आबादी की तुलना में उनकी आबादी में आनुपातिक वृद्धि क्यों नहीं हुई है? गौर करें तो इसके दो मुख्य कारण हैं। एक सुनियोजित रणनीति के तहत अल्पसंख्यक हिंदुओं का कत्ल और दूसरा उनका धर्मांतरण। आमतौर पर बांग्लादेश का हिंदू जनमानस राजनीतिक और आर्थिक रूप से कमजोर है। आतंकी व कट्टरपंथी संगठनों के अलावा बेगम खालिदा जिया के नेतृत्व वाले राजनीतिक संगठन बीएनपी के समर्थक भी उन्हें लगातार निशाना बनाते रहते हैं। यह तथ्य है कि जब भी बेगम खालिदा जिया की नेतृत्व वाली बीएनपी सत्ता में आई है, हिंदू अल्पसंख्यकों पर अत्याचार बढ़ा है। खालिदा सरकार इस्लामिक कट्टरपंथियों को हिंदुओं के खिलाफ भड़काती है। यह तथ्य है कि 2001 में जब बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की अगुवाई वाली गठबंधन सरकार सत्ता में आई तो योजना बनाकर हिंदुओं का नरसंहार किया गया। उसके समर्थक हिंदुओं के घर जलाए और संपत्तियों की लूटपाट की। हिंदू अल्पसंख्यक महिलाओं के साथ शर्मनाक कृत्य किए। बेगम खालिदा सरकार के डर से लाखों हिंदू बांग्लादेश छोड़कर भारत आ गए। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की सत्ता से विदाई के बाद जब अवामी लीग की सरकार सत्ता में आई तो उसने हिंदू अल्पसंख्यकों को न्याय का भरोसा दिया। उसने खालिदा सरकार के दौरान नरसंहार की जांच के लिए तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन किया। आयोग ने 25 हजार से अधिक लोगों को हिंदुओं पर हमले का जिम्मेदार ठहराया और उन पर मुकदमा चलाने का निर्देश दिया। शर्मनाक तथ्य यह कि हमलावरों में खालिदा सरकार के 25 पूर्व मंत्री भी शामिल हैं, लेकिन अरसा गुजर जाने के बाद भी गुनाहगारों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई है। आज भी वे खुलेआम घूम रहे हैं। बांग्लादेश में न केवल अल्पसंख्यकों की निर्मम हत्याएं हो रही है बल्कि उनके संवैधानिक अधिकारों को भी सुनियोजित तरीके से समाप्त किया जा रहा है। खालिदा सरकार के दौरान एक साजिश के तहत हिंदुओं के प्रापर्टीज अधिकारों को सीमित किया गया। हालांकि अवामी लीग की सरकार ने 2011 में 'वेस्टेज प्रापर्टीज रिटर्न (एमेंडमेंट) बिल 2011 पारित कर जब्त की गई या मुसलमानों द्वारा कब्जाई गई हिंदुओं की जमीन को वापस करने का कानून बनाया, लेकिन अभी तक उसका कोई सार्थक नतीजा सामने नहीं आया है। सच तो यह है कि इस बिल के पारित होने के बाद मुस्लिम कट्टरपंथियों में हिंदुओं की जमीन कब्जाने की होड़ मच गई है। अगर कट्टरपंथियों के समर्थन वाली बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी सरकार में आती है तो इस प्रवृत्ति को और बढ़ावा मिलेगा। उल्लेखनीय है कि 1960 में एक विवादित कानून के तहत हिंदुओं की जमीनें हड़प ली गई थी। यह कानून पूर्वी पाकिस्तान प्रशासन ने लागू किया था और उसम समय बांग्लादेश पाकिस्तान का हिस्सा था। 1971 में बांग्लादेश बनने के बाद इस कानून का विरोध हुआ सरकार ने अपने वादे के मुताबिक 'वेस्टेज प्रापर्टीज रिटर्न ( एमेंडमेंट) बिल 2011 पारित की है लेकिन अल्पसंख्यक हिंदू अपनी प्रापर्टीज पर काबिज नहीं हो सके हैं। बेहतर होगा कि भारत सरकार बांग्लादेशी अल्पसंख्यक हिंदुओं की सुरक्षा के लिए बांग्लादेश पर दबाव बनाए। वैश्विक समुदाय को भी बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार को रोकने के लिए कदम उठाना चाहिए। अन्यथा वहां भी हिंदू अल्पसंख्यकों की स्थिति पाकिस्तान में बदतर हिंदू अल्पसंख्यकों जैसी होनी तय है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## अलर्ट

डॉ. मोनिका शर्मा



# नए साल के उत्सव पर आतंकी भय का साया

नववर्ष 2026 दस्तक देने वाला है। दुनियाभर में महीनों पहले नए साल के उत्सव की तैयारियां शुरू हो जाती हैं। आर्थिक पहलू पर यह समय पर्यटन उद्योग के लिए और सामाजिक-पारिवारिक पक्ष पर मेलजोल, यात्राओं और उत्सवीय रौनक के लिए बहुत अहम होता है। दुखद है कि दुनियाभर में बढ़ती आतंकी घटनाओं के चलते नए साल के उत्सव पर भी भय का साया मंडरा रहा है। इसके चलते नववर्ष के स्वागत के बजाय दुनिया के कई बड़े शहर सुरक्षा की चिंता में डूब गए हैं। ध्यातव्य है कि पेरिस, टोक्यो और सर्बिया की राजधानी बेलग्रेड में नववर्ष के सार्वजनिक कार्यक्रम निरस्त कर दिए गए हैं। पेरिस में शॉन्ज एलीजे पर होने वाला कॉन्सर्ट, जापान की राजधानी टोक्यो में शिबुया काउंटडाउन इवेंट, यूरोप के बेलग्रेड शहर में सरकारी स्तर होने वाला न्यू ईयर समारोह जैसे बड़े कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं। वहीं न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर पर न्यू ईयर बॉल ड्रॉप को लेकर भारी सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। आतंकी घटनाओं के कारण बने भय के परिवेश में सुरक्षा कारणों से उत्सवों का रद्द होना सचमुच चिंतनीय है। ये दुनिया के किसी भी हिस्से में बसे सहज जीवन जीने वाले आम लोगों को निराश करने वाली स्थितियां हैं। विचारणीय यह भी है कि ऐसे कदम चुस्त-दुरुस्त सुरक्षा के प्रबंध के लिए चर्चा पाने उन देशों में उठाए जा रहे हैं। बेलग्रेड शहर के मेयर अलेक्जेंडर सापिच के अनुसार इस साल कोई आधिकारिक सार्वजनिक कार्यक्रम नहीं होगा। स्थानीय प्रशासन ने इसके पीछे सुरक्षा कारणों का हवाला दिया है। हालिया दिनों में दुनिया के कई शहरों में आतंकी घटनाएं होने के कारण जोखिम लेना सही नहीं है। कार्यक्रम निरस्त करने के पीछे अमेरिका में हुई एक बड़ी कार्रवाई को भी माना जा रहा है। इसमें लॉस एंजिल्स में नववर्ष की संध्या पर कई जगहों पर बम धमाके की साजिश का खुलासा हुआ है। अफसोस कि इन्हीं देशों के कई संस्थान और सरकारें भारत को सहिष्णुता पर नसीहतें देते रहे हैं। ऐसी पीड़ादायी घटनाओं को तोड़-मरोड़कर प्रस्तुत करते रहे हैं। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर अमेरिकी अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स ने तो अपनी रिपोर्ट में इस हमले के लिए जिम्मेदार आतंकियों को मिलिटेंट्स और गनमैन तक लिखा था। आतंकी हमलों की गंभीरता को कम करने और भारत के प्रति असहयोगी रवैया अपनाने का यह रुख कई बार देखने को मिला है। फिलहाल नए साल के अवसर पर वहां आतंकी घटना होने की आशंका ही उत्सव मानने में खलल डाल रही है। असल में निर्दोष लोगों का जीवन छीनने की कट्टरता और दुस्साहस अब तीसरी दुनिया के देशों की समस्या भर नहीं रहा। बीते दिनों ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में यहूदी समुदाय द्वारा पर्व की खुशियां मनाते लोगों पर भी आतंकी हमला हुआ था। ज्ञात हो कि हनुक्का उत्सव के दौरान आतंकी हमले को अंजाम देने वाले बंदूकधारियों द्वारा भीड़ पर की गई गोलीबारी में 15 लोगों का जीवन छिन गया था। पिता-पुत्र की जोड़ी द्वारा की गई अंधाधुंध गोलीबारी में दर्जनों की संख्या में लोग घायल हुए थे। 2025 में नववर्ष के दिन ट्रक में सवार एक अमेरिकी सेना के पूर्व सैनिक ने अस्थायी अवरोधों को पार करते हुए न्यू ऑरलियन्स के भीड़भाड़ वाले फ्रेंच क्वार्टर में ट्रक घुसा दिया था। इस घटना में 15 लोगों की मौत हो गई। विकसित देशों में भी आतंकी घटनाओं से भय का परिवेश का बन गया है। स्पष्ट है कि आतंकी घटनाएं और हिंसक मानसिकता अब दुनियाभर में ना केवल डेरा जमा रही है बल्कि सहज जीवन में भी बाधा बन गई हैं। कहना जरूरी है कि हमारा देश तो आतंक की इस पीड़ा को बरसों से भोगता आया है। अब अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और यूरोप के देश भी इस कट्टरता की तपिश के घेरे में हैं। भारत में तो हालिया वर्षों में सुरक्षा एजेंसियों ने अपनी सतर्कता से आतंकवादियों के नकारात्मक इरादों को बार-बार विफल किया है। बावजूद इसके पहलगाम में पर्यटकों पर किया गया गया आतंकी हमला हो या दिल्ली में लाल किले के पास हुआ बम धमाका। हिंसक मानसिकता का यह उन्माद सिर उठाता रहता है। मुस्तैदी से डटी सुरक्षा एजेंसियों से मिला भरोसा ही है कि भारतीय नागरिक अपने पर्व-उत्सव बिना भय के मना पाते हैं।



(लेखिका स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


# शिव दुष्ट में भी मौजूद हैं और धर्मात्मा में भी



संकलित
**दर्शन**

केवल ज्ञान हमारी चेतना का उत्थान नहीं कर सकता है। अनुभव के बिना ज्ञान बिल्कुल वैसा ही है, जैसे कि बिना लक्ष्य की प्राप्ति हुए गधे पर बैठकर दौड़ना। हमें यह समझने की आवश्यकता है कि हम सीमित व्यक्ति नहीं, बल्कि ईश्वर का अभिन्न अंग हैं। शिव एक खाली स्थान की भांति, दिन और रात, सुख और दुख से अप्रभावित रहते हैं। शिव हमारे भीतर ही रहते हैं और भीतर से ही हमें आशीर्वाद देते हैं। यह वैसा ही है कि जिस प्रकार से बुरे स्वप्न से जागकर हमें यह पता चलता है कि हम सुरक्षित हैं। श्री रुद्रम को सुनने के बाद हमें हमारे वास्तविक स्वभाव के बारे में जागृति होती है, जो ईश्वर ही है। केवल धर्म संस्कार हमारा उत्थान नहीं कर सकते हैं। वास्तविक उत्थान भीतरी रूपांतरण, सरलता और ईश्वर के साथ अपने संबंध को पहचानने से होता है। शिव का सौंदर्य विविधता में मौजूद है। जिस प्रकार से सूर्य का प्रकाश सब जगह एक समान पड़ता है, वैसे ही शिव हर एक चीज में मौजूद है। जैसे - मिट्टी के गड्ढों में, घने जंगलों में, रेगिस्तान और पहाड़ों में, सब जगह पर शिव व्याप्त हैं। शिव दुष्ट में भी मौजूद हैं और धर्मात्मा में भी। उनका प्रेम सबके लिए है, इसमें कोई शर्त नहीं है और जो जैसा है, उसे शिव वैसे ही स्वीकार करते हैं। हमारी प्रवृत्तियों में मौजूद शत्रु हमारे विकास में बाधा डालते हैं। शिव से जुड़ जाने से, उनकी भक्ति करने से ये सारे भीतरी शत्रु यानी बुराइयां समाप्त हो जाती हैं और हमें बाहरी जगत की चुनौतियों से लड़ने की शक्ति मिलती है।

# अच्छे कार्य करने से गुरु शिष्य को कभी न रोके



संकलित
**प्रेरणा**

दैत्यों के गुरु शुक्राचार्य बताए गए हैं। भगवान शिव ने शुक्राचार्य को मृत संजीवन विद्या दी थी। इस विद्या से शुक्राचार्य मरे हुए दैत्यों को फिर से जीवित कर देते थे। जब दैत्यराज बलि का राज था। तब एक दिन भगवान विष्णु ने वामन अवतार लिया और बलि के पास पहुंचे। बलि अपनी दानवीरता की वजह से बहुत प्रसिद्ध थे। वे किसी भी मांगने वाले को खाली हाथ नहीं जाने देते थे। राजा बलि उस समय यज्ञ कर रहे थे। बलि ने वामन देव को देखा तो वह उनके पास पहुंचा। वामन देव ने राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगी। शुक्राचार्य वामन देव को पहचान गए थे कि ये विष्णु जी हैं। इसलिए उन्होंने बलि को दान देने से रोकना चाहा। राजा बलि ने अपने गुरु की बात नहीं मानी और वामन देव को दान देने के लिए तैयार हो गए। तब शुक्राचार्य राजा बलि के कमंडल में सूक्ष्म रूप में बैठ गए, जिससे की पानी बाहर न आए और राजा बलि भूमि दान करने का संकल्प न ले सकें। वामन भगवान जानते थे कि शुक्राचार्य बलि के कमंडल में बैठे हैं। उन्होंने बलि के कमंडल में एक तिनका डाल दिया, जिससे शुक्राचार्य की एक आंख फूट गई। इसके बाद शुक्राचार्य कमंडल से बाहर आ गए और बलि ने वामन देव को भूमि दान दे दी। अगर कोई गुरु अपने शिष्य को नेक काम करने से रोकता है तो उसे इसका बुरा फल भोगना पड़ता है।

## फेस्टिवल



कोलकाता में स्ट्रीट आर्ट फेस्टिवल के दौरान देवी काली के रूप में सजी कलाकार

## आज की पाती

### जाम से कैसे मिले मुक्ति

संतोषीनगर अंडरबिज के पास जाम दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। सुबह शाम को रिंग रोड पार करना एक परीक्षा से कम नहीं। सियासतदारों ने नया बस स्टैंड भाठागांव में ला दिया, लेकिन यह नहीं सोचा की ट्रैफिक का दबाव कैसे डायवर्ट होगा। सुबह किसी को दफ्तर जाना है, कोई अस्पताल के लिए निकलता है और अंडरब्रिज के पास आकर रुक जाता है। यातायात पुलिस जरूर होती है, लेकिन यातायात नियंत्रण करना मुश्किल हो जाता है। अब ऐसे में लोग किससे शिकायत करें।

*– होमन देवांगन, रायपुर*

## ट्रेंड

### सौर ऊर्जा का उपयोग



भारत के युवा सतत विकास के प्रति जबरदस्त उत्साह दिखा रहे हैं। इस संदर्भ में, मणिपुर के मोइरांगथेम सेठ द्वारा सौर ऊर्जा का उपयोग करके समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के प्रयासों की सराहना की जाती है।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### विनम्र श्रद्धांजलि



भारत के औद्योगिक विकास के आधार स्तंभ, प्रख्यात उद्योगपति, 'पद्म विभूषण' रतन टाटा की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। उन्होंने भारत में उद्यम एवं उद्यमिता को नई गति प्रदान की, 'आत्मनिर्भर भारत' की सिद्धि में उनके द्वारा किए गए कार्य सदैव स्मरणीय रहेंगे।

**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### मर्ज़ी और पर्ची



'मर्ज़ी और पर्ची' ही जिस पार्टी के संगठन और सरकार का आधार हो, वहाँ मौन रहने में ही अपना सम्मान है। जहाँ पूरी कैबिनेट बदल दी जाती है, वहाँ कोई ग़लतफ़हमी में किसी तरह की बयानबाज़ी न करे और न ही किसी समाज को सार्वजनिक चेतावनी दे।

**- अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### समावेशी विकास



कांग्रेस ने हमेशा जनता के कल्याण, सशक्तिकरण और समावेशी विकास के लिए काम किया है। हम संविधान द्वारा प्रदत्त राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक अधिकारों में समान अवसर में विश्वास रखते हैं।

**- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

## करंट अफेयर


# श्रीलंका में भारत के राहत पैकेज को संयुक्त समिति लागू करेगी

श्रीलंका और भारत के अधिकारियों को मिलाकर बनाई गई संयुक्त समिति को चक्रवात 'दित्वा' के बाद भारत द्वारा श्रीलंका को दिए जाने वाले पुनर्निर्माण पैकेज की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। मीडिया में रविवार को आई एक खबर में यह जानकारी दी गई है। इस पैकेज की घोषणा विदेश मंत्री एस जयशंकर ने की, जिन्होंने पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विशेष दूत के रूप में कोलंबो का दौरा किया था और चक्रवात के बाद कोलंबो के पुनर्निर्माण के लिए भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता का आश्वासन दिया था। इस चक्रवात के कारण 600 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। कुल 45 करोड़ अमेरिकी डॉलर के पैकेज में से 35 करोड़ अमेरिकी डॉलर रियायती ऋण के तौर पर हैं और 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर अनुदान के रूप में होंगे। 'द संडे टाइम्स' के अनुसार, एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि संयुक्त समिति पुनर्निर्माण परियोजनाओं, भारतीय ऋण के तहत की जाने वाली खरीद और परियोजनाओं में तेजी लाने के लिए भारत से मानव संसाधन की तैनाती पर निर्णय लेगी। इसमें कहा गया है कि संयुक्त समिति परियोजनाओं को पूरा करने के लिए तीन, छह और नौ महीने की तीन समय सीमाओं के तहत काम करेगी। यह कार्य पांच अलग-अलग श्रेणियों के अंतर्गत किया जाएगा।



## ऑफ बीट

# क्या मैराथन से ह्रदय को नुकसान पहुंचता है?



मैराथन दौड़ मानव शरीर को उसकी क्षमता की सीमा तक पहुंचा देती है। पैर थक जाते हैं, सांस फूलने लगती है और ह्रदय को घंटों तक कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। इसी वजह से वर्षों से यह सवाल उठता रहा है कि क्या 26 मील (लगभग 42 किलोमीटर) दौड़ना ह्रदय के लिए नुकसानदेह हो सकता है। अध्ययन में पाया गया कि मैराथन के तुरंत बाद ह्रदय के दाहिने वेंट्रिकल (जो खून को फेफड़ों तक पहुंचाता है) की पंप करने की क्षमता कुछ समय के लिए कम हो जाती है, लेकिन यह कमजोरी कुछ ही दिनों में ठीक हो जाती है। सबसे अहम बात यह रही कि दस साल की निगरानी अवधि में इन धावकों के ह्रदय की कार्यक्षमता को कोई स्थायी नुकसान होने के प्रमाण नहीं मिले। यह निष्कर्ष इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि पहले के कुछ अध्ययनों में आशंका जताई गई थी कि लंबी अवधि की कसरत ह्रदय को नुकसान पहुंचा सकती है। यह चिंता मुख्य रूप से लंबी अवधि की कसरत के बाद लिए गए रक्त नमूनों पर आधारित थी। मैराथन के बाद कई धावकों के खून में ट्रोपोनिन नामक पदार्थ का स्तर बढ़ जाता है। ट्रोपोनिन तब निकलता है जब ह्रदय की मांसपेशियों पर अधिक दबाव या तनाव पड़ता है। डॉक्टर आमतौर पर दिल के दौरे का पता लगाने के लिए ट्रोपोनिन के स्तर का उपयोग करते हैं।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

# मंडीदीप के मोजमपुरा और कटी घाटी में 25 एकड़ से अधिक वन भूमि पर अवैध कब्ज़ा

नितेश पटेल ▶▶ भोपाल

**वन विभाग के कर्मचारी-अधिकारी भी मिलीभगत में शामिल**

मंडीदीप नगर के राहुल नगर बस्ती के 45 एकड़ भूमि पर निवासरत लगभग 1200 परिवार आज भी बीस वर्ष से अपनी ज़मीन का हक़ नहीं ले सके, और नगर में दूसरा राहुल नगर बस कर तैयार हो गया जिसमें कटी घाटी, मौजम पूरा, 40 ब्लॉक, झलार कला, समेत कई अन्य जगह जो वन भूमि की है उस पर आए दिन कब्जे हो रहे है जो कही न कही वन विभाग के निचले कर्मचारी और अधिकारी की मिली भगत सामने आ रही है और तो और आज से 32 वर्ष पहले भी राहुल नगर में वन भूमि पर कब्ज़ा हुआ था जिसमें आज भी 1200 से अधिक परिवार को ना तो पट्टा मिला और न ही उनका मालिकाना हक़ मिल सका।

**10 दलाल करा रहे वन भूमि पर अवैध कब्ज़ा**


वन भूमि पर कब्जा कर बनाए गए झलार कला में आवास।

## राहुल नगर के लोगों को मिले स्वयं की जमीन

*ओबेदुलागंज में 10 अगस्त को एक निजी कम्पनी के भूमि पूजन में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से निवेदन किया था की राहुल नगर को पट्टा दिया जाए. जिसको लेकर मोहन यादव ने आश्वासन दिया की जल्द ही राहुल नगर के रहवासियो को पट्टा मिलेगा और वो स्वयं अपने ज़मीन के मालिक होंगे।*

### पूर्व मुख्यमंत्री की घोषणा 13 साल भी अधूरी

मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री रहते हुए एक चुनावी सभा में राहुल नगर के लोगो को पट्टा देने का वादा किया था जो आज भी अधूरी है।

### आवेदन दिया है



विगत माह पूर्व रायसेन में आयोजित दिशा की बैठक में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राहुल नगर को पट्टा दिलाने के लिए निर्देश दिए थे, जिसको लेकर मैंने गौहरगंज तहसीलदार को आवंटन के लिए आवेदन दिए था। अभी तक कोई जवाब नहीं मिला है।

**प्रशांत जैन**, सीएमओ नगर

### पुलिस बल मिलने के बाद अतिक्रमण हटाया जाएगा

वन भूमि पर हो रहे कब्जे को हटाने को लेकर मेरे द्वारा कलेक्टर रायसेन और पुलिस अधीक्षक को बल मुहैया कराने को लेकर आवेदन किया है टास्क फोर्स की मीटिंग के बाद जैसे ही हमें पुलिस बल मिलेगा उसके वाद पूरा अतिक्रमण हटाया जाएगा।

**हेमंत रैकवार**, वन अधिकारी औबेदुलागंज

## खबर संक्षेप



### ठाकरे की पुण्यतिथि पर श्रद्धा-सुमन किए अर्पित

**भोपाल।** स्व. कुशाभाऊ ठाकरे की पुण्यतिथि पर रविवार को महापौर मालती राय ने भदभदा विश्रामघाट परिसर स्थित स्व. ठाकरे की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर जोन अध्यक्ष आरती अनेजा, मुकेश राय सहित जनप्रतिनिधि व आम लोगों ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### यात्रियों का बढा ग्राफ 2349 ने किया सफर



**भोपाल।** भोपाल मेट्रो में आम दिनों भले ही यात्रियों का ग्राफ कम रहता हो, लेकिन अवकाश के दिन लोग इसमें यात्रा करने का आनंद लेने जरूर पहुंच रहे हैं। दूसरे रविवार को 2349 लोग मेट्रो में यात्रा करने पहुंचे। अधिकांश सपरिवार पहुंचे थे। यात्रा के दौरान बच्चों के साथ बडे भी बाहरी तस्वीरों के साथ सेल्फी लेते नजर आए। क्रिसमस के दिन 4,264 लोगों ने यात्रा की जबकि 26-27 दिसंबर को वर्किंग डे में भीड़ कम रही, आंकड़ा 1,473 से 1,500 के बीच रहा। सबसे ज्यादा भीड 25 दिसंबर को रही। यात्रियों के पसंदीदा स्टेशन एम्स और सुभाष नगर ही हैं जहां सबसे ज्यादा लोग और वाहन पहुंचते हैं।

## जांच के बाद होगा खुलासा, अलाव से लगी आग या फिर शार्ट-सर्किट का मामला

# झोपड़ी में लगी आग, बिस्तर पर जला मिला अधेड़ का शव, पलंग व कूलर भी जलकर हुए खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित कोकता नंबर-4 में 50 साल के व्यक्ति की आग की चपेट में आने से संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह 100 फीसदी जली हालत में पूरी तरह जले पलंग पर पड़े मिले। पड़ोसियों का कहना है कि अकेले रहते थे और चलने-फिरने में असमर्थ थे। सर्दी अधिक होने पर वह बिस्तर के पास ही आग जलाकर सोते थे। हादसे में झुग्गीनुमा शेड में रखा कूलर व अन्य सामान भी जलकर खाक हो गया।



सूचना मिलते ही एफएसएल पार्टी के साथ पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही तय हो सकेगा कि आग सर्दी से बचने के लिए जलाए अलाव से लगी है अथवा शार्ट सर्किट के चलते हादसा हुआ है। मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार कोकता नंबर चार बिलखिरिया निवासी संतोष कुमार यादव (50) पूर्व में मिस्त्री का काम करते थे।

शुगर और अन्य बीमारियों के चलते कुछ दिनों से वह अशक्त हो गए थे और ढंग से चल-फिर नहीं पाते थे। वह ज्यादातर अपनी झुग्गी में बिस्तर पर पड़े रहते थे और आस-पड़ोस के लोग उनके भोजन आदि की व्यवस्था करते थे। शनिवार देर रात धुआं उठता देख पड़ोसी झोपड़ी में पहुंचे और आग बुझाई। बिस्तर पर संतोष कुमार का जला हुआ शव पड़ा था। बिस्तर भी जल गया था और पास में रखा कूलर भी जलकर खाक हो गया। कूलर जलने से अनुमान लगाया जा रहा है कि आग कहीं शार्ट सर्किट के कारण तो नहीं लगी। पुलिस को पीएम रिपोर्ट और एफएसएल टीम की रिपोर्ट का इंतजार है।

### सतलापुर से नर्मदापुरम जा रहा युवक रहस्यमय ढंग से लापता

## 8 घंटे बाद भी नहीं लगा गुमशुदा युवक का सुराग

*__मंडीदीप।__ शहर के सतलापुर क्षेत्र में दोस्तों के साथ पार्टी करने के बाद नर्मदापुरम के लिए रवाना हुआ एक युवक रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया। घटना शुक्रवार देर रात की है और अब तक 48 घंटे बीत जाने के बावजूद युवक का कोई पता नहीं चल सका है। लापता युवक की पहचान 34 वर्षीय विवेक शर्मा उर्फ अविनाश उर्फ काके के रूप में हुई है, जो मूल रूप से नर्मदापुरम का निवासी है। विवेक पहले मंडीदीप में रह चुका है और अपने दोस्तों से मिलने अक्सर यहां आता-जाता रहता था। शुक्रवार रात को सतलापुर में दोस्तों के साथ पार्टी करने के बाद वह अपनी कार से नर्मदापुरम के लिए निकला था, लेकिन न तो वह घर पहुंचा और न ही उसका कोई सुराग मिला।परिजनों के अनुसार, विवेक का मोबाइल फोन लगातार बंद आ रहा था। हालांकि शनिवार शाम को अचानक फोन चालू हुआ। जब परिजनों ने कॉल किया तो दूसरी तरफ से एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन उठाया और बताया कि उसे यह मोबाइल रतापानी क्षेत्र में एक ढाबे के पास पड़ा हुआ मिला था। इस घटना की सूचना मिलते ही सतलापुर थाना पुलिस हरकत में आई। परिजनों की रिपोर्ट पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस विवेक की मोबाइल डिटेल्स की जांच कर रही है। फुटेज की पड़ताल की जा रही है। विवेक के लापता होने की खबर फैलते ही नर्मदापुरम और मंडीदीप के युवकों की भीड़ सतलापुर थाने में जमा हो गई। सभी चिंतित परिजनों के साथ खोजबीन में सहयोग कर रहे हैं। सतलापुर थाना प्रभारी विजय त्रिपाठी ने कहा कि पुलिस हर कोण से जांच कर रही है और जल्द ही युवक का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।*



### बाइक सड़क किनारे पोल से टकराई, टेलर की मौत

*अयोध्या नगर थाना क्षेत्र स्थित अरहेड़ी गांव में टाइल्स फैक्ट्री के पास शनिवार-रविवार की दरमियानी रात 12 बजे तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पोल में जा घुसी। इस हादसे में बाइक सवार टेलर को गंभीर चोट आई थी। उसे राहगीरों ने एंबुलेंस की मदद से निजी अस्पताल पहुंचाया, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार पंकज कुमार विश्वकर्मा (38) अर्जुन नगर, अयोध्या बायपास पर रहता था और टेलरिंग का काम करता था। उसका एक घर चौपड़ा गांव में है। शनिवार रात वह बाइक से अकेला चौपड़ा वाले घर से अर्जुन नगर आ रहा था। वह अरहेड़ी गांव में टाइल्स फैक्ट्री के पास पहुंचा ही था कि रात करीब 12 बजे के आसपास उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पोल में जा घुसी। बाइक रफ्तार में होने के कारण उसे सिर में गंभीर चोट आई थी। वहां से गुजर रहे कुछ लोगों ने एंबुलेंस की मदद से पंकज को भानपुर स्थित निजी अस्पताल पहुंचाया, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर बताया कि पंकज की मौत हो चुकी है।*

### खाना नहीं बनाने को लेकर हुआ था विवाद

## शहडोल में बेटी के सामने पति ने की पत्नी की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहडोल में खाना नहीं बनाने को लेकर हुए झगड़े में एक शख्स ने बेटी के सामने पत्नी की हत्या कर दी। पुलिस ने सात दिन बाद आरोपी पति दिनेश सिंह गोंड को गिरफ्तार कर लिया है। घटना गोहपारू थाना क्षेत्र के बरहा गांव की है।

पुलिस के मुताबिक, 21 दिसंबर को आरोपी पति खुद थाने पहुंचा और पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी शांति बाई (35) बीमार थी। अचानक उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया और मौके पर जाकर जांच की। मौके पर महिला के शरीर पर कई चोट के निशान पाए गए, जिससे पुलिस को मामला संदिग्ध लगा। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। डॉक्टरों की रिपोर्ट में स्पष्ट हुआ कि मौत गंभीर चोटों के कारण हुई है।

#### पूछताछ में पति ने कबूला जुर्म

*शॉर्ट पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की। इस दौरान उसने स्वीकार किया कि पत्नी से खाना बनाने को लेकर विवाद हुआ था, जो बढ़ते-बढ़ते हिंसा में बदल गया और मारपीट के दौरान उसकी मौत हो गई।*

### आशीर्वाद समारोह में विद्यार्थियों को मिले टाइटल

## यह विदाई नहीं, नए अध्याय की शुरुआत : सिद्ध भाऊ



विद्यार्थियों को सम्मानित करती पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल, संत हिरदाराम नगर द्वारा कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए 'आशीर्वाद समारोह' का आयोजन एनएचएलपीएस ऑडिटोरियम में अत्यंत वातावरण में संपन्न हुआ। संस्थान के अध्यक्ष सिद्ध भाऊ ने कहा कि यह विदाई नहीं, बल्कि जीवन के एक नए और महत्वपूर्ण अध्याय की शुरुआत है। शिक्षा का उद्देश्य केवल सफलता प्राप्त करना नहीं, बल्कि एक संवेदनशील, जिम्मेदार और संस्कारवान नागरिक बनना है।

उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अपेक्षा व्यक्त की कि वे जहां भी जाएं, विद्यालय की गरिमा और मूल्यों को सदैव बनाए रखें। संस्था के सचिव घनश्याम बूलचंदानी ने कहा कि ये छात्र संस्था की शैक्षणिक परंपरा और मूल्यों के संवाहक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि जीवन में अनुशासन, परिश्रम और नैतिक मूल्यों को अपनाकर वे सफलता के नए आयाम स्थापित करें।

#### अनुशासन, परिश्रम, नैतिक मूल्यों का बताया महत्व

*कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य एएन मणिकंडन द्वारा विद्यार्थियों को प्रेरणादायी संबोधन दिया गया, जिसमें उन्होंने जीवन में अनुशासन, परिश्रम और नैतिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों द्वारा कृतज्ञता ज्ञापन तथा कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा शुभकामनाओं ने समारोह को भावनात्मक गरिमा प्रदान की। इस अवसर पर कक्षा 12वीं के छात्रों को विशेष टाइटल से सम्मानित किया गया जिसके अंतर्गत मिस्टर अर्ली बर्ड कुशल भावनानी, मिस्टर बुकवर्म मोहित दे, मिस्टर कूल तुषार साधवानी, मिस्टर फिट एंड फेबुलस दक्ष केसवानी, मिस्टर एंटरटेनमेंट लकी नागर, लिटरेरी स्टार हर्षल रामरखियानी, मिस्टर करेजियस मोहित वाधवानी, मिस्टर वर्सेटाइल भव्य कृपलानी, मिस्टर इव मोहित बच्चानी, मिस्टर एमजीपीएस उज्ज्वल मंगतानी। इसके उपरांत कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को विशेष उपाधियों से सम्मानित कर स्मृति-चिह्न प्रदान किए गए।*

### परीक्षण शिविर में हुई जांच

## 276 में से 35 ड्राइवरों की आंखों में निकला मोतियाबिंद, होगी सर्जरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

डीसीपी यातायात बसंत कौल ने रविवार को सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय, यातायात पुलिस एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से लोक परिवहन सेवाओं में कार्यरत ड्राइवरों के लिए निःशुल्क दृष्टिदोष, नेत्र एवं दंत रोग परीक्षण शिविर का शुभारम्भ किया। सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत यातायात जागरूकता के लिए परवाह थीम पर आयोजित यह शिविर नादरा बस स्टैण्ड पर लगाया गया, जिसमें दृष्टिदोष एवं नेत्र व्याधियों से पीड़ित 276 ड्राइवरों ने अपनी आंखों व दांतों का दंत परीक्षण कराया। जांच के दौरान 54 में दृष्टिदोष तथा 35 ड्राइवरों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए। सेवा सदन द्वारा कमजोर दृष्टि वाले 54 ड्राइवरों को निःशुल्क चश्मे प्रदान किए गए तथा नेत्र रोगों से पीड़ित 240 ड्राइवरों को आवश्यक निःशुल्क आई ड्रॉप्स दी गईं। इसके अतिरिक्त 12 ड्रायवरों को विस्तृत नेत्र परीक्षण के लिए सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय में जांच कराने की सलाह दी गई। शिविर में ब्लड प्रेशर एवं मधुमेह की भी जांच की गई।


नेत्र एवं दंत रोग परीक्षण शिविर में जांच कराते ड्राइवर।

#### ड्राइवरों से अपील की

*शिविर में बसंत कौल ने ड्राइवरों से अपील की कि लोक परिवहन सेवाओं में लगे ड्राइवरों को समय-समय पर अपनी आंखों की जांच अवश्य करवानी चाहिए, क्योंकि दृष्टि कमजोर होने पर वाहन संचालन सुरक्षित नहीं रह जाता। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के डीजीएम कुंदन ज्योति ने कहा कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बैंकिंग सेवाओं के साथ सामाजिक उत्तरदायित्वों के लिए भी प्रतिबद्ध है। सेवा सदन व यातायात पुलिस भविष्य में भी ऐसे जन-उपयोगी कार्यों में सहयोग करता रहेगा।*

## व्यापार महासंघ सम्मेलन जल्द होगा, आशीष सक्रिय

**औबेदुल्लागंज।** अब विशाल व्यापार महासंघ सम्मेलन होगा। इसके लिए व्यापार महासंघ के कोषाध्यक्ष आशीष दीक्षित सक्रिय हो गए हैं। दीक्षित ने बताया कि व्यापार महासंघ सम्मेलन के लिए अध्यक्ष जगदीश चंदानी और सचिव प्रदीप अरोरा ने भी मार्गदर्शन दिया। दीक्षित ने सकारात्मक सोच के साथ व्यापार संघ के सभी लोगों को साथ लेकर कार्य करना शुरू कर दिया है। आशीष ने कैलाश डब्बू नागर व बल्लू अरोरा के साथ मिलकर कार्य प्रारंभ कर दिया है। आशीष दीक्षित का कहना है कि मैं तो व्यापार संघ के लिए समर्पित हूं।



खबर का असर

### 10 घंटे तक बिजली देने की मांग की

## खेतों की बिजली कटौती की शिकायत की, सौंपा ज्ञापन


ज्ञापन सौंपते नागर समेत अन्य लोग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

कांग्रेस समेत ग्रामीणों ने औबेदुल्लागंज के किसान के साथ औबेदुल्लागंज विद्युत मंडल पहुंचकर बिजली कंपनी के मुख्य अधिकारी से मुलाकात कर खेतों की बिजली कटौती को चर्चा की। खेतों में 10 घंटे लाईट मिलना चाहिए, लेकिन अभी मुश्किल से 7 से 8 घंटे ही किसान को बिजली मिल पा रही है। अभी गेहूं की फसल की बुवाई का समय है और पर्याप्त मात्रा में किसानों को बिजली नहीं मिल पा रही है। इस समस्या को लेकर रविवार को किसान साथियों के साथी औबेदुल्लागंज विद्युत मंडल में बिजली अधिकारी से चर्चा की। इस अवसर पर विद्युत प्रबंधक को ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर किसानों के साथ कांग्रेस नेता परेश नागर, हरजीत सिंह मंगू, राजू मेहरा पंकज नागरानी आदि किसानों के साथ ज्ञापन देने पहुंचे।

### कहा- कलेक्टर को बता देना, एक ईंट हटाई तो मैं यहीं खड़ा मिलूंगा

## आदिवासी बस्ती हटाने के नोटिस पर भड़के पीसीसी चीफ पटवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पीसीसी चीफ जीतू पटवारी भोपाल के मानस भवन में सामाजिक न्याय सम्मेलन में शामिल होने पहुंचे थे। यहां मानस भवन से लगी आदिवासियों की झुग्गी बस्ती की महिलाएं नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी के साथ पटवारी से मिलने पहुंची। आदिवासी बस्ती की महिलाओं ने जीतू पटवारी से कहा कि करीब 60-70 साल से हम लोग यहीं पीछे झुग्गी बस्ती में रहते आए हैं।

प्रशासन ने हमारे घर तोड़ने का नोटिस दिया है। आप हमारी स्थिति देख लीजिए, तंग गलियों में हमने कर्ज लेकर जैसे तैसे छोटे-छोटे घर बनाए, अब प्रशासन इन्हें मानस भवन के लिए तोड़ना चाहता है।

#### जीतू ने एसडीएम को फोन किया

*जीतू पटवारी ने आदिवासी बस्ती से ही मुख्य सचिव अनुराग जैन को कॉल किया। लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। जीतू पटवारी ने स्थानीय एसडीएम को फोन किया और कहा- मैंने कलेक्टर साहब को फोन लगाया था, उनका फोन बंद आ रहा है। मानस भवन वाले मकान अगर तोड़ोगे तो हम आपके खिलाफ खड़े रहेंगे। मैं खुद भी आऊंगा और हमारी पूरी कांग्रेस रहेगी।*

### केंद्रीय मंत्री, सांसद, विधायक समेत भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

पटवा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया

## स्व. सुंदरलाल पटवा की पुण्यतिथि पर उनके योगदान को याद कर अर्पित किए श्रद्धासुमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

रविवार को विधायक सुरेंद्र पटवा ने भारतीय जनता पार्टी के आधार स्तंभ एवं वरिष्ठ नेता, मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, अद्भुत नेतृत्व क्षमता, विनम्रता एवं वैचारिक दृढ़ता के धनी पद्मविभूषण स्वर्गीय सुन्दरलाल पटवा की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। सुंदरलाल पटवा की पुण्यतिथि पर उन्होंने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर सुरेंद्र पटवा ने कहा कि राष्ट्रसेवा, संगठन के विस्तार के प्रति आपका समर्पण भारतीय राजनीति में अनुकरणीय और प्रेरणास्त्रोत है।

आपके महान विचार और कार्य हम सभी को सेवापथ पर सदैव प्रेरणा देते रहेंगे। लोककल्याण के प्रेरणास्त्रोत, सुंदरलाल पटवा की पुण्यतिथि पर मध्य प्रदेश के सर्वांगीण विकास में उनके बहुमूल्य योगदान को सदैव श्रद्धा, सम्मान और कृतज्ञता के साथ स्मरण किया जाता रहेगा।


विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, विधायक पटवा के साथ स्व. सुंदरलाल पटवा को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए।

#### इन्होंने अर्पित की श्रद्धांजलि

*केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि राष्ट्र सेवा और समाज के कमजोर वर्ग के उत्थान के लिए जीवन का हर क्षण समर्पित कर देने वाले मार्गदर्शक, पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा की पुण्यतिथि पर उनके चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित करता हूं। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, राजेंद्र शुक्ला मंत्री, सांसद आलोक शर्मा आदि ने श्रद्धांजलि दी।*


भोजपुर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

#### अनुयायियों ने बंगले पर पहुंच कर श्रद्धांजलि दी

पटवा के बंगले पर पहुंच कर स्व. सुंदरलाल पटवा को जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा सुरजीत सिंह गिल, कैलाश विनय, कन्हैया नंदवंशी, रमेश गौर, भूपेंद्र नागर, पंकज कोठारी आदि ने श्रद्धांजलि दी।

#### विधानसभा अध्यक्ष तोमर ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए

स्व. पटवा को राज्यपाल थावर चंद्र गहलोत, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। वहीं पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए विधायक डॉ. प्रभु राम चौधरी ने पुष्पांजलि अर्पित की।



# आदिवर्त संग्रहालय स्थापना वर्षगांठ पर खजुराहो बना सांस्कृतिक उत्सव का साक्षी

## कला यात्रा से लेकर लोकनृत्य, रामलीला और शिल्प मेले तक दिखी परंपरा की जीवंत छाप

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

खजुराहो स्थित आदिवर्त जनजातीय लोककला एवं राज्य संग्रहालय में आयोजित तृतीय स्थापना वर्षगांठ समारोह के दूसरे दिन पूरे नगर में सांस्कृतिक उल्लास का अद्भुत दृश्य देखने को मिला। लोकपरंपरा, आस्था और जनभावनाओं से ओत-प्रोत यह आयोजन जन सहभागिता का प्रेरक उदाहरण बना।



गणगौर की प्रस्तुति देतीं युवतियां।



रामलीला का मंचन करते कलाकार।

### मातंगेश्वर महादेव मंदिर से कला यात्रा का हुआ शुभारंभ

रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजे कलाकारों, ढोल-नगाड़ों की गूंज, लोकवाद्यों की मधुर स्वर-लहरियों और नृत्य करते दलों ने नगर को सांस्कृतिक ऊर्जा से भर दिया। नगर भ्रमण के पश्चात यात्रा संग्रहालय परिसर पहुंची, जहां उत्सव का माहौल चरम पर रहा। मंचीय प्रस्तुतियों की शुरुआत टीकमगढ़ की संगीता रैकवार द्वारा बुंदेली गायन से हुई। देवी गीत, बधाई और बिलवारी गीतों को दर्शकों ने खूब सराहा, इसके बाद छत्तीसगढ़ से आए दिनेश कुमार एवं साथी कलाकारों ने पारंपरिक पंथी नृत्य की ऊर्जावान प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। गोंड जनजाति की धुलिया उपजाति से जुड़े मुरारी लाल धुर्वे एवं साथियों ने गुदुम बाजा और सैला कर्मा प्रस्तुत किया। सागर के उमेश कुमार नामदेव ने बुंदेलखंड के बधाई नृत्य का मंचन किया, जबकि खंडवा की सोनम जैन ने निमाड़ी गणगौर नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं रामलीला में श्रीराम विवाह, वनगमन और दशरथ देवलोक गमन के दृश्यों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

## दुष्यंत कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय का 28वां स्थापना पर्व प्रारंभ

# पुस्तक 'दिन फिरने वाले हैं' का लोकार्पण एवं नाटक 'एक कंठ विषपायी' का मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

दुष्यन्त कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय में 28वें स्थापना पर्व का शुभारंभ हुआ, जहां तीन दिवसीय आयोजन के प्रथम दिन का कार्यक्रम संग्रहालय के राज सदन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ नाट्य निर्देशक एवं सिने अभिनेता राजीव वर्मा ने की, मुख्य अतिथि के रूप में आकाशवाणी के निदेशक राजेश भट्ट उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय के निदेशक संजय श्रीवास्तव एवं आलोक त्यागी शामिल रहे।



कार्यक्रम का शुभारंभ करते सिने अभिनेता राजीव वर्मा व अन्य अतिथि।

### 'एक कण्ठ विषपायी' का प्रभावशाली मंचन




कार्यक्रम के दूसरे सत्र में दुष्यन्त कुमार के काव्य नाटक 'एक कण्ठ विषपायी' का मंचन किया गया। इस काव्य नाटक के माध्यम से दुष्यन्त कुमार ने सामाजिक व्यवस्थाओं और विद्रूपताओं पर तीखा प्रहार किया है। नाटक में दक्ष यज्ञ, सति का आत्मदाह, शिव का शोक और ब्रह्मांडीय त्रासदी और शक्ति पीठों की स्थापना की पौराणिक कथा को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। नाटक का निर्देशन आनंद मिश्रा ने किया।

### *अजय बाजपेयी की पुस्तक का लोकार्पण*



पुस्तक का लोकार्पण करते अतिथि।

इस अवसर पर अजय बाजपेयी की पुस्तक 'दिन फिरने वाले हैं' का लोकार्पण मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया, पुस्तक पर समीक्षात्मक टिप्पणी गोकुल सोनी ने प्रस्तुत की। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में दुष्यन्त कुमार के साथ-साथ राजुरकर राज का स्मरण करते हुए संग्रहालय की साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की सराहना की।

### *कविता पोस्टर का लोकार्पण*



संग्रहालय परिसर में पोस्टर का विमोचन।

उद्घाटन सत्र के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा दुष्यंत कुमार के कविता पोस्टर का भी लोकार्पण किया गया। स्वागत एवं संचालन कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन करुणा राजुरकर ने दिया, जबकि मंच संचालन विशाखा राजुरकर ने किया।

# साहित्यकार ही सृष्टि का निर्माताः रघुनंदन



ांबरेण्रित करते पूर्व सांसद शर्मा।

मध्यप्रदेश लेखक संघ के साहित्यकार सम्मेलन में प्रदेश के 28 साहित्यकार सम्मानित



वक्तव्य देते आरएनटीयू के कुलपति चौबे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

साहित्यकार ही सृष्टि का निर्माता है, सृष्टि की रचना से लेकर आज तक साहित्यकारों की सनातन परंपरा रही है, साहित्य समाज और राष्ट्र का दिग्दर्शक होता है और विभिन्न रसों के माध्यम से मन और देह को प्रफुल्लित करता है।
यह विचार मध्यप्रदेश के लेखक साहित्यकार ,अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद रघुनंदन शर्मा ने व्यक्त किए।सारस्वत अतिथि विकास दवे ने मध्यप्रदेश लेखक संघ की सराहना करते हुए कहा कि संघ ने प्रदेश स्तर पर साहित्यकारों को जोड़कर आंचलिक भाषाओं ,साहित्य की विविध विधाओं के लेखकों को मुख्यधारा में लाने का सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने लेखकों से राष्ट्रीय एकता को सुदृढ़ करने एवं राष्ट्रविरोधी तत्वों के विरुद्ध जनचेतना जागृत करने का आह्वान किया। इस अवसर पर संघ की स्मारिका का विमोचन और अर्पित साहू द्वारा निर्मित लेखक संघ की वेबसाइट का लोकार्पण किया गया।

### साहित्यकार ही समाज की रक्षा कर सकते हैं

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रविन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति संतोष चौबे ने कहा कि आज समाज के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की है, जिससे केवल साहित्यकार ही समाज की रक्षा कर सकते हैं। उन्होंने लेखकों से तकनीक के सकारात्मक प्रयोग के साथ-साथ भाषा की शुद्धता, लोकोक्तियों एवं मुहावरों के समुचित प्रयोग पर ध्यान देने का आग्रह किया।

### 28 साहित्यकारों को किया सम्मानित



कार्यक्रम में साहित्यकारों को सम्मानित करते अतिथि।

सम्मेलन में वर्ष 2025 के साहित्यिक सम्मानों से प्रदेश के 28 लोगों को अलंकृत किया गया। इनमें पं. बटुक चतुर्वेदी अक्षर आदित्य सम्मान से डॉ. गंगा प्रसाद गुप्त, सारस्वत सम्मान से महेश सक्सेना, प्रमोद शिरढोणकर स्मृति राष्ट्र प्रेरणा सम्मान से शशिकांत यादव, राधेश्याम द्विवेदी पौराणिक नाटक सम्मान से अरुण अपेक्षित, डॉ. सरोजिनी कुलश्रेष्ठ कहानी सम्मान से नीता श्रीवास्तव हरिशंकर तिवारी यात्रा वृत्तांत सम्मान से डॉ. विनय राजा षडंगी राजाराम, डॉ. साधना बलवटे को सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट इकाई सम्मान खरगोन इकाई के अध्यक्ष डॉ. मधुसूदन बार्चे को प्रदान किया गया।

## सत्य साई कॉलेज में भाषा एवं साहित्य-शोध विषय पर हुई विभागीय संगोष्ठी

**भोपाल।** श्री सत्य साई महिला महाविद्यालय, के स्नातकोत्तर हिन्दी एवं अंग्रेजी विभाग द्वारा 'भारतीय ज्ञान परंपरा ' पर केन्द्रित शोध विषयक विभागीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में भाषा एवं साहित्य से जुड़े विभिन्न विषयों की भारतीय ज्ञान परंपरा में अन्तर्निहित विकास यात्रा की समृद्ध श्रृंखला की चर्चा की गई । इस संगोष्ठी द्वारा शोध-कौशल प्रशिक्षण के पश्चात स्नातकोत्तर हिन्दी व अंग्रेजी की छात्राओं ने अपने विषयों एवं पाठ्यक्रम से संबंधित शोध आलेख लिखने का सफल प्रयास किया और अपने शोध आलेख का पीडीएफ व पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुतिकरण किया।



संगोष्ठी हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अनुपमा चौहान व अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मेघा सिंह के सफल निर्देशन व हिन्दी विभाग की प्राध्यापिकाओं डॉ. मनीषा त्रिपाठी, डॉ.अनुराधा सिंह, डॉ. अनीता तिवारी व अंग्रेजी प्राध्यापिका आकांक्षा के सक्रिय मार्गदर्शन में संपन्न हुई।

## सर्दी में फुट फिजियोथेरेपी का महत्व और कस्टमाइज़्ड फुटवेयर की अहम भूमिकाः डॉ. जगप्रीत

**भोपाल।** सर्दियों का मौसम आते ही ठंड के कारण शरीर की मांसपेशियों और जोड़ों में जकड़न बढ़ जाती है। विशेष रूप से पैरों में दर्द, सुन्नता, ऐंठन और अकड़न जैसी समस्याएं आम हो जाती हैं। चूंकि पैर पूरे शरीर का भार वहन करते हैं, इसलिए इस मौसम में उनकी विशेष देखभाल अत्यंत आवश्यक है। ऐसे में फुट फिजियोथेरेपी और कस्टमाइज़्ड फुटवेयर व इनसोल्स पैरों को स्वस्थ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डॉ. जगप्रीत्स फिजियोथेरेपी एंड फुट केयर क्लिनिक के डॉ. जगप्रीत सिंह का कहना है कि सर्दियों में रक्त संचार धीमा होने से पैरों की मांसपेशियां सख़्त हो जाती हैं। फुट फिजियोथेरेपी के अंतर्गत विशेष व्यायाम, स्ट्रेचिंग, मैनुअल थेरेपी और हीट थैरेपी का उपयोग किया जाता है, जिससे पैरों का रक्त प्रवाह बेहतर होता है, दर्द कम होता है और चलने-फिरने की क्षमता में सुधार आता है। उनका कहना है कि डायबिटीज़ के मरीजों के लिए सर्दियों में फुट केयर और भी ज़्यादा महत्वपूर्ण हो जाती है। मधुमेह के कारण पैरों में नसों की संवेदनशीलता कम हो सकती है, जिससे चोट या छाले का पता देर से चलता है और घाव भरने में समय लगता है। ऐसे मरीजों के लिए कस्टमाइज़्ड फुटवेयर और इनसोल्स बेहद आवश्यक होते हैं।

## तीन दिवसीय 'संभावना' में सजेगा लोक-संस्कृति का रंगारंग संसार

**भोपाल।** मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में नृत्य, गायन एवं वादन पर केंद्रित तीन दिवसीय सांस्कृतिक गतिविधि संभावना का आयोजन 30 दिसंबर से 1 जनवरी तक किया जा रहा है। यह कार्यक्रम प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से आयोजित होगा, जिसमें मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों की समृद्ध लोक एवं जनजातीय परंपराओं की प्रस्तुतियां देखने को मिलेंगी।

कार्यक्रम के पहले दिन गुदुमबाजा, बरेदी, गोटीपुआ, कानड़ा, पंथी नृत्य के साथ भजन, पण्डवानी एवं निमाड़ी लोकगायन की प्रस्तुतियां होंगी। डिंडोरी, छतरपुर, दमोह, दुर्ग, महेश्वर एवं भोपाल के कलाकार मंच सजाएंगे। दुसरे दिन गोंड जनजातीय करमा,सैला, गोटीपुआ, पंथी, कालबेलिया, सौंगीमुखौटा नृत्य के साथ बघेली, गढ़वी एवं आल्हा गायन की रंगारंग प्रस्तुतियां होंगी। इसमें अनूपपुर, उड़ीसा, जोधपुर, नासिक, रीवा, जूनागढ़ एवं रायबरेली के कलाकार सहभागिता करेंगे।

■ 30 दिसंबर से 1 जनवरी तक आयोजन

नववर्ष के दिन 1 जनवरी को मटकी लोकनृत्य, बैगा जनजातीय करमा, कालबेलिया, निमाड़ी लोकनृत्य तथा भजन, बुंदेली, मांड एवं चिरजा गायन प्रस्तुत किए जाएंगे।



कार्यक्रम में प्रस्तुति देने पहुंचे स्थानीय कलाकार।

## 40 स्थानीय कलाकारों ने रंगारंग प्रस्तुति देकर घंटों तक समां बांधा


हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

मॉर्निंग वॉक एंड सिंगिंग ग्रुप का 35 वाँ गीत संगीत का कार्यक्रम एसजी हेरिटेज होटल मे आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय 40 कलाकारों ने अपनी रंगारंग प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी रमेश कुमार जनयानी, विशेष अतिथि एडवोकेट मोहन चतुर्वेदी , विशेष अतिथि रमेश चंदानी एवं विशेष अतिथि लक्ष्मणदास आसवानी रहे। कार्यक्रम की एंकरिंग रोशनी तनवानी ने की । इस अवसर पर मुख्य अतिथि रमेश जनियानी ने बताया कि मॉर्निंग वॉक एंड सिंगिंग ग्रुप का उद्देश्य वरिष्ठ गायकों के मार्गदर्शन में नए कलाकारों को मंच उपलब्ध कराना एवं प्रोत्साहित करना रहता है और यह कार्य ग्रुप के संचालक रामचंद सभनानी बखूबी कर रहे है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुरेश तनवानी, चुनीलाल जेठानी, अशोक आडवाणी, एडवोकेट राजू जाट, जेठानंद तेजवानी, रमेश चंदानी,भगवानदास लीलानी, बीनू यादव, मधु मोहनानी, शोभा लहरिया, रीना मेहता,रमन यादव, वर्षा दामले,सुनीता गौतम,हरदास पेसवानी, हरीश सावलानी, राम भरोसे निमौरे, दिनेश मालवीय ,गोबिंद पवार,अनिल मोतीरामानी, अमर अवतरमानी, अशोक चंचलानी, भागचंद पेसवानी, घनश्याम दास माखीजानी, केएल मोटवानी, राजू दादलानी, मधु मोहनानी, खूबचंद मोहनानी, एडवोकेट मोहन चतुर्वेदी, मालती चतुर्वेदी, मंजू सरिया आदि ने कार्यक्रम मैं रंगारंग प्रस्तुति दी।

**पुराने गीतों पर मंत्रमुग्ध हुए श्रोता**

## मुस्कान म्यूजिकल ग्रुप की संगीत संध्या 3 को

**भोपाल।** राजधानी की चर्चित संगीत संस्था सुरमाला म्यूजिकल ग्रुप का संगीतमयी आयोजन 3 जनवरी शनिवार को राजधानी के एमपी नगर स्थित एक निजी होटल में किया जाएगा। ग्रुप संयोजक मनीष सक्सेना और सुरंगमा सक्सेना (मोना) ने बताया कि शाम 4 बजे से आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में राजधानी के अनेक शौकिया सिंगर कराओके म्यूजिक पर नए-पुराने गीतों की प्रस्तुति देंगे। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में संतनगर के मशहूर सिंगर किशोर कुमार फेम मोहन बेलानी, उनकी पत्नी भविषा बेलानी, अजय खंगन, अशोक मनवानी, शरद सोनी, शक्ति, मीता, आरबीआई के असीम सक्सेना, उनकी पत्नी शिप्रा सक्सेना, परसो नाथानी, रमेश चंदानी समेत 40 से अधिक सिंगर अपने सुरों का जादू बिखेरेंगे। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनसंपर्क विभाग के उप संचालक अशोक मनवानी होंगे। इसके साथ ही संस्था के संयोजक मनीष और सुरंगमा भी अपनी प्रस्तुतियों से शाम सुरीली बनाएंगे। संयोजकों ने बताया कि इन दिनों सभी सिंगर कार्यक्रम में प्रस्तुति देने के लिए जी तोड़ मेहनत करते हुए रिहर्सल में जुटे हुए हैं।



3 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम की रिहर्सल करते प्रतिभागी।



## एलएनसीटी समूह 'हार्टफुलनेस कैंपस अवॉर्ड 2025 सर्टिफिकेट ऑफ़ रिकग्निशन से सम्मानित

**भोपाल।** लक्ष्मी नारायण कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी समूह ( एलएनसीटी समूह) को 'हार्टफुलनेस कैंपस अवार्ड 2025 – सर्टिफिकेट ऑफ़ रिकग्निशन' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान एलएनसीटी समूह को हार्टफुलनेस के ग्लोबल मुख्यालय कान्हा शांति वनम्, हैदराबाद में नेशनल एजुकेशनल कॉन्क्लेव में प्रदान किया गया जो 19 और 20 दिसंबर को आयोजित की गई। यह अवॉर्ड नेशनल एजुकेशनल टेक्नोलॉजी फोरम और नेशनल असेसमेंट एंड एक्रेडिटेशन काउंसिल के चेयरमैन प्रो. अनिल सहस्त्रबुद्धे ने एलएनसीटी के प्रतिनिधि डएँ. अमित श्रीवास्तव, डीन स्टूडेंट वेलफेयर, एलएनसीटी को प्रदान किया। एलएनसीटी समूह के चेयरमैन जेएन चौकसे ने कहा कि हम 2017 से नियमित हार्टफुलनेस मेडिटेशन सेशन के माध्यम से छात्रों के सर्वांगीण विकास के प्रति निरंतर प्रतिबद्ध है। डा. अनुपम चौकसे, सचिव एलएनसीटी समूह ने कहा कि स्टूडेंट्स और टीचर्स अपने कार्य पर फोकस कर सकें और अपना श्रेष्ठ योगदान राष्ट्र निर्माण में दे सके इसके लिए ध्यान और योग से 'हार्टफुलनेस' से जोड़ा है यह तनाव कम करने, मानसिक शांति पाने और हृदय-केंद्रित जीवन जीने के लिए उपयोगी है।

■ हैदराबाद में किया गया सम्मानित

## आईईएस यूनिवर्सिटी में दो दिवसीय फ्रेशर्स पार्टी आगाज-2के25 का आयोजन

# छात्रों ने दी भगवान कृष्ण गाथा एवं विष्णु के 10 अवतार की मनमोहक प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल


आईईएस यूनिवर्सिटी एवं आईईएस कॉलेज ऑफ टेक्नॉलजी के छात्रों के लिए आगाज – फ्रेशर्स पार्टी 2025 का आयोजन आईईएस कैम्पस के ओपन ऑडिटोरियम में किया गया। आगाज 2025 का शुभारंभ डॉ. सुनीता सिंह, प्रो चान्सलर आईईएस यूनिवर्सिटी, द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। डॉ. सुनीता ने स्वागत भाषण दिया, साथ ही विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया एवं उनका मार्गदर्शन किया। आगाज 2के25 में सर्वा प्रथम छात्रों ने मनमोहक सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। इसके बाद सीनियर्स एवं जूनियर छात्रों द्वारा कई रंगारंग कार्यक्रम जिनमें क्लासिकल एवं वेस्टर्न थीम पर शानदार ग्रुप एवं सोलो डांस, रैंप वॉक, स्कीट एवं डीजे नाइट का आयोजन किया गया। आगाज 2के25 में छात्रों द्वारा कृष्ण गाथा एवं विष्णु जी के 10 अवतार की मनमोहक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। वहीं छात्रों ने की फिल्मी गाने जिनमे दस बहाने करके ले गए दिल, नैनो वाले ने, मेरा ही जलवा पर धमाकेदार डांस की प्रस्तुति दी एवं दर्शको को अपने साथ डांस कराया। सभी छात्रो ने डांस में जमकर तालिया बजाई एवं परफॉर्मेंस का उत्साह बढ़ाया। आगाज 2के25 में छात्रो द्वारा विशेष वेश भूषा से अंतरूप होकर शानदार रेम्प वॉक की प्रस्तुति दी जिसके आधार पर मिस्टर ईव एवं मिस ईव मिस्टर आगाज एवं मिस आगाज के अवार्ड से नवाजा गया। आगाज 2025 के अंत में छात्रो के लिए ग्रांड फ़निले के चलते ओपन डीजे का आयोजन किया गया जिसमे सभी छात्रो ने डांस, मस्ती के साथ आगाज ईवनिंग का आनंद लिया।

***विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाया एवं मार्गदर्शन किया***



सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देती छात्राएं।





मन की बात में बोले पीएम मोदी

# स्वतंत्रता सेनानियों, वैज्ञानिकों और युवा शक्ति ने देश को गौरवान्वित किया

प्रधानमंत्री ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम के 129वें एपिसोड में देश को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने इस साल सेना का शौर्य बना ऑपरेशन सिंदूर, स्वतंत्रता सेनानी पार्वती गिरि, एंटीबायोटिक दवाओं, कश्मीर के बारामूला में मिले बौद्ध स्तूपों के अवशेष और देश में युवा की भागेदारी समेत कई अहम मुद्दों पर बातचीत की।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम के 129वें एपिसोड में देश को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने इस साल सेना का शौर्य बना ऑपरेशन सिंदूर, स्वतंत्रता सेनानी पार्वती गिरि, एंटीबायोटिक दवाओं, कश्मीर के बारामूला में मिले बौद्ध स्तूपों के अवशेष और देश में युवा की भागेदारी समेत कई अहम मुद्दों पर बातचीत की। पीएम मोदी ने स्वतंत्रता सेनानी पार्वती गिरी को याद किया। गणतंत्र दिवस पर हमारा मन स्वतंत्रता सेनानियों और संविधान निर्माताओं के प्रति कृतज्ञता के भाव से भर जाता है। दुर्भाग्य से आजादी के अनेक नायक-नायिकाओं को उचित सम्मान नहीं मिला।




### भारत ने सुरक्षा, खेल, विज्ञान और वैश्विक मंचों पर

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश की सुरक्षा से लेकर खेल के मैदान तक, विज्ञान की प्रयोगशालाओं से लेकर दुनिया के बड़े मंचों तक भारत ने हर जगह अपनी मजबूत छाप छोड़ी। ऑपरेशन सिंदूर' हर भारतीय के लिए गर्व का प्रतीक बना। दुनिया ने साफ देखा कि आज का भारत अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करता। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान देश के कोने-कोने से मां भारती के प्रति प्रेम और समर्पण की तस्वीरें सामने आईं। लोगों ने अपने-अपने तरीके से अपने भाव व्यक्त किए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 2025 खेल के लिहाज से भी यादगार साल रहा। पुरुष क्रिकेट टीम ने आईसीसी चैंपियन्स ट्रॉफी जीती और महिला क्रिकेट टीम ने पहली बार विश्व कप अपने नाम किया।

### बिना सोचे-समझे एंटीबायोटिक दवाओं का सेवन न करें

पीएम मोदी ने कहा कि बिना सोचे-समझे एंटीबायोटिक दवाओं का सेवन न करें। एंटीबायोटिक ऐसी दवाएं नहीं हैं, जिन्हें यूं ही ले लिया जाए। इनका इस्तेमाल डॉक्टर की सलाह से ही करना चाहिए।

### भारत की उम्मीदों की वजह युवा शक्ति

पीएम मोदी ने कहा कि आज दुनिया भारत को नई आशा के साथ देख रही है और भारत की उम्मीदों की वजह इसकी युवा शक्ति, विज्ञान और तकनीक में हमारी उपलब्धि है।

### 'तमिल सीखें- तमिल करकलम' से जुड़े कई स्कूल

प्रधानमंत्री ने इस साल वाराणसी में हुए 'काशी तमिल संगमम' में तमिल भाषा सीखने को लेकर बात कही। 'तमिल सीखें- तमिल करकलम' थीम के तहत वाराणसी की 50 से ज्यादा स्कूलों में विशेष अभियान चलाए गए।

**दुबई में कन्नड़ सिखाने-पढ़ाने वाले परिवारों को सराहा**
प्रधानमंत्री ने दुबई में कन्नड़ भाषा सिखाने-पढ़ाने वाले परिवारों की सराहना की है। पीएम मोदी ने कहा है कि कन्नड़ परिवारों की पहल से एक हजार से ज्यादा बच्चे जुड़े हैं, जो गर्व की बात है। अपनी जड़ों से जुड़े रहने के प्रयास वैश्विक हैं। प्रवासी भारतीय भी इसमें सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

**सांस्कृतिक केंद्र बना 'गीतांजलि आईआईएससी'**
प्रधानमंत्री ने 'गीतांजलि आईआईएससी' ग्रुप की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि 'गीतांजलि आईआईएससी' यह अब सिर्फ एक क्लास नहीं, बल्कि कैंपस का सांस्कृतिक केंद्र है।

## खबर संक्षेप

### 31 दिसंबर तक करा लें आधार-पैन लिंक

**नई दिल्ली।** नए साल शुरू होने में गिने दिन बचे हैं। नए साल से कई बड़े बदलाव होने की संभावना है।



नए साल जनवरी से कारें महंगी हो रही हैं। कुछ काम ऐसे हैं, जिसे निपटाने का आखिरी मौका 31 दिसंबर तक है। जिनका आधार कार्ड 1 अक्टूबर 2024 या उससे पहले बना है, वे लोग 31 दिसंबर तक पैन से लिंक करा लें।

### नायडू ने राममंदिर में किया दर्शन-पूजन

**अयोध्या।** आंध्र प्रदेश के सीएम चंद्रबाबू नायडू रामनगरी अयोध्या पहुंचे। महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर



प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्त और डीएम निखिल टीकाराम फुंडे ने स्वागत किया। यहां से वह राम मंदिर के लिए रवाना हुए। राम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के दर्शन और पूजन किया।

### दिल्ली में नितिन को मिला नया आवास

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन को दिल्ली में नया आवास मिल गया



है। उन्हें लुटियंस जोन में सरकार द्वारा एक बंगला आवंटित किया गया है। बीन लुटियंस जोन में बंगला नंबर 9, सुनहरी बाग रोड में रहेंगे। मकर संक्रांति के तुरंत बाद ही नितिन नए पते पर शिफ्ट हो जाएंगे। बंगले के रिनोवेशन का काम शुरू हो गया है।

### हुमायूं के बेटे को हिरासत में लिया

**कोलकाता।** बंगाल में बाबरी मस्जिद की नींव रखने को लेकर सुर्खियों में आए हुमायूं कबीर के



बेटे को कोलकाता में हिरासत लिया गया है। आजाद पर पिता की हिरासत में तैनात एक पुलिसवाले को थप्पड़ मारने का आरोप है। जनता उन्नयन पार्टी के चेयरपरसन कबीर अभी सुर्खियों में हैं।

पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई मुख्य सचिवों की बैठक

# प्रशासन सुधार, मानव पूंजी विकास, शिक्षा स्किलिंग,आत्मनिर्भर भारत पर दिया जोर

## उद्देश्य-केंद्र और राज्यों को देश की राष्ट्रीय ग्रोथ के लिए प्राथमिकताओं को एक साथ लाना

भारत मंडपम में किया गया कार्यक्रम | परफॉर्मेंस और गवर्नेंस पर की चर्चा | नीति आयोग द्वारा किया गया आयोजन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

'विकसित भारत के लिए मानव पूंजी' थी थीम




प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के राष्ट्रीय सम्मेलन की पांचवीं बैठक की। यह कार्यक्रम अभी भारत मंडपम में चला। इस कार्यक्रम का मकसद केंद्र और राज्यों को देश की राष्ट्रीय ग्रोथ के लिए अपनी प्राथमिकताओं को एक साथ लाना है।

सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने 'ज्ञानवर्धक' बातचीत की, जिसमें भारत के प्रशासनिक सिस्टम को बेहतर बनाने के लिए सुधार और परफॉर्मेंस के महत्व पर जोर दिया गया।

पीएम मोदी ने कहा कि दिल्ली में हुए मुख्य सचिवों के राष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान गवर्नेंस और सुधारों से जुड़े अलग-अलग मुद्दों पर ज्ञानवर्धक चर्चा हुई। सम्मेलन में मानव पूंजी विकास, शिक्षा, स्किलिंग, टेक्नोलॉजी, आत्मनिर्भर भारत और सुधार परियोजनाओं पर चर्चा हुई। इसके अलावा, राज्यों की कई समस्याओं पर भी सरकार और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच विचार विमर्श किया गया।

### राज्यों में डीरेगुलेशन, गवर्नेंस में टेक्नोलॉजी पर भी की बात

इस साल का सम्मेलन 'विकसित भारत के लिए मानव पूंजी' थीम पर आधारित है और इसमें शुरुआती बचपन की शिक्षा, स्कूली शिक्षा, स्किलिंग, उच्च शिक्षा और एक्स्ट्रा करिकुलम एक्टिविटीज में विकास पर फोकस करने वाले फोरम शामिल हैं। इस सम्मेलन में राज्यों में डीरेगुलेशन, गवर्नेंस में टेक्नोलॉजी और आत्मनिर्भर भारत के तहत प्रोजेक्ट्स पर भी चर्चा शामिल है। यह कार्यक्रम नीति आयोग द्वारा आयोजित किया गया।

### मानव पूंजी बढ़ाने रोडमैप तैयार किया

इस कार्यक्रम का मकसद भारत की मानव पूंजी की क्षमता को ज्यादा से ज्यादा बढ़ाने के लिए एक कॉमन रोडमैप को अंतिम रूप देना है। बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्य सचिवों के साथ मानव पूंजी को बढ़ाने के साथ ही संतुलित रखने परप जोर दिया। सम्मेलन का मुख्य विषय ही रखा गया है- विकसित भारत के लिए मानव पूंजी, इसलिए चर्चा के प्रमुख बिंदुओं में प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा, स्कूली शिक्षा, कौशल विकास, उच्च शिक्षा, खेल और पाठ्येतर गतिविधियां (एक्स्ट्रा करिकुलम एक्टिविटीज) शामिल हैं।

### प्रदेशों की बेस्ट प्रेक्टिस और रणनीतियों को भी जाना

केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों, राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों सहित विशेषज्ञों के बीच विचार-विमर्श के आधार पर विभिन्न प्रदेशों द्वारा अपनाई जाने वाली बेस्ट प्रैक्टिस और रणनीतियों को प्रदर्शित किया गया।

### आत्मनिर्भर भारत पर भी किया मंथन

राज्यों में विनियमन में ढील, शासन में प्रौद्योगिकी, स्मार्ट वैल्यू चेन और एक राज्य-एक विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल, आत्मनिर्भर भारत और स्वदेशी तथा पोस्ट-एलडब्ल्यूई भविष्य की योजनाएं जैसे विषयों पर छह विशेष सत्र हुए।

### 6 विशेष सत्र आयोजित किए गए

सम्मेलन के दौरान 'आत्मनिर्भर भारत', 'स्वदेशी' और 'पोस्ट-एलडब्ल्यूई भविष्य' से जुड़ी योजनाओं जैसे विषयों पर छह विशेष सत्र आयोजित किए गए। इसके अलावा, भोजन सत्रों के दौरान विरासत और पांडुलिपि संरक्षण व डिजिटलीकरण तथा सभी के लिए आयुष-आधारित प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा वितरण में ज्ञान के एकीकरण जैसे विषयों पर भी विचार-विमर्श किया। मुख्य सचिवों का राष्ट्रीय सम्मेलन पिछले चार वर्षों से प्रतिवर्ष आयोजित किया जा रहा है।

अहमदाबाद में गृहमंत्री शाह ने कहा

# मलेरिया में आई 97% की कमी जल्द ही इससे मुक्त होगा भारत



आईएमए के सम्मेलन में केंद्रीय गृहमंत्री शाह

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि भारत में मलेरिया के मामलों में 97 फीसदी की कमी आई है और देश जल्द ही इस बीमारी से मुक्त हो जाएगा। अहमदाबाद के शेला में भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) के सम्मेलन को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि आयुष्मान भारत और मिशन इंद्रधनुष जैसी स्वास्थ्य योजनाओं की वजह से मलेरिया के मामलों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। डेंगू से होने वाली मौतों की दर घटकर केवल एक फीसदी रह गई है, जबकि मातृ मृत्यु दर में 25 फीसदी की कमी आई है। जल्द देश इनसे मुक्ति पा लेगा।

### स्वस्थ जनसंख्या की जरूरत बताई

शाह ने डॉक्टरों से कहा कि उन्हें अपनी कोशिशों को सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं और बुनियादी ढांचे के साथ जोड़ना चाहिए। विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने देश को स्वस्थ जनसंख्या की जरूरत है। इसमें आईएमए की भूमिका अहम है।

### राहुल को समझाना मेरे बस की बात नहीं

शाह ने कहा कि अगर पार्टी लोगों की पसंद की हर बात का विरोध करती है तो उसे वोट नहीं मिलेंगे। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि राहुल को समझाना उनके बस की बात नहीं है।

### आईएमए सस्ती, गुणवत्तापूर्ण सेवा दे

शाह ने कहा कि सरकार ने जेनेरिक दवाओं को सस्ता बनाया, कई दवाओं से जीएसटी हटाया और मेडिकल सीटों की संख्या बढ़ाई है। एम्स का विस्तार किया जा रहा है और आने वाले समय में एम्स के जरिए टेलीमेडिसिन और वीडियो के माध्यम से प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को मार्गदर्शन देने का कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। आईएमए की स्थापना के 100 साल पूरे होने पर शाह ने संगठन से आग्रह किया कि वह सस्ती, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के संदर्भ में अपने योगदान की दिशा पर पुनर्विचार करे।

कांग्रेस के स्थापना दिवस पर बोले खरगे

कांग्रेस का 140वां स्थापना दिवस

# सत्ता कम हो सकती है, पर रीढ़ सीधी है, धर्म के नाम पर कभी वोट नहीं मांगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के 140वें स्थापना दिवस के मौके पर पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भाजपा और मोदी सरकार पर जोरदार हमला बोला। दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में खरगे ने कहा कि जो लोग कहते हैं कांग्रेस खत्म हो गई है, उन्हें यह समझना चाहिए कि कांग्रेस की सत्ता कम हो सकती है, लेकिन उसकी रीढ़ आज भी सीधी है। कांग्रेस ने कभी सत्ता के लिए सौदेबाजी नहीं की और न ही संविधान, धर्मनिरपेक्षता और गरीबों के अधिकारों से समझौता किया। हम सत्ता में न हों, लेकिन सौदेबाजी नहीं करेंगे। कांग्रेस ने कभी धर्म के नाम पर वोट नहीं मांगा और न ही मंदिर-मस्जिद के नाम पर नफरत फैलाई।

### कांग्रेस जोड़ने का काम करती है

उन्होंने कहा कि कांग्रेस जोड़ने का काम करती है, जबकि भाजपा तोड़ने की राजनीति करती है। कांग्रेस ने हमेशा धर्म को



स्थापना दिवस पर खरगे

आस्था तक सीमित रखा, लेकिन कुछ लोगों ने धर्म को राजनीति का हथियार बना दिया। आज भाजपा के पास सत्ता है, लेकिन सच्चाई नहीं है। यही वजह है कि कभी आंकड़े छिपाए जाते हैं, कभी जनगणना रोकी जाती है और कभी संविधान बदलने की बातें की जाती हैं। मोदी सरकार ने कांग्रेस द्वारा बनाए गए संस्थानों को कमजोर किया है। राष्ट्रीय संपदा के साथ-साथ जल, जंगल और जमीन भी खतरे में है।

### ट्रांसपोर्ट मंत्री हूं... पेट्रोल-डीजल पर निर्भरता कम करेंगे

**नागपुर।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने पेट्रोल और डीजल के विकल्पों को



लेकर कहा कि वह ट्रांसपोर्ट मंत्री हैं और उन्होंने पेट्रोल-डीजल पर निर्भरता कम करने के लिए सख्त रुख अपनाया है। मैं ट्रांसपोर्ट मंत्री हूं। मैंने डंडा लगाया है। डीजल और पेट्रोल बंद करो वरना यूरो 6 के इमिशन नॉर्म्स लगाऊंगा। अब ट्रैक्टर कंपनियों ने फ्लेक्स इंजन तकनीक पर काम शुरू कर दिया है। इथेनॉल और सीएनजी वाले इंजन तैयार हो चुके हैं।

जमुई के पास मालगाड़ी के 17 डिब्बे पटरी से उतरे

जसीडीह-झाझा पर हादसा

# 13 घंटे से रेल परिचालन ठप, कई ट्रेनें रद्द तो 9 को किया गया डायवर्ट

एजेंसी ▶▶ जमुई

जिले के जसीडीह-झाझा मुख्य रेलखंड पर शनिवार रात करीब 11:40 बजे बड़ा रेल हादसा हो गया। आसनसोल की ओर से झाझा जा रही अपलाइन मालगाड़ी टेलवा बाजार हॉल्ट के पास बरुआ नदी पुल के समीप पटरी से उतर गई। इस दुर्घटना में मालगाड़ी के कुल 17 डिब्बे डिरेल हो गए। इनमें से 10 डिब्बे रेलवे ब्रिज पर ही पलट गए, जबकि 3 डिब्बे नीचे बरुआ नदी में जा गिरे। शेष डिब्बे ट्रैक के आसपास बिखर गए, जिससे पूरा रेलखंड अवरुद्ध हो गया। हादसे से करीब 30 मिनट पहले इसी ट्रैक से पूर्वांचल एक्सप्रेस गुजरी थी। यह ट्रेन गोरखपुर से कोलकाता जा रही थी।

### 3 डिब्बे बरुआ नदी में गिरे

हादसे के बाद जसीडीह-किऊल रेलखंड पर रेल परिचालन ठप हो गया। लाइनें 13 घंटे से अधिक समय से प्रभावित हैं। कई



यात्री और मालगाड़ियां जसीडीह, सिमुलतला सहित आसपास के स्टेशनों पर रोक दी गई। पटना से हावड़ा जाने वाला प्रमुख रेल रूट भी बाधित हो गया है। रेलवे ने सुरक्षा और परिचालन कारणों से कई ट्रेनों को रद्द और डायवर्ट किया है। मुजफ्फरपुर से हावड़ा जाने वाली 13020 बाघ एक्सप्रेस को 16 स्टेशनों पर कैंसिल कर दिया गया है, जबकि इसे बरौनी से ही डायवर्ट किया गया। 13019 बाघ एक्सप्रेस को अंडाल से किऊल के बीच रद्द कर दिया गया।

मणिकम ने अल-कायदा से की संघ की तुलना

भाजपा ने किया पलटवार

# वोट बैंक की राजनीति कर रही कांग्रेस, बांग्लादेश पर चुप्पी क्यों?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह की तरफ से पीएम नरेंद्र की तस्वीर साझा करना और आरएसएस संगठन की तारीफ को लेकर देशभर में चर्चा तेज है। ऐसे में जब कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोन ने आरएसएस पर नफरत फैलाने का आरोप लगाया और संघ की तुलना अल-कायदा से की, तब भाजपा के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अब वोट बैंक की राजनीति में इतनी उलझ गई है कि वह देशभक्ति और राष्ट्रीय संस्थाओं का



भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला

अपमान कर रही है। कांग्रेस ने पहले हिंदू, सनातन धर्म, सेना और भारत का अपमान किया और अब राष्ट्रीय सेवा में सैकड़ों साल काम करने वाली संस्था को भी आतंकवादी कहकर निशाना बना रही है। कांग्रेस बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ अत्याचारों पर कुछ नहीं बोलती।

### उनका बयान राष्ट्रभक्तों का अपमान

पूनावाला ने कहा कि बयान सभी राष्ट्रभक्तों के लिए अपमानजनक है। उन्हें देश के लिए समर्पित संस्थाओं का सम्मान करना चाहिए। मामला तब शुरू हुआ जब कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह की तरफ से आरएसएस की संगठनात्मक ताकत की तारीफ करने पर प्रतिक्रिया दी। कांग्रेस सांसद ने कहा था कि आरएसएस एक घृणा पर आधारित संगठन है, जो नफरत फैलाता है।

पश्चिमी विक्षोभ से पश्चिम से लेकर पूर्वोत्तर तक का मौसम बदला

# पहाड़ों पर भारी हिमपात, मैदान में कोहरे का कहर

## जनजीवन बुरी तरह प्रभावित, आवागमन हो रहा कठिन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से पश्चिम से लेकर पूर्वोत्तर तक हिमालयी क्षेत्रों में मौसम बदल गया है। कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड की चोटियों पर हिमपात हुआ है। वहीं, मैदान में कोहरे के कहर और शीत लहर ने जनजीवन बुरी तरह प्रभावित किया है। उत्तर प्रदेश के 18 समेत देश के विभिन्न राज्यों में 30 से अधिक जिलों में शनिवार सुबह कई जगह दृश्यता शून्य से 50 मीटर रही। इसका सीधा असर सड़क, रेल और हवाई यातायात पर पड़ा। कई ट्रेनें देरी से चलीं और उड़ानों पर भी असर पड़ा।

शीतलहर-बारिश का अलर्ट



दिल्ली में कोहरे से दृश्यता बहुत कम रही

### जलियांवाला बाग एक्सप्रेस सहित 6 ट्रेनें 3 मार्च तक रद्द

**चक्रधरपुर।** दक्षिण पूर्व रेलवे ने घने कोहरे का पूर्वानुमान को लेकर चक्रधरपुर रेल मंडल से गुजरने वाली लंबी दूरी की 6 ट्रेनों को दिसंबर 2025 से लेकर 3 मार्च 2026 तक रद करने की अधिसूचना पत्र जारी कर दिया है। मालूम रहे की टाटा अमृतसर जलियांवाला बाग एक्सप्रेस को रद तिथियों में चलाने को लेकर स्थानीय जन प्रतिनिधियों ने रेल मंत्री को पत्र लिखा है।

### 12 घंटे का सफर 25 घंटे में पूरा

कोहरे के कारण जहां सामान्य तौर पर पटना पहुंचने में 12 घंटे लगते हैं। वहीं यात्रियों को इस बार 25 घंटे का सफर करना पड़ा। सिर्फ संपूर्ण क्रांति ही नहीं, बल्कि कई प्रमुख ट्रेनें घंटों देरी से चलती रहीं।

### सड़क हादसे में 70 वर्षीय बुजुर्ग की मौत

**सीवान।** जिले में घने कोहरे का कहर जारी है। लकड़ी नबीगंज थाना क्षेत्र के माधोपुर गांव में शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 70 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। अज्ञात वाहन ने पैदल जा रहे बुजुर्ग को टक्कर मार दी। उत्तर प्रदेश में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। शीतलहर को देखते हुए बेसिक शिक्षा विभाग ने 15 दिन के शीतकालीन अवकाश दिया है।

**पाक का दावा:** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पाक पर 80 ड्रोन दागे

# पाकिस्तान के राष्ट्रपति जरदारी का कबूलनामा कहा-ऑपरेशन सिंदूर के चलते... हम सब बंकर में छिपने को हो गए थे मजबूर

*मिलिट्री सेक्रेटरी ने जरदारी को सुरक्षा के लिए बंकर में जाने की सलाह दी थी*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने मई की शुरुआत में 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) में मौजूद पहले आतंकी ढांचों और



फिर सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया। अब इस पूरे घटनाक्रम को लेकर पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी का बड़ा कबूलनामा सामने आया है। एक कार्यक्रम में बोलते हुए जरदारी ने स्वीकार किया कि भारत की कार्रवाई के दौरान पाकिस्तान के शीर्ष नेतृत्व में डर का माहौल था। उन्होंने बताया कि भारतीय हमलों के समय उनके मिलिट्री सेक्रेटरी ने उन्हें सुरक्षा के लिए बंकर में जाने की सलाह दी थी। जरदारी के मुताबिक, मेरे मिलिट्री सेक्रेटरी मेरे पास आए और कहा कि जंग शुरू हो गई है। उन्होंने मुझसे कहा कि हमें बंकर में चलना चाहिए। लेकिन मैंने मना कर दिया। हालांकि, इस बयान के जरिए यह साफ हो गया कि भारत की जवाबी कार्रवाई इतनी गंभीर थी कि पाकिस्तान के राष्ट्रपति तक को सुरक्षित ठिकाने में जाने की सलाह दी गई।

फिर भी... पाकिस्तान बहुत कुछ छिपा रहा है

## पाक विदेश मंत्री डार पर ढिल्लों का पलटवार, कहा- 400 की हुई थी मौत

**चंडीगढ़।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार के हालिया बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए भारत के लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) केजेएस ढिल्लों ने पाकिस्तान के दावों को सिरे से खारिज किया है। उन्होंने कहा कि इशाक डार आदतन झूठ बोलते हैं, लेकिन कई बार अनजाने में सच्चाई भी उजागर कर देते हैं। लेफ्टिनेंट जनरल ढिल्लों ने कहा कि पाकिस्तान यह दावा कर रहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने पाकिस्तान पर 80 ड्रोन दागे, जिनमें से 79 को उनकी सेना ने निष्क्रिय कर दिया और



केवल एक ड्रोन ने नूर खान एयरबेस पर गिरा था, जिससे मामूली नुकसान हुआ है। लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की अपनी मीडिया संस्था समा टीवी ने 14 अगस्त 2025 को यानी पाकिस्तान के स्वतंत्रता दिवस पर 138 ऐसे सैन्यकर्मियों की सूची प्रकाशित की थी जिन्हें ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय कार्रवाई के दौरान मारे जाने के बाद मरणोपरांत वीरता पुरस्कार दिए गए। ढिल्लों के मुताबिक यदि 138 लोगों को मरणोपरांत सम्मान दिया गया।

### *पाक के विदेश मंत्री बोले हमारा तो नूर खान एयरबेस ही ध्वस्त हो गया*

*पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने अब खुद कंफर्म किया है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत की स्ट्राइक में उनका नूरखान एयरबेस डेमेज हो गया है। नूरखान एयरबेस रावलपिंडी में है।*



*साल के आखिर में प्रेस कॉन्फ्रेंस में इशाक डार ने ऑपरेशन सिंदूर में हुए नुकसान को कबूल करते हुए कहा कि इस दौरान वहां तैनात जवान भी घायल हो गए थे। इशाक डार ने कहा, भारत ने थोड़े ही समय में बड़ी संख्या में ड्रोन पाकिस्तानी क्षेत्र में दागे। उन्होंने दावा किया कि कम से कम 80 ड्रोन 36 घंटों के भीतर सीमा पार कर गए।*

---

**खबर संक्षेप**

### अब कंफर्म टिकट की तारीख बदल सकेंगे

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे द्वारा घोषित नए नियमों के अनुसार, अब



ऑनलाइन टिकट बुकिंग के अनुभव में क्रांतिकारी बदलाव आने वाला है। सबसे बड़ा बदलाव टिकट रिशेड्यूलिंग को लेकर है। अब तक अगर आपको अपनी यात्रा की तारीख बदलनी होती थी, तो आपको पुराना टिकट कैंसिल करना पड़ता था और भारी कैंसिलेशन चार्ज देना होता था। लेकिन 1 जनवरी 2026 से आप बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के अपने कन्फर्म टिकट की तारीख ऑनलाइन बदल सकेंगे। हालांकि, यह सुविधा केवल उसी स्थिति में मिलेगी जब नई तारीख पर सीट खाली हो।

### दक्षिण अफ्रीका में इमारत गिरने से तीन की मौत

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग के पश्चिम में स्थित



सोवेटो उपनगर में रविवार तड़के दो मंजिला इमारत के ढहने से एक साल के बच्चे सहित तीन लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, इस घटना में तीन अन्य लोग घायल हो गए और उनका उपचार जारी है। उन्होंने बताया कि इमारत ढहने के समय उसके भीतर कुल छह लोग मौजूद थे, टीम ने मलबे के नीचे फंसे तीन घायलों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। प्रवक्ता जोलिले खुमालो ने कहा इस दुखद घटना में तीन लोगों की मौत हो गई।

---

ढाका पुलिस का दावा- हादी के हत्यारे मेघालय बॉर्डर के रास्ते भारत भागे

# भारतीय इंटेलिजेंस ने किया खारिज, कहा- भारतीय धरती पर उनकी मौजूदगी की कोई पुष्टि नहीं हुई

- भारत और अवामी लीग के मुखर आलोचक थे उस्मान हादी
- बांग्लादेश लगातार भारत के खिलाफ चला रहा है फेक न्यूज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*भारत-बांग्लादेश के बीच एक नया विवाद जन्म ले रहा है। दरअसल ढाका मेट्रोपोलिटन पुलिस ने दावा किया है कि बांग्लादेश के युवा नेता उस्माद हादी के हत्यारे सीमा पार करके भारत में घुस आए हैं और मेघालय पुलिस की गिरफ्त में हैं।*

*अब भारत के शीर्ष खुफिया अधिकारियों ने कहा है कि ऐसी किसी भी जानकारी की आधिकारिक पुष्टि उनके पास नहीं है। अधिकारियों के मुताबिक, अब तक ढाका को जो जानकारी दी गई है, वह सीमा पर गतिविधियों और मददगारों की निगरानी से जुड़ी है, न कि आरोपियों की गिरफ्तारी से। शीर्ष खुफिया अधिकारियों ने*



*कहा है कि शरीफ उस्मान हादी की हत्या के मुख्य दो आरोपियों के भारत में पकड़े जाने या भारतीय धरती पर उनकी मौजूदगी की कोई पुष्टि नहीं है। खुफिया एजेंसियों ने साफ किया कि ढाका पुलिस के साथ सहयोग जारी है, लेकिन इस समय मेघालय पुलिस की हिरासत में आरोपियों के होने के कोई सबूत नहीं मिले हैं। आंकलन के मुताबिक आरोपी हलुआघाट–दक्षिण गारो हिल्स इलाके के अनौपचारिक सीमा मार्गों से निकले हो सकते हैं, जिनका अक्सर तस्कर और अवैध प्रवासी इस्तेमाल करते हैं। सूत्रों ने बताया कि ढाका पुलिस ने मेघालय पुलिस से संपर्क जरूर किया है, लेकिन भारत की तरफ अब तक न तो कोई संदिग्ध गतिविधि पकड़ी गई है और न ही कोई गिरफ्तारी हुई है।*

### ढाका पुलिस ने कहा- आरोपियों के प्रत्यार्पण के लिए भारत से हो रही बात

*बांग्लादेश पुलिस का कहना है कि हादी के हत्यारे मेघालय के रास्ते से भारत में प्रवेश हुए हैं उनके वहीं होने की जानकारी सामने आ रही है*

*ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस (डीएमपी) का कहना है कि हत्या के मुख्य आरोपी- कथित शूटर फैसल करीम मसूद और उसका साथी आलमगीर शेख, हत्या के तुरंत बाद बांग्लादेश से भागकर भारत आ गए। रविवार को मीडिया ब्रीफिंग में डीएमपी के अतिरिक्त आयुक्त एस. एन. नजरुल इस्लाम ने बताया कि दोनों आरोपी मयमनसिंह के हलुआघाट सीमा क्षेत्र से होते हुए भारत के मेघालय में दाखिल हुए। उनके मुताबिक सीमा पार कराने के लिए पहले से तय नेटवर्क काम कर रहा था। बांग्लादेश की तरफ से मददगारों ने उन्हें सीमा तक पहुंचाया, जहां भारत की तरफ पूर्ति नाम के व्यक्ति ने उन्हें लिया। इसके बाद टैक्सी चालक सामी उन्हें मेघालय के तुरा में छोड़ा। डीएमपी का कहना है कि आरोपियों की गिरफ्तारी और प्रत्यर्पण के लिए भारत के साथ लगातार बातचीत चल रही है।*



ढाका पुलिस सच्चाई वाला कोई भी प्रमाण सामने नहीं रख पाई

### मेघालय पुलिस ने कहा- आरोपियों का कोई पता नहीं है, फिर बातचीत किस बात की?

*भारतीय अधिकारी बांग्लादेश के साथ सहयोग करने को तैयार हैं केवल सही जानकारी के आधार पर। फेक न्यूज के आधार पर नहीं*

*मेघालय पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि बांग्लादेश पुलिस से कोई औपचारिक या अनौपचारिक सूचना नहीं मिली है। गारो हिल्स क्षेत्र में आरोपियों का कोई पता नहीं चला और न ही कोई गिरफ्तारी हुई है। जब ऐसा कुछ है ही नहीं तो बातचीत किस बात की। हालांकि, मेघालय पुलिस ने सीमा की निगरानी बढ़ा दी है और इंटेलिजेंस से जुड़े सूत्रों को सक्रिय कर दिया है। भारतीय अधिकारी बांग्लादेश के साथ सहयोग करने को तैयार हैं, लेकिन केवल सही जानकारी के आधार पर। बीएसएफ के अधिकारियों ने कहना है कि यह फेक न्यूज से जुड़ा पहला मामला नहीं है। करीब दो हफ्ते पहले भी बांग्लादेशी मीडिया से एक रिपोर्ट आई थी, जिसमें दावा किया गया था कि बीएसएफ ने दो बांग्लादेशी घुसपैठियों को गोली मारी और उनकी मौत हो गई है। इस आरोप को भी भारतीय अधिकारियों ने जांच के बाद पूरी तरह खारिज कर दिया था।*



---

*न्यू ईयर- 2026 के जश्न पर हमले की आशंका*

## आतंकी हमले का खतरा, कई शहरों ने सेलिब्रेशन किए रद्द

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नव वर्ष 2026 का स्वागत करने की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। कई जगहों पर पर्यटक पहले से ही पहुंचने लगे हैं। लेकिन इस बीच कई प्रमुख शहरों में नव वर्ष की पूर्व संध्या पर होने वाले कार्यक्रमों को रद्द कर दिया गया है या सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। इसके पीछे का कारण आतंकी खतरों, हाल की हिंसक घटनाओं और बड़ी भीड़ से जुड़े जोखिमों सहित सार्वजनिक सुरक्षा की चिंताएं हैं।

रिपोर्ट्स के अनुसार, ये निर्णय एहतियाती हैं और इनका मकसद सामूहिक समारोहों से जुड़े खतरों को कम करना है। इस महीने की शुरुआत में अमेरिकी संघीय अधिकारियों ने लॉस एंजिल्स में नव वर्ष की पूर्व संध्या पर कथित बम विस्फोट की साजिश को नाकाम कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि मोजावे रेगिस्तान में हमले का पूर्वाभ्यास करते समय चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया था। लॉस एंजिल्स में बम धमाके की नाकाम साजिश ने चिंताएं और बढ़ा दी हैं। एफबीआई ने बताया कि संदिग्ध कई स्थानों पर तात्कालिक विस्फोटक उपकरणों से समन्वित हमले की योजना बना रहे थे।

प्रथम सहायक अमेरिकी अटॉर्नी बिल एस्सेली ने कहा कि जांचकर्ताओं ने साजिश को अंजाम देने से पहले ही हस्तक्षेप कर दिया। सभी संदिग्ध लॉस एंजिल्स क्षेत्र के निवासी हैं और उन पर आरोप लगाए गए हैं। लॉस एंजिल्स शहर के अधिकारियों ने समारोह रद्द नहीं किए, लेकिन सुरक्षा योजना की लगातार समीक्षा की जा रही है।



### पेरिस,सिडनी और टोक्यो में कॉन्सर्ट रद्द

*पेरिस में पुलिस के अनुरोध पर शहर के अधिकारियों ने चैंप्स-एलिसीज पर होने वाला नव वर्ष की पूर्व संध्या का संगीत कार्यक्रम रद्द कर दिया। इसके पीछे का कारण है भीड़ की अनिश्चित आवाजाही और भगदड़ का खतरा। आर्क डी ट्रायम्फ पर आतिशबाजी का कार्यक्रम जारी रहेगा, लेकिन लाइव प्रदर्शन के बजाय पहले से रिकॉर्डेड संगीत प्रसारित सिडनी में इस महीने की शुरुआत में बॉन्डी बीच पर हुए घातक आतंकवादी हमले के बाद बॉन्डी बीच पर नव वर्ष की पूर्व संध्या के कार्यक्रम रद्द कर दिए गए। वेवरली काउंसिल ने कहा कि यह निर्णय जमीनी स्थिति और जन सुरक्षा की चिंताओं के कारण लिया गया। आयोजकों ने इसे शहर के यहूदी समुदाय के साथ एकजुटता दिखाने के रूप में भी बताया। वहीं, टोक्यो में अधिकारियों ने भीड़भाड़ और संभावित हमलों के जोखिमों का हवाला देते हुए शिबुया नव वर्ष की पूर्व संध्या की उलटी गिनती रद्द कर दी। शिबुया वार्ड के मेयर केन हासेबे ने कहा कि अधिकारी भीड़ दुर्घटनाओं और अव्यवस्था को रोकने पर फोकस कर रहे हैं।*

---

आतंक के खिलाफ सरकार की बड़ी तैयारी

## सभी राज्यों में होगा एक जैसा आतंकवाद-विरोधी दस्ता: शाह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के आतंकवाद विरोधी सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता' नीति को दोहराया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यों को एक समान आतंकवाद विरोधी ढांचा शीघ्रता से लागू करने का निर्देश दिया।

गृह मंत्री ने राज्यों को भारत की आतंकवाद-विरोधी क्षमताओं को मजबूत करने के लिए एकसमान आतंकवाद-विरोधी दस्ते (एटीएस) संरचना को शीघ्रता से लागू करने का निर्देश दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया है कि पूरे देश में एक मजबूत, एकसमान और सुसंगत परिचालन क्षमता के बिना हम खुफिया जानकारी का उचित उपयोग और प्रभावी समन्वित जवाबी कार्रवाई सुनिश्चित नहीं कर सकते। गृह मंत्री ने पहलगाम और दिल्ली के लाल किले पर हुए दो आतंकी हमलों में विभिन्न एजेंसियों और राज्य पुलिस बलों की सफल कार्रवाई की सराहना की। उन्होंने कहा कि पहलगाम लक्षित हमले के मामले में इन एजेंसियों की गहन कार्रवाई ने देश को गौरवान्वित किया है।



एनआईए के सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री अमित शाह( मध्य में)

---

*मुलाकात से पहले ट्रंप ने पुतिन से की बात*

## यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की और ट्रंप ने बैठकर किया मंथन

एजेंसी ▶▶ फ्लोरिडा

रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष शुरू हुए चार साल होने वाले हैं। इस बीच दोनों पक्षों की ओर से शांति की सभी कोशिशें अब तक नाकाम रही हैं। अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के युद्ध को जल्द खत्म करने के दबाव और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की ओर से पीछे न हटने की चेतावनी के बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की कुछ दबाव में दिखने लगे हैं। इसका असर यह हुआ है कि जेलेंस्की अब रविवार को ट्रंप के साथ एक बार फिर संघर्ष रुकवाने के लिए शांति समझौते के प्रस्ताव के साथ चर्चा हुई है। दोनों राष्ट्राध्यक्षों के बीच नतीजा क्या निकला फिलहाल अधिकृत तौर पर सामने नहीं आया है। रूस-यूक्रेन में युद्ध को खत्म करने के लिए अमेरिकी मध्यस्थता के साथ शांति वार्ता हुई है। वहीं दूसरी ओर जमीन पर जबरदस्त युद्ध भी चल रहा है।



---

67,000 पाउंड मुआवजा देने का आदेश

## लंदन में भारतीय ने जीता केएफसी के खिलाफ नस्लीय भेदभाव का मुकदमा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ब्रिटेन के लंदन में केएफसी फ्रेंचाइजी आउटलेट में अपने मैनेजर पर गलत तरीके से बर्खास्तगी और नस्ली भेदभाव का आरोप लगाने वाले भारतीय ने न्यायाधिकरण में मुकदमा जीत लिया है। न्यायाधिकरण ने फैसले में 67,000 पाउंड का मुआवजा देने का आदेश दिया है।

तमिलनाडु के रहने वाले मधेश रविचंद्रन ने रोजगार न्यायाधिकरण की सुनवाई में कहा कि उनके श्रीलंकाई मूल के तमिल बास ने भेदभाव किया और उन्हें गुलाम जैसे शब्दों से संबोधित किया। न्यायाधीश पाल एबॉट ने नेक्सस फूड्स लिमिटेड के खिलाफ रविचंद्रन के गलत तरीके से बर्खास्तगी और नस्ली भेदभाव के दावे को सही ठहराया। फैसले में कहा गया, "हमने तथ्यों के आधार पर पाया है कि शिकायतकर्ता के साथ अनुचित व्यवहार किया गया उसकी छुट्टी का अनुरोध इसलिए अस्वीकार कर दिया गया क्योंकि वह भारतीय था और रेस्तरां प्रबंधक काजन श्रीलंकाई तमिल सहकर्मियों के अनुरोधों को प्राथमिकता देना चाहता था। उसने उसे गंदा और गुलाम कहा, जो स्पष्ट रूप से उसकी नस्ल के कारण अनुचित व्यवहार है।




जनवरी 2023 में रविचंद्रन ने वेस्ट विकहम स्थित केएफसी आउटलेट में काम शुरू किया। काजन को उन्हें सीधे रिपोर्ट करना था। कई महीनों तक समस्याओं का सामना करने के बाद जुलाई 2023 में मामला तब और बिगड़ गया।

---


*हैदराबाद में आरएसएस प्रमुख ने विश्व संघ शिविर सम्मेलन के समापन में कहा*

## विश्वगुरु बनना हमारी महत्वाकांक्षा नहीं, दुनिया की जरूरत: डॉ.भागवत

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने हिंदुओं से अपील की है कि वे हिंदू समाज और विश्व के कल्याण के लिए भारत को 'विश्वगुरु' बनाने की दिशा में कार्य करें।

हैदराबाद में आयोजित अंतरराष्ट्रीय हिंदू संगठनों के सम्मेलन 'विश्व संघ शिविर' के समापन समारोह में उन्होंने कहा कि हिंदुओं और स्वयंसेवकों को उदाहरण प्रस्तुत करके दिखाना होगा कि मानव बुद्धि को वैश्विक कल्याण की दिशा में कैसे लगाया जा सकता है। आरएसएस प्रमुख ने कहा कि 'विश्वगुरु' बनने के लिए संघ सहित विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर कड़ी मेहनत की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमें फिर से 'विश्वगुरु' बनने का कार्य करना होगा।



### *हिंदू राष्ट्र का उदय आवश्यक है*

*डॉ. भागवत ने लगभग 100 वर्ष पूर्व की घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि योगी अरविंद ने घोषणा की थी कि सनातन धर्म का पुनरुत्थान ईश्वर की इच्छा है और इसके लिए हिंदू राष्ट्र का उदय आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वह समय अब आ गया है। भागवत ने आगे कहा कि भारत, हिंदू राष्ट्र, सनातन धर्म और हिंदुत्व, ये सभी पर्यायवाची हैं। उन्होंने संकेत दिया कि यह प्रक्रिया शुरू हो चुकी है,और अब हमें इसे आगे बढ़ाना है।*

---

## उल्टा पड़ गया ट्रंप का टैरिफ वाला दांव, अब भुगत रहा अमेरिका

पिछले साल से दिवालिया होने वाली कंपनियों की संख्या बढ़ी

## अमेरिका में चौतरफा दिख रहा दिवालियापन 777 से ज्यादा कंपनियों की हालत हुई खस्ता

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का टैरिफ दांव उल्टा पड़ गया। ट्रंप के टैरिफ से हर सेक्टर में कंपनियां बंद होने के कगार पर पहुंच गईं हैं। दिवालियापन के लिए आवेदन करने वालों का आंकड़ा 2024 के बाद से लगातार बढ़ा है। 11 महीने में 14% ऐसे केस बढ़ गए हैं।

अमेरिका को चमकाने के नाम पर ट्रंप टैरिफ लगाकर रेवेन्यू बढ़ाने के कितने भी दावे अमेरिकी राष्ट्रपति करें लेकिन असलियत इससे कोसों दूर है। अमेरिका की कंपनियों पर इन टैरिफ का इतना बुरा असर पड़ा है कि 2025 में अब तक दिवालियापन के लिए आवेदन करने वाली कंपनियों का आंकड़ा पिछले साल की तुलना में करीब 14 प्रतिशत ज्यादा है। इसे 15 साल में सबसे ज्यादा बताया जा रहा है। महंगाई के कारण स्थिति और बिगड़ गई। राष्ट्रपति ट्रंप का रेवेन्यू जेनरेट करने का दावा उल्टा पड़ गया है और अमेरिकी राष्ट्रपति की चिंताएं बढ़ने लगी हैं। रिपोर्ट में दि वॉशिंगटन पोस्ट के हवाले से बताया गया कि ट्रंप का टैरिफ लगने के बाद से इस साल अमेरिकी कंपनियों के दिवालियापन के लिए आवेदन करने वालों का आंकड़ा बढ़ा है। अमेरिका में 15 साल पहले जो महामंदी आई थी, उस दौरान जो दिवालिया होने वाली कंपनियों की संख्या के बराबर इस साल 2025 में दिवालिया होने वाली कंपनियों के बराबर पहुंच गई हैं। आंकड़े बताते हैं कि चैप्टर 7 या चैप्टर 11 के तहत केवल जनवरी से नवंबर के बीच 717 कंपनियों ने दिवालियापन के लिए आवेदन किया। चैप्टर 11 के तहत कंपनी का परिचालन जारी रहता है, जबकि चैप्टर 7 के तहत कंपनी बंद होती है और संपत्तियां बिक जाती है।



रेवेन्यू बढ़ाने के ट्रंप के दावों की खुल गई पोल

### 70 हजार नौकरियां हो गईं खत्म

आयात पर निर्भर अमेरिकी कंपनियों पर ट्रंप के टैरिफ का ज्यादा बुरा असर पड़ा। दिवालियापन की कगार पर पहुंची कंपनियां ज्यादातर इंडस्ट्रियल सेक्टर से जुड़ी थीं। परिवहन, विनिर्माण और निर्माण कंपनियों पर टैरिफ का सबसे बुरा असर देखने को मिला। इसके अलावा अन्य सेक्टर्स को भी बढ़े टैरिफ के चलते बुरी तरह प्रभावित किया। मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में एक वर्ष की अवधि में 70,000 से अधिक जॉब भी खत्म हो गई।

## बिग बैश लीग : भारतीय मूल के वाडिया ने लगाई छक्कों की हैट्रिक

एजेंसी ⏭ एडिलेड



ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग में भारतीय मूल के खिलाड़ी ने धूम मचा दी। एडिलेड स्ट्राइकर्स की ओर से खेलते हुए जेरसिस वाडिया ने 16 गेंद में तीन छक्कों व एक चौके से 34 रन की आतिशी पारी खेली। यह 24 साल के इस खिलाड़ी का बीबीएल में दूसरा ही मैच था। जेरसिस वाडिया सातवें नंबर पर बल्लेबाजी को उतरे थे और उन्होंने पहली चार गेंदों पर छक्का, छक्का, छक्का और चौका लगाया। उनके ये शॉट्स जैक विल्डरमुथ की गेंदों पर आए। वाडिया ने जिस तरह से आगाज किया उससे लगा कि एडिलेड की टीम ब्रिस्बेन हीट से मिले 180 रन के लक्ष्य को हासिल कर लेगी लेकिन आखिर में सात रन दूर रह गई। जेरसिस वाडिया को एडिलेड ने एलेक्स कैरी के रिप्लेसमेंट के तौर पर चुना। यह विकेटकीपर बल्लेबाज एशेज सीरीज के चलते अभी बीबीएल से दूर है। वाडिया बाएं हाथ के बल्लेबाज और स्पिनर हैं। उनकी पैदाइश बडौदा की है। वे यहां पर अंडर 12 से लेकर अंडर 16 लेवल तक खेले। इसके बाद वे ऑस्ट्रेलिया चले गए। वहां पर अंडर 19 टीमों के लिए खेले थे। वहां कम से कम 12 अलग-अलग क्लब्स की ओर से खेले।

## आईएलटी20: एमआई एमिरेट्स की शीर्ष पर जगह पक्की, दुबई कैपिटल्स को 8 विकेट से हराया

एजेंसी ⏭ अबूधाबी



स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान कीरोन पोलार्ड की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की बदौलत एमआई एमिरेट्स ने दुबई कैपिटल्स पर 8 विकेट से आसान जीत हासिल करके आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में शीर्ष दो में अपनी जगह पक्की कर ली। एमआई एमिरेट्स के स्पिनरों ने अपना शानदार फॉर्म जारी रखा और कैपिटल्स को आठ विकेट पर 122 रन पर रोकने में अहम भूमिका निभाई। उसकी तरफ से कप्तान मोहम्मद नबी ने सर्वाधिक नाबाद 22 रन बनाए। एमआई एमिरेट्स के लिए अल्लाह ग़ज़नफ़र ने 28 रन देकर तीन विकेट लिए और शाकिब अल हसन ने चार ओवरों में 11 रन देकर एक विकेट लिया। पोलार्ड की 31 गेंदों में खेली गई नाबाद 44 रन की पारी से एमआई एमिरेट्स ने 16.4 ओवर में दो विकेट पर 126 रन बनाकर इस सत्र की अपनी लगातार पांचवीं जीत हासिल की। पोलार्ड ने अपनी पारी में एक चौका और पांच छक्के लगाए। एमआई एमिरेट्स की टीम अब 30 दिसंबर को क्वालीफायर एक में डेजर्ट वाइपर से भिड़ेगी।

## एसए20: सनराइजर्स ने पार्ल रॉयल्स को किया मात्र 49 रन पर ऑलआउट

एजेंसी ⏭ पार्ल



तेज गेंदबाज एनरिक नोर्किया की घातक गेंदबाजी की मदद से सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने पार्ल रॉयल्स को एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट के इतिहास में अब तक के सबसे कम स्कोर पर आउट करके 137 रन की बड़ी जीत के साथ बोनस अंक हासिल किया। नोर्किया ने तीन ओवर में 13 रन देकर चार विकेट लिए और 187 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहे रॉयल्स को 11.5 ओवर में केवल 49 रन पर आउट करने में अहम भूमिका निभाई। नोर्किया के अलावा एडम मिल्ने और तारिंडु रत्नायके ने दो-दो विकेट लिए। सनराइजर्स ने इससे पहले चार विकेट पर 186 रन बनाए थे। उसकी तरफ से जॉर्डन हरमन ने केवल 28 गेंदों में 62 रन (पांच चौके, चार छक्के) बनाए। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने डेलानो पोटगीटर के आखिरी ओवर में 22 रन बनाकर सनराइजर्स की पारी का शानदार अंत किया।

### खबर संक्षेप



#### पहले दिन 20 विकेट गिरने से सदमे में था: मुख्य क्यूरेटर

**मेलबर्न।** मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) के मुख्य क्यूरेटर मैथ्यू पेज ने स्वीकार किया कि ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच बॉक्सिंग डे (26 दिसंबर) टेस्ट के पहले दिन 20 विकेट गिरने के बाद वह 'सदमे की स्थिति में' थे और नीरस ड्रॉ से बचने के लिए तेज गेंदबाजों के अनुकूल पिच तैयार की गई। इस मैच में शुरू से लेकर आखिर तक विकेटों की झड़ी लगी रही और मैच दो दिन में समाप्त हो गया। इंग्लैंड ने इस मैच में ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराया। एशेज श्रृंखला के 2017 में खेले गए मैच के नीरस ड्रॉ के रूप में समाप्त होने बाद एमसीजी पिच में नई जान डालने के लिए नियुक्त क्यूरेटर पेज ने स्वीकार किया कि पिच पर 10 मिमी घास छोड़ना जरूरत से ज्यादा साबित हुआ।

#### पाकिस्तानी कबड्डी खिलाड़ी पर अनिश्चितकालीन प्रतिबंध



**कराची।** पाकिस्तान के अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी उबैदुल्लाह राजपूत पर इस महीने की शुरुआत में एक निजी टूर्नामेंट में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करने पर राष्ट्रीय महासंघ ने अनिश्चितकाल प्रतिबंध लगा दिया है। पाकिस्तान कबड्डी महासंघ (पीकेएफ) ने आपातकालीन बैठक के बाद राजपूत पर प्रतिबंध लगाया। उन्हें महासंघ या अन्य संबंधित अधिकारियों से अनिवार्य अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लिए बिना टूर्नामेंट में खेलने के लिए विदेश यात्रा करने का दोषी पाया गया। पीकेएफ के सचिव राणा सरवर ने कहा कि राजपूत को अनुशासनात्मक समिति के समक्ष अपील करने का अधिकार है। सरवर ने कहा कि महासंघ ने इस तथ्य पर गंभीरता से ध्यान दिया कि राजपूत न केवल बिना एनओसी के विदेश यात्रा पर गए, बल्कि उन्होंने भारत की एक टीम का प्रतिनिधित्व किया।

#### शादाब पाक टीम में शामिल बाबर और शाहीन बाहर

**लाहौर।** पाकिस्तान ने अगले महीने श्रीलंका में होने वाली टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए ऑलराउंडर शादाब खान को



अपनी टीम में शामिल किया है लेकिन इस श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया में बिग बैश लीग (बीबीएल) में खेल रहे बल्लेबाज बाबर आजम या तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी को वापस नहीं बुलाया है। शादाब 7 जनवरी से शुरू होने वाली तीन मैचों की श्रृंखला में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करेंगे। कंधे की सर्जरी के कारण इस साल जून से क्रिकेट से बाहर रहने के बाद उन्होंने इस महीने बीबीएल से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी की, जहां उन्होंने अपने अन्य हमवतन खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन किया। बाबर, शाहीन, हारिस रऊफ, हसन अली और मोहम्मद रिजवान अन्य पाकिस्तानी खिलाड़ी हैं, जो बीबीएल में खेल रहे हैं।

### श्रीलंका के खिलाफ 4-0 से हासिल की बढ़त, मंधाना ने पूरे किए 10 हजार रन

# स्मृति-शैफाली ने दिखाया दम, भारतीय महिला टीम ने 30 रन से जीता चौथा टी-20 मैच

एजेंसी ⏭ तिरुवनंतपुरम

भारत ने चौथे टी20 में श्रीलंका को 30 रन से हरा दिया। रविवार को तिरुवनंतपरम में खेले गए मुकाबले में श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की अर्धशतकीय पारियों की मदद से 20 ओवर में दो विकेट पर 221 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका की टीम निर्धारित ओवरों में छह विकेट पर 191 रन बना सकी। उनके लिए कप्तान चामरी अटापट्टू ने सर्वाधिक 52 रनों की पारी खेली। भारत के लिए अरुंधति रेड्डी और वैष्णवी शर्मा ने दो-दो विकेट लिए जबकि श्री चरणी ने एक सफलता हासिल की।



#### भारत ने हासिल की 4-0 से बढ़त

भारत ने इस जीत के साथ मौजूदा सीरीज में 4-0 से बढ़त हासिल कर ली है। यह श्रीलंका का टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले टीम ने दांबुला में मलयेशिया के खिलाफ चार विकेट पर 184 रन बनाए थे। इससे पहले भारतीय महिला टीम का टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछले साल 217/4 का स्कोर बनाया था।

#### श्रीलंका की पारी

222 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत अच्छी हुई। हसिनी परेरा और चामरी अटापट्टू के बीच पहले विकेट के लिए 59 रन की साझेदारी हुई, जिसे अरुंधति रेड्डी ने तोड़ा। उन्होंने परेरा को अपना शिकार बनाया। वह 33 रन बनाकर आउट हुईं। इसके बाद अटापट्टू 52 रन बनाकर पवेलियन लौटीं। भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के खिलाफ श्रीलंका के बल्लेबाज विकेट पर टिकने के लिए संघर्ष करते दिखे। इमेशा दुलानी ने 29, हर्षिता समरविक्रमा ने 20, कविषा दिलहारी ने 13, रष्मिका सेवंडी ने पांच रन बनाए। वहीं, निलक्षिका सिल्वा और कौशिनी ने क्रमशः 23 और पांच रन बनाए।

#### भारत की पारी

इससे पहले, स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा की तूफानी शतकीय साझेदारी के दम पर भारत ने श्रीलंका के सामने 222 रनों का विशाल लक्ष्य रखा। भारत के लिए मंधाना और शेफाली ने अर्धशतकीय पारियां खेलीं। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 162 रनों की साझेदारी हुई। शेफाली 79 रन बनाकर पवेलियन लौटीं जबकि मंधाना 80 रन बनाकर आउट हुईं। इसके अलावा ऋचा घोष 40 और कप्तान हरमनप्रीत कौर 16 रन बनाकर नाबाद रहीं। भारतीय महिला टीम ने चौथे टी20 मुकाबले में 20 ओवर में दो विकेट पर 221 रन बनाए हैं। यह भारतीय महिला टीम का टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे बड़ा स्कोर है। इससे पहले टीम ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछले साल 217/4 का स्कोर बनाया था।

#### स्मृति मंधाना 10 हजारी क्लब में हुईं शामिल, ऐसा करने वाली दुनिया की चौथी खिलाड़ी



स्मृति मंधाना ने श्रीलंका के खिलाफ चौथे महिला टी20 मैच में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 10,000 रन पूरे कर एक बड़ा कीर्तिमान रचा। वे यह उपलब्धि हासिल करने वाली चौथी महिला खिलाड़ी बन गई हैं। मंधाना के पास 2026 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी बनने का भी सुनहरा मौका है। उन्होंने रविवार, 28 दिसंबर को तिरुवनंतपुरम में श्रीलंका के खिलाफ खेले गए चौथे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 10,000 रन पूरे कर लिए। इस उपलब्धि तक पहुंचने वाली मंधाना दुनिया की चौथी खिलाड़ी बनीं। उनसे पहले यह कारनामा भारत की मिताली राज, न्यूज़ीलैंड की सूज़ी बेट्स और इंग्लैंड की शार्लट एडवर्ड्स कर चुकी हैं।

#### दोनों टीमों की प्लेइंग 11

**भारत:** शेफाली वर्मा, स्मृति मंधाना, हरलीन देओल, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), ऋचा घोष (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, वैष्णवी शर्मा, रेणुका सिंह ठाकुर, श्री चरणी।

**श्रीलंका:** हासिनी परेरा, चामरी अटापट्टू (कप्तान), हर्षिता समरविक्रमा, कविशा दिलहारी, इमेशा दुलानी, नीलाक्षिका सिल्वा, कौशानी नुथ्यांगना (विकेटकीपर), मालशा शेहानी, रश्मिका सेववंडी, काव्या कविंदी, निमशा मदुशानी।

### विश्व रैपिड शतरंज

## बेहतर स्थिति में गुकेश और एरिगैस, शीर्ष पर हम्पी



एजेंसी ⏭ दोहा

मौजूदा चैंपियन कोनेरू हम्पी ने अपने धैर्य और दृढ़ता का शानदार नमूना पेश करते हुए फिडे विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप के दूसरे दिन महिला वर्ग में संयुक्त बढ़त बनाए रखी, जबकि भारत के स्टार खिलाड़ी डी गुकेश और अर्जुन एरिगैसी भी ओपन वर्ग में मुकाबले में बने रहे। महिला वर्ग में अब जबकि तीन राउंड का खेल होना बाकी है तब हम्पी चीन की झू जिनर के साथ अधिकतम आठ अंकों में से 6.5 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। इन दोनों से पीछे छह अंकों के साथ 10 खिलाड़ी हैं, जिनमें भारत की द्रोणावल्ली हरिका भी शामिल हैं। ओपन वर्ग में 13 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं, जिसमें नौ राउंड के बाद क्लासिकल प्रारूप के विश्व चैंपियन गुकेश और एरिगैसी 6.5 अंकों के साथ खिताब की दौड़ में बने हुए हैं। यह भारतीय जोड़ी संयुक्त रूप से शीर्ष पर काबिज व्लादिस्लाव आर्टेमिएव और हैंस नीमन (प्रत्येक 7.5 अंक) से एक अंक पीछे है।

#### महिला वर्ग में कड़ी टक्कर

महिला वर्ग में कड़ी टक्कर देखने को मिली, जिसमें भारत की दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन हम्पी ने सारा खादेम को हराकर सातवें दौर के अंत में छह अंकों के साथ एकमात्र बढ़त हासिल की, जबकि आठ खिलाड़ी उनसे आधे अंक पीछे थे। रूस की ग्रैंडमास्टर गोरियाचकिना एलेक्जेंड्रा के खिलाफ आठवें दौर में ड्रॉ खेलने से भारतीय दिग्गज खिलाड़ी का स्कोर 6.5 हो गया, जबकि झू जिनर ने दिन के आखिरी दौर में भारत की महिला विश्व कप चैंपियन दिव्या देशमुख को हराकर हम्पी के साथ शीर्ष स्थान पर जगह बनाई।

#### आर्टेमिएव ने कार्लसन को हराकर बटोरीं सुर्खियां

ग्रैंडमास्टर अनीश गिरी और एलेक्सी सरना के खिलाफ दो ड्रॉ के साथ शुरुआत करने के बाद गुकेश ने स्पेन के डेविड एंटोन को हराया लेकिन उन्हें अगले दौर में नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से हार का सामना करना पड़ा। रूस के 27 वर्षीय ग्रैंडमास्टर आर्टेमिएव ने विश्व के नंबर एक खिलाड़ी और पांच बार के विश्व रैपिड चैंपियन मैग्नस कार्लसन और एरिगैसी को हराकर सुर्खियां बटोरीं। संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे आर्टेमिएव और नीमन के बाद चार खिलाड़ी कार्लसन, एलेक्सी सरना, यागिज एर्दोगमस और नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव उनसे आधे अंक पीछे हैं।



## महिला हॉकी के लिए नई उम्मीद लेकर आएगा नया साल : दीपिका

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए यह साल मैदान के भीतर और बाहर भले ही अच्छा नहीं रहा हो लेकिन हॉकी इंडिया लीग के जरिए पांच महीने बाद मैदान पर वापसी को तैयार ड्रैग फ्लिकर दीपिका सेहरावत का मानना है कि नए साल में चीजें अच्छे के लिए बदलेंगी। दीपिका ने स्वीकार किया कि बीते साल टीम अपेक्षा के अनुरुप प्रदर्शन नहीं कर पाई लेकिन यह भी कहा कि नया साल नयी उम्मीदें लेकर आएगा। उन्होंने कहा,' नए साल में नई चीजें शुरू होंगी तो काफी कुछ बदलेगा। अगला साल काफी अहम है, जिसमें विश्व कप के लिए क्वालीफाई करना सबसे पहली चुनौती है और 2026 में एशियाई खेल भी हैं।' दीपिका ने कहा,'हॉकी से दूर ये पांच महीने मेरे लिए बहुत कठिन थे। मुझे गुस्सा आता था और मैं रोती थी कि टीम से बाहर क्यो हूं क्योंकि एशिया कप के लिए मेरी तैयारी अच्छी थी। अब पूरी तरह फिट होकर वापसी कर रही हूं और अपनी ओर से कोई कसर नहीं छोड़नी है।' उन्होंने कहा,'हमें दिखाना है कि भारत की महिला हॉकी टीम भी किसी से कम नहीं है।

पंजाब के लिए विजय हजारे ट्रॉफी में हिस्सा लेंगे अभिषेक

## मुश्किल नेट पिच पर अभिषेक ने दिखाया जलवा, खूबसूरत ग्राउंड पर लगाए 45 छक्के

एजेंसी ⏭ जयपुर

पंजाब के कप्तान अभिषेक शर्मा अपने नेट सत्र के लगभग 10 मिनट बाद रुके और टीम के अपने साथी खिलाड़ी गौरव चौधरी की ओर मुड़े और एक सवाल पूछा, जिससे उनके इरादे और कल्पना का पता चलता है। उन्होंने पूछा, 'क्षेत्ररक्षण कैसा है।'

अभिषेक ने यह सवाल काल्पनिक क्षेत्ररक्षकों के बारे में पूछा। ऑफ स्पिनर चौधरी ने तुरंत जवाब दिया, 'मिड ऑफ पर एक रन बचाने के लिए रखा है।' अभिषेक ने बल्ला घुमाया और गेंद को मैदान से बाहर भेज दिया। दुनिया के नंबर एक टी20 बल्लेबाज ने एक घंटे अभ्यास किया और डिफेंस को कोई तवज्जो नहीं दी। उन्होंने जयपुर शहर की सीमा से थोड़ी दूर खेत की जमीन पर बने अनंतम ग्राउंड पर कम से कम 45 छक्के लगाए।



#### पिच पर अभिषेक ने चलवाया हल्का रोलर

यह एक विशेष बल्लेबाजी सत्र जैसा लग रहा था, जहां अभिषेक सिर्फ स्पिनरों का सामना करना चाहते थे। एक ऐसी पिच पर ऑफ स्पिनर, लेग स्पिन और बाएं हाथ की धीमी गेंदबाजी का सामना, जहां गेंद बार-बार रुककर आ रही थी और अगर गेंदबाज सही जगह पर गेंद डालते तो काफी टर्न मिल रहा था। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने मैदानकर्मियों को हल्का रोलर चलाने के लिए कहा लेकिन मुश्किलें कम नहीं हुई क्योंकि नेट गेंदबाजों की गेंदें लगातार परेशान कर रही थीं। गेंद को खेलने से चूकने और उछलते हुए देखने के बाद वह पिच पर आगे बढ़ते और अपने बल्ले से निशान पर टैप करते और फिर अपनी महारत दिखाते।

### यादें 2025: सेन, सात्विक, चिराग ने किया इस साल बेहतर प्रदर्शन

# युवा बैडमिंटन खिलाड़ियों की शानदार प्रगति, जगाई उम्मीद

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय बैडमिंटन के लिए वर्ष 2025 उतार चढ़ाव वाला रहा, जिसमें कई प्रमुख खिलाड़ियों को फॉर्म हासिल करने के लिए जूझना पड़ा, लेकिन लक्ष्य सेन का एक खिताब, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी का विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतना और युवा खिलाड़ियों की शानदार प्रगति ने उम्मीद की किरण भी जगाई। भारतीय खिलाड़ियों को इस वर्ष फिटनेस से जुड़ी समस्याओं से भी जूझना पड़ा, जिसका असर उनके प्रदर्शन पर भी पड़ा।

#### श्रीकांत ने दिखाई वापसी की झलक

किदाम्बी श्रीकांत ने इस सत्र में वापसी की झलक दिखाई लेकिन वह कोई ट्रॉफी नहीं जीत पाए। मलेशिया मास्टर्स और सैयद मोदी इंटरनेशनल में उपविजेता रहकर उन्होंने पुराने दिनों की याद दिलाई लेकिन लंबे समय से चले आ रहे खिताब के सूखे को खत्म नहीं कर सके। सैयद मोदी इंटरनेशनल टूर्नामेंट में गायत्री गोपीचंद और त्रीसा जॉली ने महिला युगल खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया।



#### सेन ने पहली बार जीता सुपर 500 का खिताब

इस सत्र में भारतीय खिलाड़ियों की सबसे महत्वपूर्ण व्यक्तिगत उपलब्धि सेन की ऑस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में खिताबी जीत रही। सेन ने 2023 में कनाडा ओपन के बाद पहली बार सुपर 500 खिताब जीता और पिछले साल दिसंबर में सैयद मोदी इंटरनेशनल सुपर 300 जीतने के बाद यह उनका पहला खिताब था। हांगकांग ओपन में वह उपविजेता रहे थे।

#### शेट्टी ने जीता अमेरिकी ओपन सुपर 300 का खिताब

भारतीय बैडमिंटन में वर्ष 2025 में सबसे उत्साहजनक संकेत युवा पीढ़ी से मिले। 20 वर्षीय आयुष शेट्टी ने अमेरिकी ओपन सुपर 300 जीता और बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर प्रतियोगिताओं में लगातार अपनी जीवंत उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने जापान के कोदाई नाराओका, पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू, चीनी ताइपे के चाउ टिएन चेन और कनाडा के ब्रायन यांग पर भी उल्लेखनीय जीत दर्ज की, जिससे उनकी शानदार प्रगति का पता चलता है।

सात्विक और चिराग ने सत्र की शुरुआत में चोट और बीमारी से जूझने के बावजूद भारत की प्रमुख युगल जोड़ी के रूप में अपनी स्थिति को फिर से स्थापित किया। इस जोड़ी ने पेरिस में विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता, हांगकांग ओपन और चीन मास्टर्स के फाइनल में जगह बनाई और बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर फाइनल्स के नॉकआउट चरण में पहुंचने वाली पहली भारतीय पुरुष युगल जोड़ी बनकर साल का सकारात्मक अंत किया।

#### सोलह वर्षीय तन्वी शर्मा ने खींचा ध्यान

सोलह वर्षीय तन्वी शर्मा ने विश्व जूनियर चैंपियनशिप में लड़कियों के एकल वर्ग में रजत पदक जीतकर सबका ध्यान अपनी तरफ खींचा। उन्होंने अमेरिकी ओपन के फाइनल में भी जगह बनाई थी तथा सैयद मोदी इंटरनेशनल में पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी नोजोमी ओकुहारा को हराकर इस सत्र की सबसे शानदार जीत में से एक हासिल की। तन्वी ने गुवाहाटी मास्टर्स में उपविजेता रहकर वर्ष का समापन किया। उन्नति हुडा ने विश्व जूनियर टीम चैंपियनशिप में भारत को कांस्य पदक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह ओडिशा मास्टर्स सुपर 100 का खिताब जीतकर विश्व रैंकिंग में 23वें स्थान पर पहुंच गईं।

#### सीनियर खिलाड़ियों के लिए निराशाजनक रहा साल

भारत के सीनियर खिलाड़ियों के लिए हालांकि वर्ष 2025 काफी हद तक निराशाजनक साबित हुआ। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू तीन बार क्वार्टर फाइनल तक पहुंचीं, लेकिन उन्हें छह बार पहले दौर में और चार बार दूसरे दौर में ही हार का सामना करना पड़ा। साल की शुरुआत में हैमस्ट्रिंग की समस्या ने उनके अभियान को बाधित किया, जिसके बाद पैर में चोट लगने के कारण उन्हें अक्टूबर के बाद सभी बीडब्ल्यूएफ प्रतियोगिताओं से नाम वापस लेना पड़ा। वर्ष 2023 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय के लिए यह सत्र और भी कठिन रहा। चोटों ने उनके प्रदर्शन को बुरी तरह प्रभावित किया।




ग्वालियर में कल से 4 जनवरी तक होगा मैच

## मंडीदीप की छात्रा प्रिया का राष्ट्रीय हॉकी में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप



नगर में स्थित विवेक जागृति विद्या मंदिर स्कूल की छात्रा कु. प्रिया का नेशनल स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता 2026 के लिए चयन हुआ है। इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के सभी संभागों की टीमों ने राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया था। उन सभी टीमों के खिलाड़ियों में से जिनका प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा, उनका चयन इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए वे 25 दिसंबर को ग्वालियर रवाना हो गई हैं। राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता ग्वालियर में ही 30 दिसंबर से 4 जनवरी तक आयोजित होगी।

### प्राचार्य-कोच ने दी शुभकामनाएं

राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन होना नगर के लिए अपने आप मे एक उपलब्धि है। खिलाड़ी की इस सफलता पर स्कूल प्राचार्य कपिल देव सिंह चौहान, प्रशांत कुमार, सहित विद्यालय के समस्त स्टॉफ मेम्बर, हॉकी कोच प्रह्लाद राठौड़, अभिषेक मिश्रा (विराट) ने खिलाड़ी को शुभकामनाएं दी हैं।

स्व. ठाकुर हुकुम सिंह स्मृति ग्रीन पैराडाइज कप क्रिकेट प्रतियोगिता

## निगम कमिश्नर इलेवन को हराकर डीजीपी एकादश बनी डिपार्टमेंटल वर्ग की चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्व. ठाकुर हुकुम सिंह स्मृति ग्रीन पैराडाइज कप क्रिकेट प्रतियोगिता का डिपार्टमेंटल वर्ग का फाइनल डीजीपी एकादश व नगर निगम कमिश्नर एकादश के बीच खेला गया। नगर निगम कमिश्नर एकादश ने निर्धारित ओवरों में 134/10 रन बनाए। इनमें अजय सिंह ने 40, रवि नरवारे ने 25, रणवीर वैद्य ने 21 और विजय पारोचे ने 12 रन बनाए। डीजीपी एकादश के अरुण सिंह ने 4, शुभम चौहान ने 3 और राहुल रावत ने 2 विकेट लिए। जवाब में डीजीपी एकादश ने 17.4 ओवरों मैं 138/7 रन बनाकर मैच को तीन विकेट से जीत कर ख़िताब अपने नाम किया। इनमें दिशांत खरे ने 30, गौरव सिंह भदौरिया ने 24, हिमांशु तिवारी ने 18 और नरेन्द्र रायकवार ने 17 रन बनाए। नगर निगम कमिश्नर एकादश के फहद खान ने 4, मुदस्सर आलम ने 2 और रणवीर वैध ने एक विकेट लिया। मैच मैं शानदार प्रदर्शन के लिए अरुण सिंह को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। पुरस्कार वितरण सचिव भोपाल संभाग क्रिकेट संघ शांति कुमार जैन, सह सचिव भोपाल संभाग क्रिकेट संघ संदीप डोंगर सिंह की अध्यक्षता में किया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में गुरेंद्र अग्निहोत्री, डी के जैन, राजेंद्र राव, अतुल खरे, अभिषेक, मोहम्मद शाहिद, अंकित शर्मा, स्वदेश सिंह कुशवाह, राकेश सिंह बिष्ट "बब्लू", विनय शुक्ला, नंद जीत सिंह, केडी गुप्ता आदि उपस्थित थे।



### ये रहे श्रेष्ठ

**मैन ऑफ द मैच फाइनल** -अरुण सिंह (डीजीपी एकादश)
**श्रेष्ठ बल्लेबाज़** -विजय पारोचे (नगर निगम कमिश्नर एकादश)
**श्रेष्ठ गेंदबाज़** - शुभम चौहान (डीजीपी एकादश)
**प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट**-हिमांशु तिवारी (डीजीपी एकादश )
श्रेष्ठ अनुशासित टीम-माखन लाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय भोपाल
**उप- विजेता** - नगर निगम कमिश्नर एकादश
**विजेता** - डीजीपी एकादश

परमानंद भाई पटेल अंडर- 22 बॉयज इंटर डिवीज़नल

## दूसरे दिन इंदौर डिवीजन ने ली भोपाल पर 172 रन की बढ़त

**भोपाल।** एमपीसीए द्वारा आयोजित परमानंद भाई पटेल (चार दिनी)अंडर- 22 बॉयज इंटर डिवीज़नल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल इंदौर के आर.बी.सी.एफ. मैदान पर भोपाल डिवीज़न और इंदौर डिवीजन के मध्य खेले जा रहे मैच के दूसरे दिन इंदौर ने कल के स्कोर 3/135 से आगे खेलते हुए 79.5 ओवर में 360 रन बनाकर ऑल आउट हो गई,जिसमें सारांश सुराना ने 101 रन बनाए और अंश यादव ने 62 रन बनाए । भोपाल से तन्मय पांडे ने 5,तनिष्क यादव ने 3 और अनिमेष ने 2 विकेट लिए ।इस तरह इंदौर ने 178 रन की बढ़त ले ली है। भोपाल ने अपनी दूसरी पारी में 33 ओवर में 4 विकेट पर 118 रन बना लिए हैं, जिसमें विकास शर्मा 38 रन और प्रारब्ध मिश्रा ने 30 रन बनाए । इंदौर से गेंदबाजी में अन्वेष चावला ने 3 विकेट लिए। कल तीसरे दिन का खेल खेला जाएगा

राष्ट्रीय बास्केटबॉल में रहे मप्र के प्रतिनिध

## आर्मी पब्लिक स्कूल के अमन प्रताप दिल्ली को हराकर बने नेशनल विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




जबलपुर में 23 से 28 दिसंबर तक आयोजित 69वीं राष्ट्रीय शालेय बास्केटबॉल प्रतियोगिता अंडर- 14 बालक वर्ग मैं मध्य प्रदेश ने फाइनल मैच में दिल्ली को 49-41 पॉइंट से पराजित कर नेशनल विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। इसके पहले सेमीफाइनल मैच में तमिलनाडु को 57-27 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था। मप्र को यह उपलब्धि 11 वर्ष बाद मिली है। आर्मी स्कूल के पीईटी विवेक गौर ने बताया कि अमन प्रताप भोपाल संभाग के एक मात्र खिलाड़ी थे, जिनका इस टीम में हुआ था। अमन इस वर्ष एथलीट में नेशनल फुटबॉल मे नेशनल कैंप एवं बास्केटबॉल के मध्य प्रदेश की टीम में चयनित हुए हैं। अमन आर्मी पब्लिक स्कूल बास्केटबॉल कोच आयुषी वर्मा के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इस उपलब्धि पर स्कूल प्राचार्य प्रियंका त्रिवेदी एवं उपप्राचार्य शिल्पी अग्निहोत्री ने अमन प्रताप व कोच को बधाई दी है।

## 68वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप में मप्र का ऐतिहासिक प्रदर्शन

सीनियर व जूनियर दोनों वर्गों में स्वर्ण पदक जीतकर बने राष्ट्रीय चैंपियन

## 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल सीनियर मेन में सूरज शर्मा ने जीता गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नई दिल्ली स्थित डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित 68वीं राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप (पिस्टल इवेंट्स) में मध्यप्रदेश के प्रतिभावान निशानेबाज़ सूरज शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता का आयोजन 11 दिसंबर से 4 जनवरी तक किया जा रहा है, जिसमें देशभर के श्रेष्ठ निशानेबाज़ सहभागिता कर रहे हैं। 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल सीनियर मेन स्पर्धा में मध्यप्रदेश के सूरज शर्मा ने 579 अंकों के साथ उत्कृष्ट निशानेबाज़ी का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस स्पर्धा में पंजाब के विजयवीर सिद्धू को रजत तथा राजस्थान के भावेश शेखावत को कांस्य पदक प्राप्त हुआ।




### जूनियर मेन वर्ग में भी सूरज का दबदबा

सीनियर वर्ग के साथ-साथ जूनियर मेन वर्ग में भी सूरज ने 579 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीतते हुए यह सिद्ध किया कि वे वर्तमान में 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा के सबसे मजबूत खिलाड़ी हैं। इस वर्ग में आंध्र प्रदेश के मुकेश नेलावली को रजत तथा हरियाणा के जतिन को कांस्य पदक मिला।

### टीम स्पर्धाओं में भी योगदान

25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल जूनियर मेन टीम स्पर्धा में सूरज शर्मा ने मध्यप्रदेश टीम का नेतृत्व करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सूरज शर्मा, साहिल चौधरी एवं हरिओम की मध्यप्रदेश टीम ने 1689 अंकों के साथ रजत पदक अर्जित किया। इसके अतिरिक्त, जूनियर मेन सिविलियन टीम स्पर्धा में भी मध्यप्रदेश की टीम ने रजत पदक जीतकर प्रदेश की मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई।

### राष्ट्रीय चैंपियन बन देश को किया गौरवान्वित

सूरज शर्मा ने 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा में सीनियर एवं जूनियर दोनों फाइनल मुकाबलों में स्वर्ण पदक जीतकर राष्ट्रीय चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया, जो मध्यप्रदेश के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

### मुख्य अतिथियों की उपस्थिति


प्रतियोगिता के दौरान डी.एस. चंदेल (सीआरओ 10मीटर) एवं अभिषेक वशिष्ठ (सीआरओ) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

### खेल मंत्री सारंग ने दी विशेष बधाई

सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सूरज शर्मा को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर विशेष रूप से बधाई देते हुए कहा कि सूरज की यह सफलता उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास का परिणाम है।

हमीदिया महाविद्यालय में संभागीय बाल बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन

## पुरुष वर्ग का खिताब बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय के नाम रहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस योजना के अंतर्गत हमीदिया महाविद्यालय में संभागीय बाल बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। 26 और 27 दिसंबर को आयोजित दो दिवसीय प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग के फाइनल में बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय (बीयू) ने वी न स कॉलेज से खिताब अपने नाम किया। इससे पहले सेमीफाइनल में वीनस और एमवीएम की टीमों के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें वीनस ने एमवीएम को 27- 18, 20-21 के अंतर से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं दूसरे फाइनल में बीयू और एसपीएम कॉलेज के खिलाड़ी के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें बीयू ने फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में बीयू भोपाल का सामना वीनस से हुआ, जिसमें बीयू ने तीन सेटों में किताब अपने नाम किया और वीनस कॉलेज उपविजेता रहा। प्रतियोगिता में एसपीएम का तीसरा और एमवीएम चौथे स्थान पर रहा। इस प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी आगामी ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी बॉल बैडमिंटन में प्रतिभागी बनेंगे।

### समापन समारोह में ये अतिथि रहे मौजूद

प्रतियोगिता के समापन समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रासेया अधिकारी डॉ. मनोज अग्निहोत्री, हमीदिया कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनिल शिवानी, आयोजन सचिव डॉ. वंदना श्रीवास्तव, खेल अधिकारी डॉ. रचना तैलंग, डॉ. निवेदिता मुखर्जी, देवस्थान, नैना रघुवंशी, जयंत सूर्यवंशी, आनंद बंजारी, डॉ. सोना शुक्ला, डॉ. कुंदन रारैय्या बैडमिंटन संघ मध्य प्रदेश टेक्निकल कमेटी से हरिओम पाटीदार, नीलिमा पाटिल, कनक शर्मा, श्रेयांश विश्वकर्मा, ध्रुव निर्माण बॉल बैडमिंटन संघ मध्य प्रदेश के महासचिव नौशाद अली उपस्थित रहे।

भोपाल

### मोहन के नेतृत्व पर कामयाबी की मुहर लगा गए शाह

'अभ्युदय मप्र ग्रोथ समिट' में अमित शाह की तीन बातों को सूत्र वाक्य मान लिया जाए तो पता चलता है कि डॉ. यादव ने दो साल में खुद को स्थापित ही नहीं किया, बल्कि वे सफलतम मुख्यमंत्रियों की श्रेणी में शुमार हो गए हैं। शाह ने मोहन की तुलना लगभग 17 साल तक मुख्यमंत्री रहे शिवराज सिंह चौहान से की। उन्होंने मोहन को ऊर्जावान मुख्यमंत्री बता दिया। शाह ने यह भी कहा कि मोहन ठीक उसी तर्ज पर काम कर रहे हैं, जिस तर्ज पर नरेंद्र मोदी गुजरात का मुख्यमंत्री रहते कर रहे थे। उन्होंने मोहन के 'रीजनल इन्वेस्टर्स समिट' को मोदी की मंशा के अनुरूप बताते हुए इसकी जम कर तारीफ की और कहा कि इस कॉन्सेप्ट को देश के दूसरे राज्यों में भी लागू किया जाएगा। शाह निवेशकों को गारंटी भी दे गए कि मप्र में रुपया लगाइए और करोड़ों कमाइए।

### 'महाराज' भाजपा में अब भी 'राजा साहब'

कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में आए ग्वालियर रियासत के ज्योतिरादित्य सिंधिया 'महाराज' नहीं रहे, 'भाई साहब' हो गए हैं। भाजपा के नेता उन्हें इस नाम से ही बुलाने लगे थे, लेकिन ग्वालियर में अमित शाह ने अपने संबोधन के प्रारंभ में ज्योतिरादित्य को 'राजा साहब' बोल कर सभी को हैरत में डाल दिया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने 'राजा साहब' कहने पर जम कर तालियां बजाईं। शाह पहले भी ग्वालियर दौरे के दौरान सिंधिया के महल में जाकर आतिथ्य स्वीकार कर गए थे और संदेश दे गए थे कि भाजपा ने सिंधिया को पूरी तरह से आत्मसात कर लिया है।

### दिग्विजय फिर कर गए कांग्रेस के लिए सेल्फ गोल

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह इस बार शशि थरूर की तर्ज पर कांग्रेस को निबटाते और सेल्फ गोल करते नजर आए। उनके ताजा दो बयान और दोनों राहुल-प्रियंका की लाइन से हट कर। पहला, उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या को भारत में मुस्लिमों के साथ होने वाले अन्याय से जोड़ दिया, जबकि लोकसभा में प्रियंका गांधी ने बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या पर भाजपा की केंद्र सरकार को घेरा था और कहा था कि भारत को मजबूती से अपना विरोध दर्ज कराना

सियासतनामा



चाहिए। दूसरा, लालकृष्ण आडवाणी के पास जमीन पर बैठे नरेंद्र मोदी की फोटो पोस्ट कर एक्स पर लिख दिया कि -यह संगठन की शक्ति है। जय सिया राम। इसे लेकर दिग्विजय अपनी ही पार्टी के निशाने पर आ गए।

### रील के चक्कर में पड़ी मंत्री प्रतिमा को फटकार

राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी की राजनीतिक गृह दशा कुछ ज्यादा खराब चल रही है। पहले वे अपने भाई के गांजा तस्करी में पकड़े जाने के कारण मुसीबत में घिरीं और अब एक रील के चक्कर में संगठन-सरकार के कोप का भाजन बन गईं। उन्होंने सतना जिले के एक मार्ग का निरीक्षण करते हुए अपने पैर से गिट्टी-डामर हटाते हुए गुणवत्ताहीन काम का आरोप लगाया था, जिसका वीडियो वायरल हो गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव नाराज हो गए। क्योंकि, इस मार्ग को लेकर पहले ही नोटिस जारी किया जा चुका था। उन्होंने प्रतिमा को मिलने के लिए बुलाया और कहा कि मंत्री होते हुए विपक्ष की तरह आचरण न करें।

### कलेक्टर बोले-नहीं देखा दतिया जैसा माहौल

दतिया के कलेक्टर स्वप्निल वानखेड़े चर्चा में हैं। जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों ने पटवारी शैलेंद्र शर्मा पर नेताओं के दबाव में काम करने की शिकायत की थी। इस पर कलेक्टर ने पटवारी को तत्काल निलंबित कर दिया और कहा था कि ऐसे पटवारी नहीं चाहिए जो जनता की बजाए नेताओं के लिए काम करें। निलंबन से नाराज पटवारी संघ के नेता और दर्जनों पटवारी कलेक्ट्रेट पहुंचे। कलेक्टर ने उन्हें जमकर लताड़ लगाई और कहा कि तीन-चार लोग आकर बात कर सकते थे। क्या भीड़ दिखा कर मुझ पर दबाव बनाना चाहते हो? उन्होंने यह भी कहा कि मैं कई जिलों में रहा, लेकिन दतिया जैसा माहौल कहीं नहीं देखा, जहां राजनीति इतनी हावी हो।

दिनेश निगम 'त्यागी'

## मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री की मन की बात का किया श्रवण

**पीएम मोदी ने देश के नागरिकों से बिना चिकित्सकीय परामर्श के एंटीबायोटिक दवाएं न लेने का आह्वान**

हरिभूमि न्यूज. भोपाल




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रसिद्ध कार्यक्रम मन की बात के 129 वें संस्करण को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को इंदौर जिले के शिप्रा में श्रवण किया। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 2025 में अंतरिक्ष यात्री सुभांशु शुक्ला की सफल वापसी, भारत द्वारा सिन्दूर ऑपरेशन, पुरूष और महिला क्रिकेट टीम द्वारा खिताबी जीत तथा दिव्यांग महिला क्रिकेट टीम का चैम्पियन बनना प्रमुख घटनाएं रही।

प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि अगले वर्ष 26 जनवरी 2026 को भारत अपना 77 वां गणतंत्र दिवस मनाएंगा। हम अपनी विरासत को नहीं भूले। उन्होंने आगे कहा कि देश के नागरिक बिना चिकित्सकीय सलाह के एन्टिबॉयोटिक दवाइयों का सेवन न करें। शासकीय स्वास्थ्य केन्द्र शिप्रा में आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, वरिष्ठ विधायक हेमंत खंडेलवाल, सांसद शंकर लालवानी, हितानंद शर्मा, रायसिंह सेंधव, श्रवण चावड़ा, सुमित मिश्र, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, कलेक्टर शिवम वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन सहित नागरिक मौजूद रहे।

## सीएम ने ग्राम सुजापुर में पूर्व सांसद स्व. पांडेय की प्रतिमा का किया अनावरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को रतलाम जिले के जावरा विधानसभा क्षेत्र के गांव सुजापुर में जावरा विधायक राजेंद्र पांडेय एवं उनके परिवार की ओर से विकसित किए गए स्मृति कुंज में स्थापित मालवा के गांधी के नाम से सुविख्यात जावरा मंदसौर नीमच क्षेत्र के पूर्व सांसद स्व. लक्ष्मी नारायण पांडेय की प्रतिमा का अनावरण किया।

जावरा विधायक पांडेय ने मुख्यमंत्री एवं सभी अतिथियों को साफा पहनाकर स्वागत किया। इस कार्यक्रम में मप्र विधानसभा के अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, मंदसौर जावरा नीमच सांसद सुधीर गुप्ता राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, हितानंद शर्मा, विधायक राजेंद्र पांडे, जावद विधायक ओमप्रकाश सखलेचा, नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार, मनासा विधायक अनिरुद्ध मारू, सुवासरा विधायक एवं पूर्व मंत्री हरदीप सिंह डंग, रतलाम ग्रामीण क्षेत्र के विधायक मथुरा लाल डामोर, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया सहित जनप्रतिनिधि गण, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्रामीण जन उपस्थित थे।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930